राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 19
लखनऊ, बुधवार 17 सितंबर, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





दिव्यांगों व पिछड़ों के लिए नई योजनाएं बनाएगा यूपी : नरेन्द्र कश्यप 03

सीएचसी में दोपहर तक नहीं पहुंचे चिकित्सक, कई मरीज मायूस लौटे 10


# देहरादून में बरपा अतिवृष्टि का कहर, 13 की मौत

## टोंस नदी में पानी का बहाव तेज होने से मजदूरों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली नदी में बही, घरों, दुकानों व मंदिरों में 5-6 फीट तक भरा पानी

**▸ एनडीआरएफ एसडीआरएफ व स्थानीय प्रशासन की टीमें राहत व बचाव कार्य में जुटी**

समृद्धि न्यूज

**देहरादून।** उत्तराखंड के देहरादून में मंगलवार सुबह 5 बजे बादल फटा। इससे तमसा, कारलीगाड़, टोंस और सहस्त्रधारा नदी में जलस्तर बढ़ गया। सहस्त्रधारा समेत आसपास के कई इलाकों के घरों, दुकानों और मंदिरों में 5-6 फीट तक पानी भर गया। कई सड़कें भी बह गईं। विकास नगर में टोंस नदी में पानी का बहाव अचानक तेज होने से मजदूरों से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली नदी में बह गई। इसमें 8 लोगों की मौत हो गई और 4 लोग लापता हैं। वहीं, मालदेवता में सोंग नदी में 5 लोग बह गए, जिसमें से 4 के शव मिल गए हैं जबकि एक लापता है।

तमसा नदी के किनारे बने टपकेश्वर महादेव मंदिर में पानी भर गया। यहां



मौजूद दुकानें बह गईं। 2 लोग लापता हैं। सहस्त्रधारा में 5 लोगों को बचाया गया। एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और स्थानीय प्रशासन की टीमें राहत और बचाव कार्य में जुटी हैं।

उत्तराखंड के देहरादून जिले में एक बार अतिवृष्टि ने कहर बरपाया है। सहस्त्रधारा के पास कार्लीगार्ड व मण्झारा गांव के बीच बाढ़ और बारिश जनित घटनाओं में 13 लोगों की मौत हो गई है जबकि 16 से अधिक लोग अभी लापता बताए जा रहे हैं। लापता लोगों की खोज के लिए युद्धस्तर पर बचाव अभियान चलाया जा रहा है। इस आपदा से काफी नुकसान हुआ है। इस बीच मुख्यमंत्री ने राहत एवं बचाव कार्य में और तेजी लाने और प्रभावितों को हरसंभव मदद पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। बताया गया कि सहस्त्रधारा से 3 किमी आगे कार्लीगार्ड व मण्झारा गांव के बीच गाढ़, जो सहस्त्रधारा नदी में मिलती है, में अचानक बाढ़ के साथ मलबा आ जाने से लगभग 2-3 मकान व कुछ रिसोर्टस दब गए हैं। यहां दो से तीन लोग के मलबे में दबे होने की संभावना है। राहत एवं बचाव टीमें लगातार रेस्क्यू में लगी हैं। दोपहर में झड़ीपानी में एक मकान के ऊपर मलबा आने एक व्यक्ति के मौत हो गई और एक घायल हो गया। इसके अलावा डीआईटी कॉलेज, राजपुर रोड केनिकट मसूरी डायवर्जन के पास पानी में बहे छात्र का शव बरामद कर लिया गया है। देहरादून की भगत सिंह कॉलोनी में भी एक व्यक्ति की पानी की तेज प्रवाह में बह गया। राजपुर शिखर फॉल के पास भी दो व्यक्तियों की बहने व टपकेश्वर में एक व्यक्ति की बहने खबर है। इसके अलावा तहसील-कालसी के अंतर्गत स्थान जजरेट के पास पहाड़ी से पत्थर गिरने एक व्यक्ति की मौत हुई है। कैनाल रोड काठबंगला मे नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण एक मकान बह गया है। यहं कई मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। प्रशासन ने तुरंत यहां के घरों से लोगों को निकाल कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया दिया है। अब नदी का जलस्तर कम हो रहा है। इसके अलावा कई लोग नदी नालों का प्रवाह बढ़ने से फंस गए थे, जिन्हें सुरक्षित बचा लिया गया है।

### सरकारी व निजी परिसंपत्तियों का भी भारी नुकसान

जिला आपदा परिचालन केंद्र के अनुसार देहरादून में अतिवृष्टि के कारण 13 लोगों की मौत हुई है। इसके अलावा तीन व्यक्ति घायल हैं और 16 लोग लापता हैं। इसके अलावा कई सरकारी एवं निजी परिसंपत्तियों का भी भारी नुकसान हुआ है। इनमें देहरादून जनपद के सभी विकासखंडो में 13 पुल, 10 पुलिया, दो मकान, 31 दीवार, दो अमृत सरोवर, 12 खेत, 12 नहर, 21 सड़कें, सात पेयजल योजना, आठ हॉज और 24 पुस्ता आदि परिसंपत्तियों का भारी नुकसान हुआ है। जिलाधिकार सविन बंसल ने देहरादून शहर के मालदेवता, सहस्त्रधारा, मजयाडा, कार्लीगाड आदि आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर मौजूदा स्थिति और क्षति का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने पीड़ित परिवारों से भेंट कर उन्हें हरसंभव मदद पहुंचाने का भरोसा दिया। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह और सीडीओ अभिनव शाह भी उनके साथ मौजूद रहे।

### महाराष्ट्र के भी कई जिलों में मूसलाधार बारिश

**नौसेना की मदद से 51 लोग बचाए गए**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के कई जिलों में खासकर मराठावाड़ा में पिछले चार दिनों से लगातार हो रही भारी बारिश से नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ गया है। बारिश का पानी लोगों के घरों में घुस जाने से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। बीड़ जिले में नदी किनारे रहने वाले 51 लोगों को नौसेना की मदद से सुरक्षित स्थल पर पहुंचाया है। इसे देखते हुए राज्य के आपदा प्रबंधन विभाग ने मंगलवार को बारिश प्रभावित जिलों को अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश जारी किया है।महाराष्ट्र आपदा प्रबंधन विभाग के सूत्रों ने आज पत्रकारों को बताया कि पिछले चार दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश से नेबीड़ जिले में लोगों का जीना दूभर कर दिया है। साथ ही फसलें लगभग बर्बाद हो गई हैं । बारिश से कांबली और कडी नदियाँ कई इलाकों में बाढ़ ला रही हैं और बड़े इलाके जलमग्न हो गए हैं।

### हिमाचल में बारिश का कहर, मंडी और शिमला में तबाही

**तीन नेशनल हाईवे व 652 सड़कें बंद**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मॉनसून अपने आखिरी पड़ाव पर भी तबाही मचा रहा है। सोमवार की रात हुई मूसलाधार बारिश ने मंडी और शिमला जिलों में भारी कहर बरपाया। कई जगहों पर नदी-नाले उफान पर आ गए, सड़कों पर भूस्खलन हुआ और घर मलबे में दब गए। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार इस व्यापक बारिश से तीन नेशनल हाईवे और 652 सड़कें बंद हो गई हैं। मौसम विभाग ने अगले 24 घण्टों में यानी बुधवार को छह जिलों में भारी वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया है। मंडी जिले के धर्मपुर में बीती रात सोन खड्ड और समीपवर्ती नाले अचानक उफान पर आ गए। खड्ड का जलस्तर देखते ही देखते इतना बढ़ा कि धर्मपुर बस अड्डा पूरी तरह पानी में डूब गया। खड्ड का रौद्र रूप इतना भयावह था कि बस अड्डे में खड़ी कई बसें और वाहन बह गए।



-: सर्राफा बाजार भाव :-

| | | |
|---|---|---|
| सोना | | प्रति 10 ग्राम |
| 24 कैरेट | = | 1,12,080/ |
| 22 कैरेट | = | 10,2750/ |
| 18 कैरेट | = | 84,090/ |
| चांदी | | प्रति किलो |
| | = | 1,34,000/ |

## संक्षिप्त समाचार

### पीएम आज करेंगे देश के पहले पीएम मित्रा पार्क का शिलान्यास

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार 17 सितम्बर को अपने जन्मदिन के अवसर पर मध्य प्रदेश के एक दिवस प्रवास पर आ रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी यहां धार जिले के ग्राम भैंसोला में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार एवं पोषण अभियान और आदि सेवा पर्व, का शुभारंभ करेंगे। साथ ही देश के पहले पीएम मित्रा पार्क का शिलान्यास करेंगे। इस अवसर पर मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी मौजूद रहेंगे। जनसम्पर्क अधिकारी पंकज मित्तल ने मंगलवार को बताया कि महिलाओं, किशोरियों और बच्चों के लिए स्वास्थ्य और पोषण सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में यह अभियान ऐतिहासिक कदम है।

### सपा विधायक जाहिद बेग की बीवी को अंतरिम राहत

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने भदोही से सपा विधायक जाहिद बेग की बीवी सीमा बेग को अंतरिम राहत प्रदान की है। कोर्ट ने उनके घर में नाबालिग नौकरानी की आत्महत्या को लेकर ट्रायल कोर्ट में चल रहे मुकदमे की कार्यवाही पर रोक लगाते हुए राज्य सरकार से जवाब मांगा है। साथ ही अगली सुनवाई के लिए 28 अक्टूबर की तारीख लगाई है। यह आदेश न्यायमूर्ति समीर जैन ने सीमा बेग की याचिका पर दिया है। भदोही के कोतवाली थानाक्षेत्र स्थित विधायक के घर में नौ सितम्बर 2024 को नाबालिग नौकरानी मृत पाई गई थी।

### छठ पर्व को यूनेस्को की सूची में शामिल करने की पहल

**नई दिल्ली।** लोक आस्था के महापर्व छठ को यूनेस्को की विरासत सूची में शामिल करने की पहल शुरू हो गई है। केंद्र सरकार 'छठ महापर्व' को यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर की सूची में शामिल करने का प्रस्ताव जल्द ही रख सकती है। संस्कृति मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि यह प्रस्ताव साल 2026-27 के नामांकन में शामिल हो सकता है।

### पीएम मोदी को मिले उपहारों की ई-नीलामी आज से

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उपहार में मिले स्मृति चिन्हों की ई-नीलामी बुधवार से शुरू हो रही है। ई नीलामी के सातवें संस्करण में प्रधानमंत्री को मिले 1300 से ज़्यादा उपहारों को लोग खरीद सकेंगे। यह ई नीलामी 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक जारी रहेगी। लोग पीएममोमेंटोज नामक वेबसाइट में जाकर इन उपहारों के लिए बोली लगा सकते हैं। मंगलवार को राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय (एनजीएमए) में आयोजित प्रेसवार्ता में संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मिले 1300 से ज्यादा उपहारों की 17 सितंबर 2025 से ऑनलाइन नीलामी की जाएगी। नीलाम की जाने वाली वस्तुओं में पेंटिंग, कलाकृतियां, मूर्तियां, देवी-देवताओं की मूर्तियां और कुछ खेल सामग्री शामिल हैं।

## टीईटी की अनिवार्यता को लेकर योगी सरकार जाएगी सुप्रीम कोर्ट

**▸ रिवीजन याचिका दायर करे बेसिक शिक्षा विभाग : सीएम योगी**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने शिक्षकों के लिए टीईटी यानि टीचर्स एलिजिबिलिटी टेस्ट की अनिवार्यता को लेकर बड़ा कदम उठाया है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने बेसिक शिक्षा विभाग को सुप्रीम कोर्ट के हालिया आदेश पर रिवीजन याचिका दाखिल करने का निर्देश दिया है। यह फैसला प्रदेश के लाखों शिक्षकों के लिए राहत की खबर हो सकती है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि यूपी के शिक्षक अनुभव और योग्यता में किसी से कम नहीं हैं। समय-समय पर सरकार द्वारा उन्हें प्रशिक्षण भी दिया जाता है। उनके अनुभव और सेवा के वर्षों को नजरअंदाज करना ठीक नहीं है। योगी सरकार का कदम शिक्षकों के हित में उठाया गया है ताकि उनकी नौकरी और प्रमोशन की राह आसान हो सके। सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक फैसले में कहा था कि टीईटी पास करना सभी नए शिक्षकों के लिए अनिवार्य होगा। जो शिक्षक पहले से नौकरी कर रहे हैं और प्रमोशन की चाहत रखते हैं, उन्हें भी टीईटी पास करना होगा। कोर्ट ने साफ कर दिया कि बिना टीईटी पास किए न तो नई नौकरी मिलेगी और न ही प्रमोशन का रास्ता खुलेगा। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस दीपांकर दत्ता व जस्टिस मनमोहन की बेंच ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन शिक्षकों की नौकरी में 5 साल से कम समय बचा है, उन्हें टीईटी पास करने की जरूरत नहीं होगी।

### यतीमखाना केस में आजम खान की याचिका पर सुनवाई नौ अक्टूबर को

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 2016 के यतीमखाना बेदखली प्रकरण में सपा नेता मोहम्मद आजम खान की याचिका पर सुनवाई के लिए नौ अक्टूबर की तारीख लगाई है। यह आदेश न्यायमूर्ति समीर जैन ने सह अभियुक्तों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एसएफए नक़वी, अधिवक्ता सैयद अहमद फैज़ान, आजम खान व उनके सहयोगी वीरेन्द्र गोयल की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एनआई जाफरी, अधिवक्ता शाश्वत आनंद व शशांक तिवारी को सुनकर दिया है। याचिका में ट्रायल कोर्ट के गत 30 मई के आदेश को चुनौती दी गई है। उस आदेश में अभियोजन साक्षियों विशेषकर सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड के चेयरमैन जफर अहमद फारूकी को दोबारा बुलाने और घटनास्थल की वीडियोग्राफी को रिकॉर्ड में लाने की मांग खारिज कर दी गई थी।

## यूपी में 16 आईएएस अफसरों के ट्रांसफर

**▸ रोशन जैकब की जगह लखनऊ मंडल की कमान अब विजय विश्वास पंत को**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शासन ने मंगलवार को प्रशासनिक फेरबदल किया। शासन ने 16 वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। इसमें लखनऊ, प्रयागराज, बरेली समेत कई मंडलों के मंडलायुक्त शामिल हैं।

लखनऊ मंडल की कमान विजय विश्वास पन्त को दी गई है। अब तक वे प्रयागराज के मंडलायुक्त थे। आईएएस अधिकारी डॉ. रोशन जैकब, जो पहले लखनऊ की मंडलायुक्त थीं, अब सचिव, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन बनाया गया है। सौम्या अग्रवाल को प्रयागराज का नया मंडलायुक्त नियुक्त किया गया है। वन एवं पर्यावरण सचिव रही अनामिका सिंह को बरेली का नया मंडलायुक्त बनाया गया है। कंचन वर्मा आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद मोनिका रानी प्रभारी महानिदेशक,



स्कूल शिक्षा, अपर्णा यू. सचिव चिकित्सा शिक्षा . डीजी चिकित्सा शिक्षा का अतिरिक्त प्रभार, किंजल सिंह परिवहन आयुक्त, यूपी, रंजन कुमार डीजी आयुष, सुहास एल.वाई. डीजी युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल (अतिरिक्त प्रभार) चैत्रा वी. महानिदेशक, आयुष, संजय कुमार खत्री प्रभारी सीईओ, बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण, ब्रजेश नारायण सिंह सचिव सामान्य प्रशासन, मनीषा त्रिघाटिया सचिव, महिला कल्याण एवं बाल विकास पुष्टाहार, बी. चन्द्रकला सचिव, वन एवं पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन, राजेश कुमार-2 महानिदेशक, पर्यटन, संजय कुमार खत्री प्रभारी सीईओ, बुंदेलखण्ड औद्योगिक विकास प्राधिकरण, ब्रजेश नारायण सिंह परिवहन आयुक्त, यूपी, मनीषा त्रिघाटिया आयुक्त व सचिव, राजस्व परिषद, बी. चन्द्रकला सचिव, महिला कल्याण एवं बाल विकास विभाग, राजेश कुमार-2 सचिव, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन आयुक्त, खाद्य सुरक्षा, अपर्णा यू. सचिव चिकित्सा शिक्षा, महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

### यूपी पुलिस परीक्षा : एएसआई व कंप्यूटर ऑपरेटर के लिए एक व दो नवंबर को होगी परीक्षा

**लखनऊ ।** यूपी पुलिस भर्ती व प्रोन्नति बोर्ड ने कंप्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए और पुलिस उप निरीक्षक (गोपनीय), पुलिस सहायक उप निरीक्षक (लिपिक) और सहायक उप निरीक्षक (लेखा) के पदों पर सीधी भर्ती-2023 की लिखित परीक्षा की तिथियां घोषित कर दी हैं। यह परीक्षाएं 1 और 2 नवंबर 2025 को एक-एक पाली में ऑफ लाइन होंगी। यह परीक्षा 1 नवंबर (शनिवार) को सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक एक पाली में आयोजित की जाएगी। परीक्षा लखनऊ, आगरा, बरेली, कानपुर नगर, मुरादाबाद, गोरखपुर, झांसी, प्रयागराज, मेरठ और वाराणसी के परीक्षा केंद्रों पर होगी।

## उत्तर प्रदेश के ग्राम प्रधान होंगे ट्रेंड योगी सरकार दिलाएगी प्रशिक्षण

**▸ राज्य ने आईआईएम लखनऊ के साथ किया एमओयू**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** यूपी में पंचायती राज व्यवस्था अधिक सशक्त व प्रभावी बनाने की दिशा में अहम कदम उठाया गया है।

राज्य सरकार ने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट यानि आईआईएम लखनऊ के साथ एमओयू किया है, जिसके तहत पंचायत प्रतिनिधियों ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य और जिला पंचायत अध्यक्ष को मैनेजमेंट, प्रशासन और तकनीकी विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसका उद्देश्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों की नेतृत्व क्षमता को निखारना और उन्हें बदलते दौर की आवश्यकताओं के अनुसार तैयार करना है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पांच दिनों का होगा, जिसमें प्रतिनिधियों को प्रशासनिक कार्य प्रणाली, वित्तीय प्रबंधन, तकनीकी ज्ञान और निर्णय लेने की कुशलता सिखाई जाएगी।

प्रशिक्षण किसी एक बार की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि चरणबद्ध तरीके से अलग-अलग बैचों में आयोजित किया जाएगा ताकि प्रतिनिधियों को उचित समय और मार्गदर्शन मिल सके। आईआईएम लखनऊ की विशेषज्ञ टीम इस कार्य को अंजाम देगी।

### सुप्रीम कोर्ट का धर्मांतरण कानूनों पर आठ राज्यों को नोटिस, मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को धर्मांतरण से जुड़े कानूनों पर 8 राज्यों को नोटिस जारी कर 4 हफ्ते में जवाब दाखिल करने को कहा है। कोर्ट उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हिमाचल, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, झारखंड और कर्नाटक के कानूनों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच के सामने याचिकाकर्ताओं ने कहा कि भले ही इन कानूनों को फ्रीडम ऑफ रिलीजन एक्ट कहा जाता है, लेकिन ये अल्पसंख्यकों की धार्मिक स्वतंत्रता पर रोक लगाते हैं।

## ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप केस में उथप्पा, युवराज सिंह व सोनू सूद तलब

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने पूर्व क्रिकेटरों रॉबिन उथप्पा और युवराज सिंह और अभिनेता सोनू सूद को कथित अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए तलब किया है।




जांच एजेंसी ने ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप 1×बीईटी से जुड़े एक मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 के तहत अगले सप्ताह के दौरान पूछताछ के लिए रॉबिन उथप्पा को 22 सितंबर, युवराज सिंह को 23 सितंबर, जबकि सोनू सूद को उसके अगले दिन 24 सितंबर को बुलाया है। जांच के तहत पिछले कुछ हफ्तों में ईडी ने पूर्व क्रिकेटरों सुरेश रैना और शिखर धवन से पूछताछ की है। इस मामले में सोमवार को पूर्व टीएमसी सांसद व अभिनेत्री मिमी चक्रवर्ती का भी बयान दर्ज किया गया है। बंगाली अभिनेता अंकुश हाजरा इस मामले में निर्धारित समन पर आज ईडी के समक्ष पेश हुए, जबकि 1×बीईटी की भारत ब्रांड एंबेसडर और अभिनेत्री उर्वशी रौतेला मंगलवार को दी गई तारीख पर अभी तक पेश नहीं हुई हैं।







**आह्वान** | **रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कोलकाता में संयुक्त कमांडर सम्मेलन के दूसरे दिन कहा**

## चुनौतियों से निपटने के लिए तीनों सेनाएं हों एकजुट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कोलकाता में संयुक्त कमांडर सम्मेलन में दूसरे दिन मंगलवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारत के रक्षा और सुरक्षा रोडमैप पर विचार-विमर्श किया, जिसमें प्रमुख रणनीतिक फोकस क्षेत्रों और भारतीय सशस्त्र बलों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया गया। सम्मेलन में रक्षा निर्माण, खरीद और रक्षा क्षेत्र में अत्याधुनिक तकनीक के समावेश में आवश्यक सुधारों की रूपरेखा प्रस्तुत की गई।



रक्षा मंत्री ने भारतीय सशस्त्र बलों के लिए संयुक्त सैन्य अंतरिक्ष सिद्धांत भी जारी किया, जो राष्ट्रीय सुरक्षा और रणनीतिक लाभ के लिए अंतरिक्ष क्षेत्र में तीनों सेनाओं के बीच भारत के तालमेल को मजबूत करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम

रक्षा मंत्री ने कहा कि उभरती चुनौतियों से निपटने के लिए तीनों सेनाओं का एकजुट होना आवश्यक है, इसलिए सशस्त्र बल युद्ध के पारंपरिक और अपरंपरागत खतरों से निपटने के लिए तैयार रहें। संयुक्त कमांडर सम्मेलन में वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व ने विशेष अभियान, अंतरिक्ष, सूचना युद्ध और साइबर डोमेन सहित सशस्त्र बलों के लिए भविष्य के रोडमैप पर भी विचार-विमर्श किया। रक्षा मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर को सफलतापूर्वक अंजाम देने में भारतीय सशस्त्र बलों के साहस, समर्पण और व्यावसायिकता को सराहा। रक्षा मंत्री ने भारतीय सशस्त्र बलों के लिए संयुक्त सैन्य अंतरिक्ष सिद्धांत भी जारी किया, जो राष्ट्रीय सुरक्षा और रणनीतिक लाभ के लिए अंतरिक्ष क्षेत्र में तीनों सेनाओं के बीच भारत के तालमेल को मज़बूत करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। रक्षा मंत्री ने सैनिकों के साथ समावेशी चर्चा भी की, जिन्होंने विभिन्न अभियानों में अपने बहुमूल्य अनुभव साझा किए और उनके साथ विभिन्न व्यावसायिक पहलुओं पर खुलकर चर्चा की। संयुक्त कमांडरों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने अशांत वैश्विक व्यवस्था, क्षेत्रीय अस्थिरता और उभरते सुरक्षा परिदृश्य के मद्देनजर दुनिया भर में हो रहे बदलावों और देश की सुरक्षा व्यवस्था पर उनके प्रभाव के निरंतर आकलन की जरूरत पर बल दिया। राजनाथ ने सशस्त्र बलों से युद्ध की पारंपरिक अवधारणाओं से आगे बढ़कर सूचना, वैचारिक, पारिस्थितिक और जैविक युद्ध जैसे अपरंपरागत खतरों से उत्पन्न अदृश्य चुनौतियों से निपटने के लिए सतर्क व तैयार रहने का आह्वान किया।

## खबरें एक नजर में

### युवक को पड़ोसी ने गला दबाकर मारने किया प्रयास

**भरुआ सुमेरपुर।** कस्बे के वार्ड संख्या 15 के निवासी एक युवक ने अपनी पड़ोसी पर गला दबाकर मारने का प्रयास का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके युवक को गिरफ्तार करके न्यायालय भेजा है। वार्ड संख्या 15 के निवासी अंशू तिवारी ने बताया कि गत माह पड़ोसी प्रत्यूश साहू ने उसे गुटखा फैक्ट्री के समीप घेरकर गला दबाकर मारने का प्रयास किया था। इसके बाद सोमवार को चांदथोक में उसे घेरकर मारने की कोशिश की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके आरोपी को गिरफ्तार किया है।

### सजायाफ्ता अदालत जाते समय हुआ बेहोश

**हमीरपुर।** जेल के अंदर सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। मंगलवार को जेल से अदालत आया सजायाफ्ता कैदी अकबर दोपहर में बेहोश होकर गिर गया। चर्चा है कि जेल में दो दिन से कैदी खाना नहीं खा रहे हैं। इस वजह से कैदियों की हालत खराब हो रही है। कैदी के बेहोश होते ही पुलिसकर्मियों के हाथ पैर फूल गए और उन्होंने उसे उठाकर न्यायालय परिसर में बने अस्पताल में भर्ती कराया। उपचार के बाद उसकी हालत में सुधार बताया जा रहा है।

### रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार मां-बेटा घायल

**हमीरपुर।** तेज रफ्तार रोडवेज बस ने बाइक सवार माँ बेटे को टक्कर मार दी।घटना में बाइक के परखच्चे उड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को सीएचसी सुमेरपुर पहुंचाया जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। यहां दोनों का इलाज किया जा रहा है। सदर कोतवाली क्षेत्र के मेरापुर निवासी सोमवती निषाद पत्नी जगभान निषाद अपने बेटे ओमप्रकाश निषाद के साथ बाइक में सवार होकर किसी से बाँदा जा रहीं थीं। जैसे ही उसकी बाइक सुमेरपुर के पंधरी गांव के पास पहुंची तभी बाँदा डिपो की रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। घटना में बाइक के परखच्चे उड़ गए। इस दौरान लोगों का हुजूम इकट्ठा होगया। सूचना पर पहुंची सुमेरपुर पुलिस ने दोनों घायलों को एम्बुलेंस से सुमेरपुर सीएचसी पहुंचाया जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। यहां दोनों का इलाज किया जा रहा है।

### पदोन्नति के लिए टीईटी की अनिवार्यता का शिक्षकों ने किया विरोध

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने प्रांतीय आह्वान पर सुप्रीम कोर्ट के अव्यवहारिक आदेश, 29 जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के सेवारत रहने एवं पदोन्नति के लिए टीईटी की अनिवार्यता के विरोध में नगर पालिका पार्क में भारी संख्या में शिक्षकों ने धरना दिया। बाद में जिलाधिकारी कार्यालय में प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया। धरने जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह चंदेल ने कहा टीईटी के विरोध में संघर्ष के प्रथम चरण में प्रत्येक जनपद में ज्ञापन का कार्यक्रम रखा गया है। यदि सरकार अभी भी न जागी तो दिल्ली जाकर पूरे देश के शिक्षक धरना प्रदर्शन एवं आंदोलन करेंगे। धरने को मुख्य रूप से जिला मंत्री पुष्पेंद्र त्रिपाठी, पंकज यादव, माध्यमिक शिक्षक संघ के रणविजय सिंह, उपेंद्र श्रीवास, मो अख्तर, राकेश त्रिपाठी, रघुराज कुटार, संदीप चंदेल, अनुराग यादव, लक्ष्मीशंकर, प्रियंक अग्रवाल, असलम, इकराम आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से दिलीप सिंह गौतम, रूपेंद्र सिंह, राजेश कुमार, विजय गुप्ता, विनीत श्रीवास्तव, प्रगति गुप्ता, मयूरी सचान, मधुलता, गायत्रीदेवी, बालेन्द्र कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

### डीएम ने किया कान्हा गौशाला का निरीक्षण



**बांदा।** जिलाधिकारी जे.रीभा ने मंगलवार को अस्थाई गौशाला हटेटी पुरवा एवं निर्माणाधीन कान्हा गौशाला का अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गौशाला में गोवंसो हेतु हरा चारा की व्यवस्था कराए जाने के निर्देश दिएस, उन्होंने गोवंश की ईयर टेकिंग कराए जाने हेतु निर्देशित किया। निरीक्षण के समय गोवंश हेतु टीनसेड ,पानी भूसा एवं अन्य पोषाहार की व्यवस्था उपलब्ध पाई गई तथा पर्याप्त मात्रा में भूसा उपलब्ध पाया गया स उन्होंने निर्देशित किया कि गोवंशों को नियमित रूप से हरा चारा उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाएस, इसके उपरांत जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन कान्हा गौशाला के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस गौशाला में भूसा गोदाम, पशुओं के लिए टीन सेट तथा चिकित्सा सुविधा हेतु डिस्पेंसरी आदि का निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए में पाई गई कमियों को शीघ्र ठीक कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिशासी अधिकारी नगर पालिका इंदकं को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का नियमित रूप से निरीक्षण करते हुए ध्यान रखें। निरीक्षण के दौरान मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सहित केयरटेकर एवं संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

### त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों को लेकर भाजपाइयों ने किया कार्यशाला का आयोजन



**नरैनी/बांदा।** आगामी होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के लिए भाजपाइयों द्वारा कार्यशाला आयोजित की गई। इस दौरान मंडल के कार्यकर्ता मौजूद रहे। ब्लाक सभागार में आयोजित हुई कार्यशाला में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया गया।बैठक में मौजूद जिला मंत्री देवेंद्र भदौरिया ने बताया कि हम सभी लोगों को अभी से पंचायत चुनावों के लिए कमर कसना है। प्रत्येक पार्टी का कार्यकर्ता शक्ति केंद्र और अपने बूथ के मतदाता सूची बनाकर पुनरीक्षण अभियान में लगे बूथ लेवल अधिकारी से मिलकर अधिक से अधिक मतदाता बनवाए जाने का कार्य करे। बैठक में मौजूद ब्लाक प्रमुख मनफूल पटेल ने कहा कि पार्टी द्वारा पंचायत चुनाव का विगुल फुक चुका है। हम सभी लोगों को अभी से एक जुट हो जाना चाहिए और पार्टी द्वारा घोषित प्रत्याशी के पक्ष में पूरी ताकत से लगने की बात कही।इस दौरान मंडल अध्यक्ष आदित्य चतुर्वेदी, महामंत्री हरिराम कबीर बेदी, विधायक प्रतिनिधि राकेश दीक्षित, संतोष शिवहरे, सभासद आदित्य त्रिपाठी, दिलीप गर्ग, मंडल महामंत्री कालिंजर कुलदीप त्रिपाठी, अशोक राजपूत सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सचिव की मीटिंग की झूठी सूचना पर नाराज किसानों ने लगाया जाम



**नरैनी/बांदा।** सहकारी समिति के सचिव द्वारा मीटिंग में लखनऊ जाने की झूठी सूचना बोर्ड में चस्पा करने से नाराज किसानों ने नरैनी बाँदा मुख्य पर बैठ कर रोड जाम कर दी।मुख्यालय से ग्राम न्यायालय नरैनी आ रहे जज की कार भी जाम में फस गयी। कोतवाली पुलिस ने सड़क में डंडा पटकर कर प्रदर्शन कर रहे किसानों को सड़क से हटाया।नायब तहसीलदार ने पहुच कर किसानों को अगले दिन खाद वितरण का भरोसा दिलाया है। पनगरा साघन सहकारी समिति के सूचना बोर्ड में यहा के सचिव द्वारा सूचना चस्पा कर बताया गया था कि वह मीटिंग में लखनऊ जा रहे है इसलिए आज खाद का वितरण नही होगा।यह देख किसानों का पारा चढ़ गया और एक सैकड़ा से अधिक महिला पुरुष किसानों ने बांदा नरैनी मुख्य मार्ग पर बैठ कर रोड जामकर दिया।नारे बाजी करते हुए प्रदर्शन कारी किसानों ने बताया कि सचिव लगातार चार दिनों से गोदाम में खाद रखे बैठा है।रोजाना सोसायटी के सूचना बोर्ड पर खाद न वितरण करने की सूचना लगा कर वापस हो जाता था।जिस पर किसानों में लगातार आक्रोश बढ़ रहा था।सचिव के कारनामों से परेशान कृषकों ने मजबूर होकर रोड जाम कर दिया।बताया कि लगातार कई दिनों से अनवरत हम लोग किराया खर्च कर और सोसायटी दौड़ रहे है।लेकिन जब यहां आते है तो खाद न मिलने की सूचना मुख्य गेट पर लगा दी जाती है।इस तरह से धन के साथ समय की भी बर्बादी करते है।मुख्य मार्ग में दोनो ओर दर्जनों वाहनों की लंबी लाइन लगी रही। सुबह से सरकारी कार्यालय में ड्यूटी के लिए घर से निकले लोगों को जाम में फसना पड़ा।जाम लगे होने की सूचना पाकर मौके पर फोर्स के साथ पहुंचे उप निरीक्षक नीरज कुमार ने लोगो को समझाते रहे।लेकिन इसी दौरान नरैनी स्थित ग्राम न्यायालय में पदस्थ न्यायाधीश की गाड़ी बांदा की तरफ से आते देख कोतवाली पुलिस एक्शन में आ गयी और सड़क पर किसानों को हटाने के लिए डंडे फटकार कर भीड़ को तितर बितर किया।फिर भी काफी देर तक किसान खाद की मांग में लगे रहे।मौके पर पहुंचे नायब तहसील यशपाल यादव ने मौजूद किसानों को अगले दिन खाद वितरण कराने की बात कह शांत कराया।नायब तहसीलदार यशपाल ने बताया कि सचिव के द्वारा किसानों खाद वितरण में जानबूझ कर किसानों को परेशान किए जाने का कार्य किया जा रहा है।जिसकी सूचना मौके पर से उपजिलाधिकारी को दी गई है।

# कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी ने की जनसुनवाई, आई 91 शिकायतें

**अधिकांश शिकायतों का मोके पर निस्तारण किया गया**

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए जनसुनवाई में लगभग 91 शिकायते प्राप्त हुई जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने त्वरित ढंग से मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम, खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल/ जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया।

उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम, बीडीओ व अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओं का त्वरित ढंग से निस्तारण किया जाए इसमें किसी भी तरह किसी शिथिलता न बरती जाए। जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई, आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले प्रकरणों का सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कर उसकी समय से आख्या दी जाए।

## सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज में विश्वकर्मा जयंती एवं ओजोन दिवस का आयोजन



**हमीरपुर।** सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज में विश्वकर्मा जयन्ती एवं ओजोन दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जयन्ती प्रमुख श्रीमती अनीता सिंह ने किया। इसके उपरान्त विद्यालय के प्रधानाचार्य रामप्रकाश गुप्ता ने भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर पुष्पार्चन किया। तथा उन्होने बताया कि भगवान विश्वकर्मा जिन्हे देवशिल्पी के रुप में जाना जाता है। उन्होने देवताओ के लिये दिव्य भवन, रथ एवं अस्त्र शस्त्रो का निर्माण किया। जिनसे सम्पूर्ण सृष्टि का कल्याण हुआ। कार्यक्रम के दौरान ओजोन दिवस पर गणित प्रवक्ता श्रीमती ज्योति गुप्ता ने बताया कि ओजोन परत पृथ्वी को हानिकारक पराबैगनी किरणो से बचाती है। इसके संरक्षण के लिए हमे प्रदूषण को नियन्त्रित करना होगा। और पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैली अपनानी होगी। इस अवसर पर प्रान्तीय खेलकूद प्रतियोगिता महोबा में शारीरिक आचार्य अमर सिंह के नेतृत्व में प्रतिभागी भैयाओ को क्षेत्र की प्रतियोगिता में चयनित होने पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने उन्हे शुभाशीष प्रदान कर शील्ड व मेडल पहनाये। इस आयोजन मे विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं भैया बहिने उपस्थित रहें। यह जानकारी विद्यालय के मीडिया प्रभारी आचार्य वेदप्रकाश शुक्ल ने दी।

## बंदी की मौत ने पकड़ा तूल, जेलर सहित सात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

**डीआईजी जेल ने कारागार का किया दौरा, जेल प्रशासन ने डिप्टी जेलर व वार्डन को किया निलंबित**

जेल में बंद विचाराधीन कैदी की मौत पिटाई से होने की पुष्टि होने के बाद डिप्टी जेलर एवं वार्डन के निलंबन की कार्यवाही होते ही मामला तूल पकड़ गया। मंगलवार को डीआईजी जेल जिला कारागार पहुंचे और बंदियों से बातचीत करके मामले की जांच की। वहीं मृतक बंदी की पत्नी ने जेल कर्मियों के खिलाफ पति की हत्या करने की तहरीर पुलिस को सौंपी। परिजनों का कहना है कि जब तक मुकदमा दर्ज नहीं किया जाएगा वह शव नहीं लेंगे। पोस्टमार्टम के बाद शव मोर्चरी में रखा हुआ है। वहीं अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर मुकदमा दर्ज करके पीडित परिवार को आर्थिक मदद देने की मांग की है। गत रविवार को विचाराधीन बंदी अनिल की मौत के बाद सोमवार को परिजनों ने जेल के सामने जाम लगाकर हत्या करने का आरोप लगाकर पोस्टमार्टम कराने की मांग की थी। सदर विधायक ने परिजनों को समझा बुझाकर न्याय का आश्वासन देकर जाम खुलवाया था। चार डॉक्टरों के पैनल ने मृतक बंदी का पोस्टमार्टम किया था। जिसमें मृतक के शरीर में चोटों के सात गंभीर निशान मिले थे। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया था। इसके बाद जेल प्रशासन ने डिप्टी जेलर एवं वार्डन को निलंबित कर दिया था। मंगलवार को मृतक की पत्नी ने तहरीर सौंपकर जेल कर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की। मृतक के परिजन हत्या का मुकदमा दर्ज करके मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी देने के बाद ही अंतिम संस्कार की बात कह रहे हैं। मंगलवार को डीआईजी राजेश श्रीवास्तव जेल पहुंचे और बंदियों से घटना के बारे में जानकारी लेकर जांच शुरू की है। वहीं अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मुकदमा दर्ज करने एवं मृतक परिवार को मुआवजा दिलाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में बालेंद्र द्विवेदी, शिवम द्विवेदी, नरेंद्र द्विवेदी, गिरीश तिवारी, अभिषेक मिश्रा, अनुज तिवारी, गगन मिश्रा, अनादि मिश्रा, प्रशांत तिवारी, श्रीराम द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

## मौहर की महिला मजदूरों ने मनरेगा में मांगा कार्य



**भरुआ सुमेरपुर।** ग्राम पंचायत मौहर की 15 से अधिक महिला मजदूरों ने खंड विकास अधिकारी को संबोधित ज्ञापन एपीओ मनरेगा को सौंपा। महिलाओं ने मनरेगा योजना में कार्य दिलाने की मांग की है। मौहर की निवासी महिला मजदूर मनीषा, शिवदेवी, दुलारी, भूरी, रानी, दुलारी, रामपति, शांति, मोहिनी, रामप्यारी, गुड्डन, श्यामकली, राजेश्वरी, जयश्री आदि ने खंड विकास अधिकारी को संबोधित ज्ञापन एपीओ मनरेगा विकास चंद्र को सौंपकर पंचायत में ठप पड़े मनरेगा योजना के कार्य शुरू कराने की मांग की। महिला मजदूरों का आरोप है कि पिछले दो माह से पंचायत में मनरेगा योजना के कार्य ठप है। ग्राम प्रधान राममिलन निषाद ने बताया कि बरसात के कारण पंचायत में मनरेगा योजना के छोटे-छोटे कार्य ही हो सके हैं। मौसम साफ होने के बाद ही बड़े कार्य शुरू होंगे। तभी मजदूरो को कार्य मिलना संभव है। एपीओ मनरेगा ने बताया कि जिन ग्राम पंचायतों में 20 कार्य ऑन गोइंग है। वहां नए कार्यो के एमआर नहीं निकल रहे है। मौहर में भी यहीं स्थिति है।

## मिलावटी खाद बनाने में तीन आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**मौदहा हमीरपुर।** कस्बे मे मिलावटी खाद की काला बाजारी करने वाले के खिलाफ उपजिलाधिकारी और जिला कृषि अधिकारी ने संयुक्त छापेमारी कर मिलावटी खाद, खाली बोरिया और सिलने की मशीन बरामद की थी जिसपर जिला कृषि अधिकारी द्वारा आरोपी पिता पुत्रो सहित तीन लोगों के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दे मुकदमा दर्ज कराया कस्बे के मोहल्ला मराठीपुरा बंशनाला के निकट निवासी कामता प्रसाद निगम व उसके बेटे विवेक विकास निगम के घर में मिलावटी खाद की सूचना मिली थी जिस पर जब एक ई रिक्शा में खाद की बोरियां लादी जा रही थीं उसी समय मुखबिर की सूचना पर उपजिलाधिकारी करनवीर सिंह, जिला कृषि अधिकारी हरिशंकर और कोतवाली पुलिस ने संयुक्त छापेमारी कर ग्यारह बोरी मिलावटी डीएपी खाद, निन्यानवे खाली बोरी और बोरियां सिलने की मशीन बरामद की है। वहीं मिलावटी खाद के सिलसिले में जिला कृषि अधिकारी डॉक्टर हरिशंकर द्वारा कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया जहां कोतवाली पुलिस ने मिलावटी खाद व आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत आरोपी कामता प्रसाद निगम उसके दोनों पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह ने बताया कि मिलावटी खाद मामले में जिला कृषि अधिकारी की तहरीर के आधार पर पिता पुत्रो सहित तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है जांच कर कारवाही की जाएगी।

## भूमि एवं जल संरक्षण से जुड़े सभी कार्य गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण किए जाएं: डीएम



**बांदा।** मंगलवार को जनपद बांदा के कृषि विभाग की तीन इकाइयाँ भूमि संरक्षण इकाई मैदानी प्रथम, मैदानी द्वितीय एवं राष्ट्रीय जलागम की संयुक्त बैठक जिलाधिकारी जे. रीभा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के ड्राप मोर क्राप घटक के अंतर्गत जल संचयन हेतु खेत तालाब योजना, पंडित दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना तथा अटल भूजल योजना जैसे कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। प्रस्तावित परियोजनाओं पर चर्चा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि भूमि एवं जल संरक्षण से जुड़े सभी कार्य गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण किए जाएँ। इसके पूर्व उत्तर प्रदेश भूमि एवं जल संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत योजनाओं की विस्तृत समीक्षा भी की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने गत वर्ष कराए गए कार्यो का सत्यापन भी कराए जाने के निर्देश दिए। बैठक में, उपनिदेशक कृषि, जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी, भूमि संरक्षण अधिकारी मैदानी प्रथम, भूमि संरक्षण अधिकारी मैदानी द्वितीय, भूमि संरक्षण अधिकारी राष्ट्रीय जलम बांदा, अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग तथा प्रभागीय वन अधिकारी सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

## ग्रापए ने मुख्यमंत्री को संबोधित सात सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर मंगलवार को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में जनपद के सभी तहसीलों एवं ब्लॉकों से आए संगठन के सदस्यों ने प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित सात सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में पत्रकारों को बीमा, आयुष्मान कार्ड,प्रदेश मुख्यालय में कार्यालय आवंटन आदि की मांग की गई है। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्रनाथ सिंह के आह्वान पर जिलाध्यक्ष मनोज कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में जनपद के सभी तहसील, ब्लॉकों से आए पत्रकारों ने मुख्यमंत्री को संबोधित सात सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी घनश्याम मीणा को सौंपा। ज्ञापन में ग्रापए का लखनऊ में प्रदेश कार्यालय आवंटित करने, ग्रामीण क्षेत्रों में सभी पत्रकारों को बीमा, पेंशन, आयुष्मान कार्ड देने के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में सक्रिय फर्जी पत्रकारों पर लगाम लगाने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में मंडल उपाध्यक्ष मुनीर खान, हरिमोहन चंसौरिया, नंदकिशोर यादव, अरुण कुमार शुक्ला, आदित्य त्रिपाठी, जयशंकर त्रिपाठी, सुनील व्यास, संतोष चक्रवर्ती, जितेंद्र यादव, अजय प्रजापति, हिमांशु गुप्ता, जितेंद्र पंडित, रामलखन, कृष्ण कुमार द्विवेदी, सुरेश सिंह, दीपक अवस्थी, सुबोध गुप्ता, मातादीन प्रजापति सहित 60 से अधिक पत्रकार मौजूद रहे।

## ग्रामीण पत्रकारों की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**सीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा**

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**



जिले के ग्रामीण पत्रकारों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन भेजा है। यह ज्ञापन उप जिलाधिकारी बांदा, श्री इरफान उल्ला खान, के माध्यम से भेजा गया है। ज्ञापन में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन से जुड़े पत्रकारों ने अपनी समस्याओं और कल्याण से जुड़ी 10 प्रमुख मांगों पर तत्काल ध्यान देने का अनुरोध किया है।ज्ञापन में कहा गया है कि ग्रामीण पत्रकार विपरीत परिस्थितियों में भी लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को मजबूत करने का कार्य कर रहे हैं। वे आम जनता की समस्याओं को शासन तक पहुंचाते हैं और सरकार की नीतियों को लोगों तक ले जाते हैं।प्रमुख मांगों में लखनऊ में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के लिए कार्यालय भवन का आवंटन, मान्यता प्राप्त पत्रकारों की तरह 'आयुष्मान भारत योजना' का लाभ, 'बीमा और पेंशन योजना' में शामिल करना, और पत्रकारों के विरुद्ध अनावश्यक उत्पीड़न रोकने के लिए प्राथमिकी से पहले जांच कराना शामिल है।इसके अलावा, प्राकृतिक आपदा या दुर्घटना में दिवंगत पत्रकार के परिवार को 5 लाख रुपये की सहायता और मुख्यमंत्री राहत कोष से 20 लाख रुपये की आर्थिक मदद की मांग भी की गई है। फर्जी पत्रकारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए, जिला स्तर पर स्थायी समिति की बैठक बुलाकर असली और नकली पत्रकारों की पहचान करने की बात कही गई है। ज्ञापन देने वालों में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष राहुल निगम के नेतृत्व में जिला महामंत्री शिवम सिंह, तोप सिंह, मु. यासिर, रज्जब खान, नरेंद्र सिंह गौतम, इकबाल खान, धीरज शर्मा, अनुपम गुप्ता, अंकुर कसौधन, सरताज शाह, राम पूजन गुप्ता, बृज गोपाल गुप्ता, इंद्रजीत कुशवाहा, राजेंद्र कुमार, सीरज ध्वज तिवारी, महबूब अहमद,अवधेश तिवारी, शरद गुप्ता, लक्ष्मीकांत गुप्ता, जगत नारायण शास्त्री, गौरी शंकर गुप्ता, दिनेश कुमार गुप्ता, राकेश सिंह कछवाह, अरविंद कुमार, शानू वर्मा, संजूल द्विवेदी, सहित कई अन्य पत्रकार मौजूद रहे।

## नदी में डूबते पुत्र को बचाने पर बाप-बेटे के सिर फोड़े

**पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा**

**नरैनी/बांदा।** युवक को नदी में डुबो रहा था गांव का युवक। विरोध करने पर बाप बेटे के सिर फोड़ दिए। आरोपी पक्ष ने भी मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष के पांच और आरोपी पक्ष के एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के केउटन पुरवा अंश नौगवां निवासी ममता पत्नी नन्ना केवट ने बताया कि नदी में नहाते समय उसके बेटे अरविंद को गांव का प्रकाश नदी में डुबो रहा था यही मौके पर अरविंद की बहन नदी में बर्तन साफ कर रही थी इसने भाई को डूबते देखा तो शोर मचा दिया जिससे आरोपी ने छोड़ दिया। पानी से बाहर निकल कर अरविंद ने कहा कि उसे क्या डुबो रहे थे यह सुनते ही आरोपी ने उसे पत्थर में पटक दिया जिससे अरविंद का सिर फट गया।बेटे को बचाने पहुचे पिता नन्ना केवट को भी आरोपी ने नही बक्शा इसके सिर में डंडा मार दिया जिससे इसका भी सिर फट गया।इधर आरोपी प्रकाश की बहन आरती ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि उसके भाई प्रकाश व सोनू घर में बैठे थे तभी नन्ना केवट इसकी पत्नी ममता बेटी रीनू, टीनू आदि पहुचे और लाठी डंडे से हमला कर उन्हें घायल कर दिया।

### दबंगों ने दलित को बेरहमी से पीटा

**नरैनी/बांदा।** दबंगो ने मिलकर दलित युवक पर हमला बोल दिया। पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया था यहा से गम्भीर हालत में कानपुर रेफर किया गया है। पुलिस ने 9 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। गिरवा थाना क्षेत्र के गैड़ीमाफी गांव निवासी लाला भइया ने पुलिस को बताया है कि उसका पुत्र कैलाश 14 सितंबर की रात 10 बजे पतौरा गांव से वापस घर लौट रहा था। गांव के बारात घर के पास पहले से घात लगाए बैठे गांव के ऊदल, प्रीतम, हरदौल, तुलसीदास, बद्री, बसंता, शिवबरन, मलखान और लखन ने अचानक उसके बेटे के ऊपर लाठी डंडे से हमला कर लहूलुहान कर दिया। बताया है कि सूचना पर पहुची पुलिस ने घायल कैलाश को अपनी गाड़ी से जिलाअस्पताल पहुचाया यहा हालत गंभीर देख चिकित्सक ने कानपुर के लिए रेफर किया है।

## टीईटी की अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों ने काले कपड़े पहनकर किया जोरदार प्रदर्शन

**पीएम को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपकर जताया विरोध**

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**





मंगलवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रमानुसार उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ इकाई बांदा द्वारा जिलाध्यक्ष आशुतोष त्रिपाठी के नेतृत्व में मंगलवार को हजारों की संख्या में शिक्षक व शिक्षिकाएँ काले कपड़े पहनकर विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। शिक्षकों ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी बांदा के प्रतिनिधि के रूप में सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा और अपना आक्रोश दर्ज कराया।ज्ञापन देने से पूर्व सभी शिक्षक जीआईसी मैदान में एकत्र हुए। वहां से हाथों में तख्ती और बैनर लेकर जुलूस के रूप में निकलकर उन्होंने सरकार द्वारा शिक्षकों की सेवा शर्तों में किए जा रहे बदलाव को गैरजरूरी करार दिया। शिक्षकों ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा उत्तर प्रदेश की शिक्षक भर्ती नियमावली की अनदेखी की गई है। जुलाई 2011 तक की नियुक्तियों में सभी शिक्षक सरकार द्वारा निर्धारित मापदंडों और परीक्षाओं को उत्तीर्ण कर ही नियुक्त हुए थे। कभी हाईस्कूल-बीटीसी, कभी इंटर-बीटीसी, फिर स्नातक-बीटीसी, बाद में बीएड-विशिष्ट बीटीसी और अंततः बीएड के साथ टीईटी/सुपर-टीईटी जैसे मानक लागू किए गए। जिस समय सरकार ने जो योग्यता तय की, उसी के अनुरूप शिक्षक बने हैं, किसी ने नियम तोड़कर नियुक्ति नहीं पाई। शिक्षक नेताओं ने कहा कि समस्या टीईटी की नहीं बल्कि सेवा शर्तों से छेड़छाड़ की है, जिसे किसी भी हाल में स्वीकार नहीं किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट के 1 सितम्बर के निर्णय के बाद अफवाहें फैलाई जा रही हैं कि 25 अगस्त 2010 के पूर्व नियुक्त शिक्षकों को भी टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा और ऐसा न होने पर सेवा समाप्त कर दी जाएगी। इस भ्रम और दबाव के चलते हमीरपुर व महोबा में दो शिक्षकों ने आत्महत्या तक कर ली। शिक्षकों ने दो टूक कहा कि भारत सरकार के अधीन 25 अगस्त 2010 से पूर्व तथा उत्तर प्रदेश में 29 जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी की अनिवार्यता लागू नहीं होती। यदि इस विषय में जल्द स्पष्ट निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। संगठन ने चेतावनी दी कि आने वाले समय में लखनऊ और दिल्ली कूच भी किया जाएगा तथा शिक्षक हितों की लड़ाई सड़क से लेकर न्यायालय तक लड़ी जाएगी। इस मौके पर जिला मंत्री प्रजीत सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमाशंकर यादव, कोषाध्यक्ष रामसुफल कश्यप, सहित जनपदीय पदाधिकारी, ब्लाक अध्यक्ष-मंत्री, संघर्ष समिति के पदाधिकारी, तहसील प्रभारी, महिला पदाधिकारी और बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे। साथ ही माध्यमिक शिक्षक संघ के मिथलेश पांडे और उनके कई पदाधिकारी भी एकजुटता दिखाने पहुंचे।

# स्पीड स्केटिंग विश्व चैंपियनशिप जीतकर वेलुकुमार ने रचा इतिहास, सीएम ने सराहा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्केटिंग में नया कीर्तिमान स्थापित करने वाले आनंद वेलुकुमार को बधाई दी है। 22 साल के आनंदकुमार ने चीन में आयोजित स्पीड स्केटिंग विश्व चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल अपने नाम किया है।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा है कि, स्पीड स्केटिंग विश्व चैंपियनशिप 2025 में सीनियर पुरुष 1000 मीटर स्प्रिंट में स्वर्ण पदक जीतकर स्केटिंग में भारत के पहले विश्व चैंपियन बनने पर आनंदकुमार वेलकुमार को हार्दिक बधाई। आपका दृढ़ संकल्प और उपलब्धि हर युवा भारतीय को बड़े सपने देखने और उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगी।

आपके उज्ज्वल भविष्य के लिए मेरी शुभकामनाएँ। गौरतलब है कि भारत के आनंदकुमार वेलकुमार ने स्केटिंग में नया इतिहास रच दिया है। 22 साल के आनंदकुमार ने चीन में आयोजित स्पीड स्केटिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल अपने नाम किया। इस तरह वह स्केटिंग विश्व चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। उन्होंने मेन्स सीनियर 1000 मीटर स्प्रिंट इवेंट में पहला स्थान हासिल किया।

# स्कूलों का कायाकल्प, स्मार्ट क्लास व टैबलेट से शिक्षा को मिल रही नई उड़ान

## वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम-2 के तहत सीमावर्ती इलाकों पर खास ध्यान दे रही प्रदेश सरकार, 229 स्कूलों का कायाकल्प, आईसीटी-स्मार्ट क्लास से सजे विद्यालय

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** योगी सरकार ने सीमावर्ती सात जिलों में शिक्षा की तस्वीर बदलने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम-2 के तहत इन जिलों पर खास फोकस किया जा रहा है। ऑपरेशन कायाकल्प के तहत अब तक 198 गांवों के 229 स्कूलों का कायाकल्प किया गया है।

अब यहां बच्चे सिर्फ टाट-पट्टी पर नहीं, बल्कि स्मार्ट क्लास और टैबलेट्स की मदद से पढ़ाई कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि सीमावर्ती जिलों में शिक्षा का कायाकल्प बच्चों के भविष्य को नई दिशा दे रहा है। अब यहां के नौनिहाल भी बड़े शहरों के बच्चों की तरह आधुनिक साधनों से पढ़ाई कर पाने में सक्षम हो रहे हैं। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि सीमावर्ती जिले बहराइच, बलरामपुर, खीरी, महाराजगंज, पीलीभीत, श्रावस्ती और सिद्धार्थनगर में 2017 से पहले शिक्षा का स्तर बहुत अच्छा नहीं था। बच्चों को किताबों और ब्लैकबोर्ड तक ही सीमित रहना पड़ता था। लेकिन अब हालात बदल रहे हैं। बच्चों को टैबलेट और स्मार्ट क्लास की मदद से पढ़ाना आसान हो गया है। विशेषज्ञ भी मानते हैं कि बच्चे वीडियो देखकर जल्दी समझ जाते हैं और उनका मन भी पढ़ाई में ज्यादा लगता है। वाइब्रेंट विलेजेस के तहत चिन्हित गांवों के बच्चों ने ग्रेड 3 और ग्रेड 6 की परख परीक्षा में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। विभाग का मानना है कि स्मार्ट क्लास और टैबलेट की वजह से बच्चों की समझने और सीखने की क्षमता तेज हुई है। सरकार आश्वस्त हैं कि नए इंफ्रास्ट्रक्चर और डिजिटल साधनों से आने वाले वर्षों में नामांकन बढ़ेगा और ड्रॉपआउट दर घटेगी।

### आने वाले वर्षों में नामांकन और बढ़ने की उम्मीद

पिछले पांच वर्षों में सीमावर्ती जिलों में विद्यालयों में नामांकन का परिदृश्य बदल रहा है। 2024-25 में नामांकन बढ़कर 38.45 लाख हो गया। जिलावार आंकड़े बताते हैं कि सबसे ज्यादा बच्चे खीरी में (करीब 8.9 लाख) नामांकित हैं। बहराइच, बलरामपुर और सिद्धार्थनगर जैसे जिलों में भी पिछले साल की तुलना में सुधार देखने को मिला है। यह दर्शाता है कि सरकारी योजनाओं, कायाकल्प कार्यक्रमों और स्मार्ट स्कूल प्रोजेक्ट्स का असर अब दिखने लगा है। सीमावर्ती इलाकों में शिक्षा के प्रति बढ़ती जागरूकता और आधारभूत ढांचे में सुधार से आने वाले वर्षों में नामांकन और बढ़ने की उम्मीद है।

### मिल रहीं आधुनिक सुविधाएं

शिक्षा विभाग के अनुसार 152 स्कूल अब सभी 19 पैरामीटर्स पर पूरी तरह सैचुरेटेड हो चुके हैं। 30 स्कूल 18 पैरामीटर्स, 42 स्कूल 17 पैरामीटर्स और 5 स्कूल 16 पैरामीटर्स पर सैचुरेटेड हैं। साफ है कि सीमावर्ती इलाकों में अब स्कूलों में पीने का पानी, शौचालय, बिजली और फर्नीचर जैसी सुविधाएं बेहतर हो गई हैं। इन जिलों में 21 ब्लॉक्स के सभी विद्यालयों में 2-2 टैबलेट दिए जा चुके हैं। बच्चों का भी कहना है कि हमने कभी सोचा भी नहीं था कि गांव के स्कूल में मोबाइल जैसा टैबलेट मिलेगा। अब बच्चे उसमें कहानी पढ़ते हैं और खेल-खेल में गणित सीखते हैं।

# खबरें एक नजर में

### बलरामपुर के पैरामेडिकल कर्मचारियों को नहीं मिला एसीपी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बलरामपुर अस्पताल के पैरामेडिकल स्टाफ को एसीपी का लाभ नहीं मिल सका है। कर्मचारियों का कहना है कि स्वास्थ्य महानिदेशक के निर्देश पर पूरे प्रदेश के अस्पतालों में कार्यरत कर्मचारियों को एसीपी का लाभ मिल चुका है, लेकिन सिर्फबलरामपुर अस्पताल में ही एसीपी देने में देरी की जा रही है। एसीपी न मिलने से कर्मचारियों में आक्रोश है। चिकित्सा स्वास्थ्य महासंघ उप्र. के जिलाध्यक्ष कपिल वर्मा ने बलरामपुर की निदेशक एवं प्रमुख अधीक्षिका को पत्र भेजकर कर्मचारियों को तुरंत 10, 16 और 26 साल की सेवाएं पूरी करने पर प्रथम, द्वितीय और तीसरे एसीपी का लाभ दिए जाने की मांग की है। कपिल ने बताया कि फार्मासिस्ट, लैब टेक्नीशियन को बलरामपुर अस्पताल में एसीपी नहीं दिया गया है, जबकि स्वास्थ्य महानिदेशक के निर्देश पर पूरे प्रदेश के अस्पतालों के पैरामेडिकल कर्मचारियों को एसीपी का लाभ मिल चुका है। बलरामपुर में अगस्त में निदेशक ने एसीपी देने का निर्देश मातहत बाबू को दिया था, लेकिन सिर्फबलरामपुर अस्पताल में ही कर्मचारियों को एसीपी नहीं दिया गया है। एक सप्ताह में एसीपी निस्तारित करने की मांग की है। निदेशक डॉ. कविता आर्या का कहना है कि एसीपी देने की प्रक्रिया चल रही है। जल्द ही कर्मचारियों को एसीपी का लाभ दे दिया जाएगा।

### बीकेटी में राष्ट्रीय राजमार्ग का विस्तार होगा, बनेगा क्लोवर लीफ

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के बख्शी का तालाब विधानसभा क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग और किसान पथ का विकास होगा। विधायक योगेश शुक्ला ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को पत्र लिखकर राष्ट्रीय राजमार्ग 24 को छह लेन बनाने का प्रस्ताव रखा था। इस संबंध में एनएचआई के राष्ट्रीय सदस्य विशाल चौहान, आर ओ संजीव शर्मा और परियोजना निदेशक कर्नल शरद चन्द्र सिंह ने स्थल का निरीक्षण किया। योजना के तहत बीकेटी क्षेत्र के राजमार्ग का किसान पथ तक विस्तार किया जाएगा। यहां क्लोवर लीफ का निर्माण होगा। इससे वाहनों की आवाजाही सुगम होगी और राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात का दबाव कम होगा। किसान पथ की सर्विस लेन, जो कुछ महीनों में खराब हो गई है, उसे गुणवत्तापूर्ण तरीके से बनाया जाएगा। साथ ही जल निकासी की उचित व्यवस्था की जाएगी। निरीक्षण के दौरान सीतापुर हाईवे और किसान पथ से बीकेटी क्षेत्र की यातायात समस्याओं पर चर्चा हुई। विधायक ने अधिकारियों से आग्रह किया कि निर्माण कार्य के दौरान व्यापारियों और आम जनता को परेशानी न हो। अधिकारियों ने सभी समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया है।


### जयंत चौधरी आज लखनऊ में, कई कार्यक्रमों में लेंगे हिस्सा

**लखनऊ,समृद्धि न्यूज।** केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार व शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी कल 17 सितम्बर को लखनऊ आयेंगे। मंत्री श्री चौधरी का प्रस्थान प्रातः 7.35 बजे आईजीआई एयरपोर्ट, दिल्ली से होगा और 8.45 बजे लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर उनका आगमन होगा। वे 9.25 बजे इमेजिन रिजॉर्ट, आईआईएम रोड, जॉगर्स पार्क सर्किल, लखनऊ पहुंचेंगे और 9.30 बजे से 10.30 बजे तक आमजन से भेंट कर संवाद करेंगे। 10.40 बजे वे इमेजिन रिजॉर्ट से प्रस्थान कर 11.15 बजे वीवीआईपी गेस्ट हाउस लखनऊ पहुंचेंगे। दोपहर 2.40 बजे वीवीआईपी गेस्ट हाउस से प्रस्थान कर 3 बजे लखनऊ कौशल महोत्सव में शिरकत करेंगे, जो कोल्विन तालुकेदार्स कॉलेज में होगा। आरएलडी के प्रवक्ता मयंक त्रिवेदी ने बताया कि महोत्सव में सहभागिता के उपरांत वे 4.25 बजे पुनः वीवीआईपी गेस्ट हाउस लौटेंगे। शाम 5.30 बजे उनका प्रस्थान वीवीआईपी गेस्ट हाउस से होगा और 6बजे वे चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट लखनऊ पहुंचेंगे। 7 बजे की फ्लाइट से दिल्ली के लिए रवाना होंगे और 8.15 बजे दिल्ली पहुंचेंगे।

### बच्चों ने ओजोन परत के संरक्षण के लिए बड़ों को किया जागरूक

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के अलीगंज स्थित आंचलिक विज्ञान नगरी, लखनऊ मैं दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय ओजोन परत संरक्षण दिवस का भव्य समापन पुरस्कारों के वितरण के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने ओजोन परत संरक्षण की उपयोगिता के प्रति के प्रति लोगों को जागरूक किया। बच्चों ने जूनियर व सीनियर वर्गों में क्विज प्रतियोगिता पोस्टर मेकिंग, कोलाज प्रतियोगिता तथा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भाग लिया इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सुशांत शर्मा भारतीय वन सेवा तथा आमंत्रित अतिथि के रूप में कविता अरोरा लखनऊ विश्वविद्यालय से उपस्थित थी उन्होंने बच्चों को अपने कर कमरों द्वारा सम्मानित किया। मुख्य अतिथि तथा बच्चों द्वारा इस अवसर पर विज्ञान नगरी में सघन पौधारोपण भी आयोजित किया गया। विज्ञान नगरी के परियोजना समन्वयक डॉक्टर स्वरूप मंडल ने बताया कि ओजोन परत संरक्षण दिवस पर विभिन्न विद्यालयों के लगभग 400 से अधिक बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में विजेताओं को ट्रॉफी प्रमाण पत्र मेडल तथा उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### श्री जोश मवेली डॉ. जगदीश गांधी पुरस्कार से सम्मानित



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** केरल के महान समाज सुधारक व शिक्षाविद् श्री जोश मवेली, संस्थापक, जनसेवा शिशुंभवन का आज सिटी मोन्टेसरी, स्कूल की संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी ने डा. जगदीश गाँधी पुरस्कार से सम्मानित किया। इसके अन्तर्गत श्री जोश को एक लाख रूपये की धनराशि एवं प्रशस्ति पत्र व मोमेन्टों प्रदान किया गया। डा. भारती गाँधी ने कहा कि मुझे यह पुरस्कार देते हुए अत्यन्त प्रसन्नता व गर्व महसूस हो रहा है। सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने बताया कि ''डॉ. जगदीश गांधी पुरस्कार उत्कृष्ट सामाजिक सेवा हेतु'' दूरदर्शी शिक्षाविद् डॉ. जगदीश गाँधी की स्मृति में, दिया गया है। बच्चों को सशक्त बनाने, असमानता से संघर्ष करने और चरित्र-आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने की डॉ. गाँधी की विरासत आशा और उद्देश्य का प्रकाशस्तंभ है।

भरण-पोषण अनुदान, कुष्ठावस्था पेंशन और मोटराइज्ड साइकिल वितरण पर जोर

# दिव्यांगों व पिछड़ों के लिए नई योजनाएं बनाएगा यूपी

▸ वृहद कार्यक्रमों में लाभार्थियों को मिलेगा प्रमाण पत्र व उपकरण

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि दिव्यांगजन एवं पिछड़ा वर्ग के लिए और अधिक प्रभावी योजनाएं बनाने हेतु अन्य राज्यों का भ्रमण किया जाय।

उन्होंने कहा कि इन वर्गों के लिए चलाई जा रही योजनाओं एवं सुविधाओं का स्थलीय अध्ययन कर सकारात्मक पहलों को उत्तर प्रदेश की विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों में सम्मिलित किया जाएगा। आज विधानसभा स्थित अपने कार्यालय में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए मंत्री कश्यप ने कहा कि दिव्यांगजन एवं पिछड़ा वर्ग के लिए वृहद स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किये जायें। इन कार्यक्रमों के दौरान योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को जिला स्तर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में प्रमाण पत्र और उपकरण वितरित कराया जाय। मंत्री कश्यप ने पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की प्रमुख योजनाओं की भी प्रगति का ब्योरा लिया। शादी अनुदान योजना, छात्रवृत्ति योजना, कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना की कार्यवाही को तेज करने पर बल दिया। योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र युवाओं तक पहुँचे, इसके लिए व्यापक रणनीति तैयार की जाए।

### शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रस्तावित करने के निर्देश

मंत्री ने दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग से संबद्ध विद्यालयों के शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रस्तावित करने के निर्देश दिए। शिक्षकों को नई तकनीकों से परिचित कराया जाये । उन्हें अन्य संस्थानों का भ्रमण कराया जाये ताकि वे आधुनिक पद्धतियों को आत्मसात कर दिव्यांग विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा दे सकें। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार दिव्यांगजन भरण-पोषण अनुदान योजना एवं कुष्ठावस्था पेंशन योजना से दिव्यांगजनों को निरंतर आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है। मोटराइज्ड साइकिल वितरण की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये कि कार्यवाही को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाये। अधिकारियों से कहा कि वे जनप्रतिनिधियों से संपर्क कर वितरण की गति को तेज करें। दिव्यांग व्यक्ति प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अंतर्गत विवाह करने वाले दिव्यांग दंपतियों के लंबित आवेदनों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

# सरकारी जमीन से हटा कब्जा, आठ करोड़ की जमीन कराई गई खाली

समृद्धि न्यूज

▸ नगर निगम व तहसील प्रशासन की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ में सरकारी जमीन से अवैध कब्जा हटाया गया है। गहरू गांव के तहसील सरोजनी नगर में कार्रवाई करते हुए 8 करोड़ रुपए कीमत की जमीन खाली कराई गई। नगर निगम और तहसील प्रशासन की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की।

प्रभारी अधिकारी (संपत्ति) रामेश्वर प्रसाद की देखरेख में गठित टीम ने मौके पर जाकर अतिक्रमण हटवाया। जेसीबी से अतिक्रमण हटाया गया। अभियान के दौरान गहरू गांव की कई खसरा संख्याओं की भूमि से अवैध कब्जे हटाए गए। इनमें खसरा संख्या 608 (1.163 हे.), 566 (0.013 हे.), 569 (0.152 हे.), 573 (0.044 हे.), 574 (0.040 हे.) और 572 (0.259 हे.) की ऊसर व नवीन परती भूमि शामिल रही।

इन सभी भूमि टुकड़ों पर लंबे समय से अस्थायी अतिक्रमण किए गए थे। अधिकारियों के अनुसार, कुल 0.506 हेक्टेयर भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराया गया है। यह जमीन अब शासन और प्रशासन के नियंत्रण में आ गई है और भविष्य में जनहित के कार्यों में प्रयोग की जा सकेगी।

### राज्यपाल ने राजभवन में निर्माणाधीन कैक्टस हाउस का निरीक्षण कर किया पौधारोपण



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मंगलवार को राजभवन स्थित निर्माणाधीन कैक्टस हाउस का निरीक्षण कर परिसर में पौधारोपण किया। निरीक्षण के दौरान राज्यपाल ने कैक्टस हाउस को निर्धारित समय में पूर्ण किए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। राज्यपाल पर्यावरण संरक्षण तथा राजभवन के सौंदर्यीकरण के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। इसके अतिरिक्त 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत तथा समय-समय पर विभिन्न वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, ताकि पर्यावरण संतुलन बनाए रखा जाए। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ. सुधीर महादेव बोबडे, विशेष कार्याधिकारी अशोक देसाई, विशेष कार्याधिकारी शिक्षा डॉ. पंकज एल. जानी आदि मौजूद रहे।

# नवागंतुक छात्रों के लिए ओरिएंटेशन सत्र आयोजित

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** लखनऊ विवि के विधि संकाय की समिति ए.डी.आर. ड्राफ्टिंग ऐंड लिटरेरी सोसाइटी द्वारा प्रथम वर्ष के नवागंतुक छात्रों के लिए ओरिएंटेशन सत्र का आयोजन किया गया। यह सत्र समिति के परिचय और उसकी गतिविधियों से छात्रों को अवगत कराने हेतु आयोजित किया गया।

इस अवसर पर पूर्व संकायाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) बी.डी. सिंह, प्रो. (डॉ.) ए.के. सोनकर, शिक्षक समन्वयक प्रो. (डॉ.) हरीशचंद्र राम, सहायक शिक्षक समन्वयक डॉ. कौशलेंद्र सिंह ने छात्रों को संबोधित किया। प्रो. (डॉ.) बी.डी. सिंह ने ए.डी.आर. और ड्राफ्टिंग के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला, वहीं प्रो. (डॉ.) ए.के. सोनकर ने भी छात्रों का ज्ञानवर्धन करते हुए उन्हें विधि अध्ययन की गहनता समझाई। सभी वक्ताओं ने समिति की भूमिका, उद्देश्यों और छात्रों की सक्रिय भागीदारी के महत्व पर विचार साझा किए। इसके पश्चात समिति के अध्यक्ष स्वराज ने समिति की कार्यप्रणाली और आगामी गतिविधियों की जानकारी दी। स्टूडेंट एडवाइजर अरजू नायाब ने छात्रों को बताया कि वे किस प्रकार इस समिति का हिस्सा बन सकते हैं और अपनी प्रतिभा को मंच प्रदान कर सकते हैं। सत्र के दौरान छात्रों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया, जिससे उन्हें समिति की संरचना और योगदान के बारे में स्पष्टता प्राप्त हुई। इस ओरिएंटेशन में समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे और आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया। सत्र छात्रों के लिए मार्गदर्शक, संवादात्मक और प्रेरणादायक सिद्ध हुआ।

# उत्कृष्ट सेवाओं के लिए तीन रेलकर्मी सम्मानित

समृद्धि न्यूज





**लखनऊ।** उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल द्वारा संरक्षा से जुड़े कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 3 रेलकर्मियों को मंडल रेल प्रबंधक सुनील कुमार वर्मा द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी समर्थ गुप्ता व वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक रजनीश श्रीवास्तव एवं वरिष्ठ मंडल यांत्रिकी अभियंता (सी एंड डब्ल्यू) देवेश शर्मा की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

सम्मानित किए गए रेलकर्म आकाश वर्मा, स्टेशन मास्टर (मगरवारा), पप्पू यादव, पॉइंट्स मैन (अयोध्याधाम) तथा संजय कुमार मूरमु, टेकनीशियन-III (कोचिंग डिपो लखनऊ) हैं जो लखनऊ मंडल के संरक्षा, परिचालन तथा इंजीनियरिंग विभाग के हैं, जिन्होंने अपने-अपने कार्यक्षेत्र में संरक्षित एवं सुरक्षित रेल परिचालन सुनिश्चित करने में सराहनीय भूमिका निभाई है। इनके सतर्क प्रयासों से मंडल में संरक्षा मानकों में निरंतर सुधार हुआ है। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक श्री वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि रेलवे में संरक्षा सर्वोपरि है और हमारे रेलकर्मी विपरीत परिस्थितियों में भी अपनी ड्यूटी पूरी निष्ठा, सजगता और समर्पण के साथ निभाते हैं।

### फैजुल्लागंज में स्ट्रीट लाइट खराब, लोगों ने निकाला कैंडल मार्च

**लखनऊ ।** फैजुल्लागंज में नाराज लोगों ने नगर निगम के खिलाफ कैंडल मार्च निकाला है। आठ कॉलोनियों में पिछले दो महीनों से सैकड़ों खराब पड़ी एलईडी स्ट्रीट लाइटों के विरोध में यह रैली निकाली गई। लोगों ने अंधेरी गलियों में मोमबत्ती जलाकर नगर निगम मार्ग प्रकाश विभाग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। दाउदनगर में रामविलास शर्मा, अन्नपूर्णा नगर में अभिषेक मिश्रा, कृष्ण लोक कॉलोनी में रीना कश्यप, गायत्री नगर में मुरली प्रसाद वर्मा, यश नगर में अमित तिवारी, हरिओम नगर में एस.के. श्रीवास्तव, गाजीपुर बलराम में पूनम जायसवाल और प्रीति नगर में शैलेष कुमार के नेतृत्व में नागरिक इस प्रदर्शन में शामिल हुए।

# उत्तर प्रदेश में एलएसडी रोग का हुआ प्रभावी नियंत्रण : धर्मपाल सिंह

समृद्धि न्यूज

▸ 1447 ग्रामों व छिटपुट प्रभावित 2558 ग्रामों में रिंग वैक्सीनेशन

**लखनऊ ।** पशु एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में प्रदेश में गोवंशीय पशुओं में लम्पी स्किन डिजीज के संक्रमण के रोकथाम, उपचार, रोकथाम, टीकाकरण एवं अन्य प्रभावी कार्यवाहियों के संबंध में प्रेस प्रतिनिधियों को जानकारी देते हुए बताया कि राज्य सरकार के प्रयासों से प्रदेश में एलएसडी रोग का प्रभावी नियंत्रण पा लिया गया है।

श्री सिंह ने बताया कि प्रदेश के बिहार सीमा से लगे 11 जनपद एलएसडी रोग से प्रभावित हैं तथा इनसे सटे कुछ जनपदों में छिटपुट गोवंशीय पशुओं में एलएसडी के लक्षण पाये जा रहे हैं। पशुधन मंत्री ने कहा कि एलएसडी के प्रभावी रोकथाम हेतु प्रदेश में 61.20 लाख डोज गोट पाक्स वैक्सीन उपलब्ध है, पशुओं का टीकाकरण किया जा रहा है। गोट पाक्स वैक्सीन मुख्यतया बकरियों में चेचक रोकथाम हेतु लगायी जाती है। पूर्व में एलएसडी डेडिकेटेड वैक्सीन की अनउपलब्धता के कारण इसका उपयोग गोवंश में लम्पी रोग नियंत्रण हेतु किया जाता रहा है। आईवीआरआई द्वारा नवीन विकसित ''लम्पी प्रोवैक वैक्सीन की 60000 खुराक हवाई मार्ग द्वारा बैंगलौर से मंगवा ली गयी है।

# पीएम मोदी का जन्मदिन आज, शुरू होगा बीजेपी का सेवा पखवाड़ा

समृद्धि न्यूज

▸ जीपीओ पार्क में लगेगी पीएम के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी

**लखनऊ ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक भारतीय जनता पार्टी विभिन्न सेवा कार्यों के माध्यम से सेवा पखवाड़ा मनाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ, प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी मुजफ्फरनगर तथा राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह फिरोजाबाद में कल 17 सितम्बर को सेवा पखवाड़ा के तहत कार्यक्रमों में सम्मिलित रहेंगे।

लखनऊ के जीपीओ पार्क में बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह एवं प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना के साथ करेंगे। प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन 17 से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाकर भाजपा रक्तदान शिविर, स्वच्छता कार्यक्रम, निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, प्रबुद्ध वर्ग संवाद, नमो मैराथन, वोकल फॉर लोकल तथा चित्रकला प्रतियोगिताओं सहित सेवा कार्यों के साथ ही सामाजिक सरोकार से जुड़ते हुए विभिन्न कार्यक्रम करेगी। 17 सितम्बर को लखनऊ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का उदघाट्न होगा।

### मड़ियांव पुलिस ने पांच वारंटियों को पकड़ा

**लखनऊ।** मड़ियांव थाना पुलिस ने 5 वारंटी जो काफी समय से फरार थे, मुखबिर की सूचना प्राप्त हुई, पुलिस टीम की सूझबूझ से वारंटियों को गिरफ्तार किया, 1 वासुदेव यादव निवासी मानखेड़ा, 2 सूरत पाल निवासी रौशनाबाद, 3 अशोक कुमार मौर्य निवासी ग्राम खरगापुर थाना जानकीपुरम विस्तार 4 सुनील निवासी ग्राम बौरुमऊ, 5 दीपक निवासी धतिगरा थाना मड़ियांव लखनऊ को गिरफ्तार किया गया, प्रभारी निरीक्षक शिवानंद मिश्रा लगातार अपराधियों पर शिकंजा करते हुए नजर आ रहे हैं, लखनऊ कमिश्नर के दिशा निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस टीम ने गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा के लिए न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है।

दीक्षांत समारोह

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने की एसजीपीजीआई के 29वें दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता

# शोध-चिकित्सा में सराहनीय काम वाले 17 डॉक्टर व रेजिडेंट सम्मानित

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ ।** एसजीपीजीआई का 29वां दीक्षांत समारोह आज यानी मंगलवार को आयोजित किया गया। संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान के श्रुति सभागार में होने वाले इस समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने की।

राज्यपाल ने पीएचडी, डीएम, एमसीएच, एमडी, बीएससी और एमएससी नर्सिंग समेत कई कोर्सों के उत्तीर्ण 415 स्टूडेंट्स की डिग्री डिजिलॉकर पर 10 सेकेंड में अपलोड कर दीं। राज्यपाल ने शोध और चिकित्सा गतिविधियों में सराहनीय काम करने वाले 17 डॉक्टर और रेजिडेंट को सम्मानित किया। इसके बाद मंच पर लौटते समय डिप्टी सीएम ने पड़े कागज को उठा लिया। उसे माथे लगाकर टेबल पर रखा। डिप्टी सीएम ने भाषण में कहा ज्यादातर प्राइवेट हॉस्पिटल भी पीजीआई के नाम से चलते हैं। वहां के डॉक्टर अपने नाम से पहले एक्स पीजीआई लिखते हैं। दीक्षांत समारोह में डिप्टी सीएम के साथ चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, लिवर एक्सपर्ट डॉ. नागेश्वर रेड्डी, संस्थान के निदेशक पद्मश्री डॉ. आरके धीमान, डीन डॉ. शालीन कुमार मौजूद रहे। इस दौरान राज्यपाल ने वक्तव्य दिया। उन्होंने कहा स्टेट और सेंट्रल यूनिवर्सिटी की तुलना ठीक नहीं।

सेंट्रल को केंद्र से ग्रांट मिलती है और स्टेट यूनिवर्सिटीज अपना खर्च खुद उठाती हैं। हर घर को शुद्ध पीने का पानी मिलना चाहिए। वो ही पानी हैंडपंप के जरिये निकालते हैं और पीते हैं। पानी को शुद्ध करने के बाद ही पीना चाहिए। दूसरा-स्वच्छता, मेडिकल वेस्ट, घर का कचरा और किसानों का कचरा कहा जाता है इसे देखना चाहिए।

### शकुंतला मिश्रा विवि के 12वें दीक्षांत में 166 मेधावियों को मेडल

**लखनऊ।** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के 12वें दीक्षांत समारोह में 2113 स्टूडेंट्स को उपाधियां दी गईं। 166 मेधावियों को 81 स्वर्ण पदक, 43 रजत पदक और 42 कांस्य पदक दिए गए। कुलपति प्रो. संजय सिंह ने कहा नेचर इंडेक्स रैंकिंग में विश्वविद्यालय को देशभर में 165वां स्थान मिला है। स्टूडेंट्स ने दिव्यांगजनों के लिए 3डी डिजाइन से कृत्रिम अंग बनाए हैं, जो उनको निशुल्क दिए जा रहे हैं। दिव्यांग जन सशक्तीकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा 11 लाख 32 हजार 254 दिव्यांगजनों की भरण-पोषण राशि 300 से बढ़ाकर 1000 रुपए प्रति माह की है। यूपी में 8 हजार 863 दिव्यांगजनों को दुकान बनाकर दी गई। 55 डे केअर सेन्टर और 28 समेकित विद्यालय खोले गए हैं। यूपी आज देश का पहला ऐसा राज्य है, जहां दिव्यांग जन के लिए 2 विश्वविद्यालय संचालित हो रहे हैं। विवि कुलाधिपति और राज्यपाल आनंदीबेन ने कहा अभी भी समाज में महिलाओं को अछूत समझा जाता है। उनको परेशान होना पड़ता है। ऐसी बुराइयों से महिलाएं अब मुक्त हुई हैं। सिर्फ विश्वविद्यालयों से एमओयू करने से कोई फायदा नहीं होगा। ग्राउंड पर काम होगा तो रिजल्ट सामने दिखेगा।

# धन लोलुपता में पुत्र ने की थी पिता की हत्या

## पिता के आर्थिक मदद से इनकार करने पर नाराज रहता था पुत्र



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।**

खरगूपुर थाना क्षेत्र में ग्राम शिवगढ़ निवासी गंगासागर व उनका पुत्र अनोखीलाल लकड़ी काटने हेतु कुआनों जंगल गए थे जहां पर अज्ञात हमलावरों ने उनपर धारदार हथियार से हमला कर के गंगासागर की गला काट कर हत्या कर दी गई थी। पुत्र अनोखीलाल को घायल कर दिया गया था। इलाज के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था। घटना स्थल का पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने स्थानीय पुलिस बल ने पहुँचकर निरीक्षण किया गया था। घटना का खुलासा के लिए पांच टीमों का गठन किया था। पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि अनोखीलाल द्वारा बताया गया कि वह तीन भाई हैं। जिसमें वह सबसे बड़ा भाई है। मृतक गंगा सागर वर्तमान में अपने सबसे छोटे पुत्र के साथ रहता था तथा अपनी सम्पत्ति उसी को दान करना चाहता था जिसको लेकर बड़े पुत्र और पिता में विवाद रहता था। आलोखी लाल ने जल्द ही अपनी पुत्री का विवाह किया था, जिसके कारण वह आर्थिक कर्ज़ में था और पिता से आर्थिक सहयोग चाहता था। पिता द्वारा आर्थिक मदद से इनकार करने पर नाराज रहता था।

पिता की हत्या करने की योजना बनाई। लकड़ी काटने का बहाना बनाकर अपने पिता के साथ कुआनों जंगल में गया, जहाँ पैसों को लेकर दोनों में तीखी बहस हुई , इसी दौरान अनोखी लाल ने धारदार हथियार बांका से अपने पिता की गला रेतकर हत्या कर दी गई।

घटना को छिपाने और स्वयं को बचाने के लिए झूठी कहानी गढ़ी और हत्या का दोष दो अज्ञात व्यक्तियों पर लगाया। पुलिस ने घटना में उपयोग किये गए बाका को बरामद कर के हत्यारे पुत्र अनोखी लाल को जेल भेज दिया।

## अनुराग प्रियदर्शी बने गोंडा के वनाधिकारी, बख्शे नहीं जाएंगे लापरवाह कर्मचारी

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** शासन ने अनुराग प्रियदर्शी को जिले का वनाधिकारी बनाया है। उन्होंने मंगलवार को जिले का चार्ज ले लिया। चार्ज लेते ही जिले में तैनात अपने सभी कर्मचारियों और अधिकारियों की बैठक लिया। बैठक में उन्हों ने कहा कि जो शासन की प्राथमिकता होगी उसी प्रकार काम किया जाएगा। अवैध लकड़ी कटान को पूरी तरह से जनपद में बंद कराया जाएगा। अगर इस में किसी भी कर्मचारी और अधिकारी शामिल मिले तो उनको बख्शा नहीं जायेगा। सीधे कारवाही की जाएगी। इस जिम्मेदारी सम्बंधित कर्मचारी की होगी। वनाधिकारी अनुराग प्रियदर्शी वर्ष 2020के आईएफएस अधिकारी है। उनकी पहली तैनाती सोनभद्र जिले में ओबरा वन प्रभाग के पद पर हुई थी। दूसरी तैनाती इनकी गोंडा जिले में हुई है। आई आई टी धनबाद से बीटेक किए हुए है। मूल रूप से बाराबंकी जिले के रहने वाले है।

# महिला ने लगायी फांसी,एक साल से नहीं ठीक थी दिमागी हालत

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के चिलबिला खत्ती पुर गांव के निवासी देव प्रकाश की पत्नी 45, किरन देवी ने सोमवार की बीती रात्रि में घर के कमरे में साड़ी से बांध कर फांसी लगा कर आत्म हत्या कर लिया। मृतका के पति देव प्रकाश ने बताया कि उसकी पत्नी का दिमागी हालत करीब एक साल से ठीक नहीं रहता था। जिस की दवा पहले जिले में ही कराई गई लेकिन जब यहां से आराम नहीं मिला तो लखनऊ में मानसिक रोग विशेषज्ञ को दिखाया गया। जिन की दवा करीब एक साल से चल रही थी।दिमागी हालत ठीक न होने की वजह से अक्सर कई बार घर से भाग चुकी थी। सोमवार के दिन बड़ा बेटा आदर्श छोटा बेटा अभिषेक और अनुभव सहित परिवार के सभी लोग खाना खा अपने अपने कमरे में सोने चले गए। मंगलवार की सुबह जब मृतका की बहु जगाने है तब इस की मारने की जानकारी घर वालो हुई।

फांसी लगाने की जानकारी मिलते ही गांव के तमाम लोगो की भीड़ इकट्ठा हो गई।

घटना की जानकारी कोतवाली देहात के प्रभारी ।संजय कुमार सिंह को होने पर मौके के हल्का दरोगा को भेज कर शव को उतरवा कर पोस्ट मार्टम भेजा गया।

## पेड़ से लटका मिला महिला का शव

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिले के खैरीघाट क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक महिला का शव पेड़ से लटका हुआ पाया गया। पुलिस ने बताया कि मृतका की पहचान बरुही गांव निवासी रमेश की पत्नी सुनीता (42) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, सुनीता का शव उनके घर से लगभग 500 मीटर दूर भिलौर नामक पेड़ पर उनकी ही साड़ी से बने फंदे से लटका मिला। ग्रामीणों द्वारा घटना की सूचना दिए जाने पर खैरीघाट के थानाध्यक्ष राशिद अली खान तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पंचनामा की कार्रवाई पूरी की, जिसके पश्चात शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। जांच में पता चला है कि मृतका के पति, रमेश कुमार, परदेश में मजदूरी करते हैं और वर्तमान में घर पर नहीं हैं। उनके सास-ससुर भी अलग रहते हैं।सूत्रों के अनुसार, सोमवार को बच्चों को लेकर सुनीता का पड़ोसियों के साथ विवाद हुआ था। थानाध्यक्ष राशिद अली खान ने बताया कि इस मामले में अभी तक कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

## जिला प्रशासन के सहयोग से दुर्गा पूजा महोत्सव होगा सम्पन्न : सुदामा मिश्रा

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** आगामी दुर्गा पूजा महोत्सव को धूमधाम से मनाने,प्रतिमा स्थापना एवं भव्य पूजन, अर्चन के लिए श्री मां दुर्गा हिन्दू पूजन महासमिति के पदाधिकारियों की एक आवश्यक बैठक महासमिति के अध्यक्ष सुदामा मिश्रा के काजीकटरा स्थित आवास पर सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर ध्यान आकर्षण किया गया। महासमिति के महामंत्री कन्हैया सोनी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी 22 सितम्बर से दुर्गा पूजा महोत्सव धूमधाम एवं हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया जायेगा।उन्होंने दुर्गा पूजा उप समितियो से अपील की कि दुर्गा पूजा प्रतिमा स्थापना को लेकर किसी तरह की समस्या आ रही है 19 सितम्बर तक महासमिति के पदाधिकारियों को अवगत करवा दे। महासमिति के अध्यक्ष सुदामा मिश्रा ने कहा कि पूरे जनपद में दुर्गा पूजा का पर्व बड़े ही श्रद्धा,उल्लास व भक्तिमय माहौल में मनाया जाएगा।

# एनसीसी का उद्देश्य प्रशिक्षित युवाओं की फौज तैयार करना : कर्नल कपूर





**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

48 उत्तर प्रदेश वाहिनी एनसीसी गोंडा के कमान अधिकारी कर्नल सुनील कपूर और प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल रणयोद्ध सिंह के दिशा निर्देशन में दिनांक 16/09/2025 से 25/09/2025 तक संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 162 तथा प्री आईजीसी शिविर का प्रारंभ नंदिनी नगर महाविद्यालय नवाबगंज गोंडा में प्रारंभ हुआ। इस शिविर में गोंडा, गोरखपुर, बलरामपुर, सिद्धार्थ नगर,कुशीनगर आदि जनपदों से आए हुए कुल 600 कैडेट प्रतिभाग कर रहे हैं।

कैडेट्स को प्रशिक्षण देने के लिए 6 एएनओ तथा 12 परमानेंट इंस्ट्रक्टर को लगाया गया है। प्रशिक्षण के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कमान अधिकारी ने बताया की प्रशिक्षण के दौरान कैडेट्स को सैद्धांतिक और व्यावहारिक दोनों प्रकार के प्रशिक्षण साथ-साथ दिए जाएंगे। इस 10 दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान कुछ प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाएगा जिनमें मुख्य रूप से ड्रिल, सांस्कृतिक तथा भाषण प्रतियोगिता मुख्य होगी। कैंप के दौरान मैप रीडिंग और फायरिंग कंपटीशन भी कराया जाएगा। कैडेट्स को संबोधित करते हुए कमान अधिकारी ने बताया कि एनसीसी का मुख्य लक्ष्य देश सेवा करने वाले प्रशिक्षित और नैतिक मूल्यों से युक्त युवाओं का समूह तैयार करना है।

प्रशिक्षित कैडेट जिस भी क्षेत्र में जाते हैं वह अपनी अलग पहचान बनाते हैं।

कैडेट्स एनसीसी के ध्येय वाक्य एकता और अनुशासन को आत्मसात करेंद्य इस अवसर पर बटालियन के प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल रणयोद्ध सिंह, मुख्य प्रशिक्षक अधिकारी मेजर राजाराम, कैंप एजुटेंट लेफ्टिनेंट विपिन शुक्ला, एस एम ए पी सिह,सूबेदार कलाम सिंह कॉलेज से आए हुए एसोसिएट एनसीसी अधिकारी,केयर टेकर अधिकारी,गर्ल्स कैडेट इंस्ट्रक्टर और पी आई स्टाफ उपस्थित रहे।

# न्यू इंडिया 2047 थीम पर लगेगी 15 दिवसीय प्रदर्शनी





▸ प्रधानमंत्री के कृतित्व और प्रदेश सरकार की योजनाएँ होंगी प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

उत्तर प्रदेश सरकार के सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के प्रदर्शनी प्रभाग के निर्देश पर प्रदेश में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 तक विशेष 15 दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रदर्शनी गांधी पार्क के पास टाउन हॉल के बगल में लगाई जाएगी। इसमें प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व और कृतित्व, न्यू इंडिया-2047 के विज़न तथा प्रदेश सरकार द्वारा जनहित में संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया जाएगा।

यह प्रदर्शनी आम जनता को सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ नई पीढ़ी को प्रेरित करने का कार्य करेगी। इसमें शासन की उपलब्धियों, विकास कार्यों और भविष्य की रूपरेखा से जुड़े विस्तृत विवरण आमजन तक पहुँचाए जाएंगे। प्रदर्शनी प्रभाग के अनुसार, यह कार्यक्रम महात्मा गांधी जयंती के अवसर तक चलेगा और इसका मुख्य उद्देश्य आम जनता को विकास योजनाओं के प्रति जागरूक करना है। जिला सूचना अधिकारी ने जनपद वासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में प्रदर्शनी का भ्रमण कर न केवल योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें, बल्कि न्यू इंडिया-2047 के संकल्प को साकार करने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। यह प्रदर्शनी गांधी पार्क के पास टाउन हॉल के बगल में आयोजित होगी, इसलिए हर वर्ग के लोगों से इसमें शामिल होकर योजनाओं की जानकारी लेने और दूसरों को भी प्रेरित करने का आह्वान किया गया है।

# 15 दिन बाद भी शिखा गुप्ता के हत्यारे को पकड़ने में नाकाम रही पुलिस के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**बेलसर /गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**



नगर पंचायत बेलसर विधानसभा तरबगंज मे राष्ट्रीय भारतीय अखंड पार्टी के पदाधिकारीयो ने शिखा गुप्ता सुल्तानपुर के हत्या के 15 दिन बाद भी प्रशासन द्वारा अभी तक हत्यारो का खुलासा नहीं हो पाया है इस प्रकरण मे जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता के नेतृत्व में पार्टी के पदाधिकारीयो के साथ शिखा गुप्ता की आत्मा के शांति के लिए कैंडल मार्च निकाला साथ मे शिवनाथ गुप्ता भोजवाल प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय भारतीय अखंड पार्टी राजेश भोजवाल अजय कसौधन विवेक भोजवाल मनीष भोजवाल सुनील जयसवाल सरवन कसौधन वा पार्टी के पदाधिकारी शिवनाथ गुप्ता भोजवाल ने बताया शिखा गुप्ता हत्याकांड आज 15 दिन हो गए लेकिन पुलिस प्रशासन ने अभी तक इस प्रकरण मे कोई खुलासा नहीं कर पाई है ना ही किसी की गिरफ्तारी हुई है जो अत्यंत निंदनीय हैं अगर पुलिस प्रशासन सरकार इस प्रकरण मे कोई ठोस एक्शन लेकर कार्रवाई नहीं करती है तो जल्द ही पार्टी के पदाधिकारियो के साथ लखनऊ में धरना प्रदर्शन करेंगे और पीड़ित परिवार के साथ मुख्यमंत्री से मिलेंगे।

## सालार मसूद गाजी लुटेरे नहीं, सुहेलदेव लुटेरे थे: शौकत अली

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली सोमवार को बहराइच में कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होने पहुंचे। यहां उन्होंने कहा कि सालार मसूद गाजी लुटेरे नहीं थे, सुहेलदेव लुटेरे थे। उन्होंने अखंड भारत का समर्थन किया। जिले में एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली ने कहा है कि सालार मसूद गाज़ी लुटेरे नहीं थे, सुहेलदेव लुटेरे थे। सालार मसूद गाज़ी मुसलमान थे और मुसलमान इंसाफ परस्त होता है। सुहेलदेव ने जब यहां ज़ुल्म करना शुरू किया तो सालार मसूद गाजी ने इस तरफ का रुख किया। उन्होंने ज़ुल्म और उसके अत्याचार के खिलाफ उससे लड़ाई लड़ी। शौकत अली बहराइच कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित करने आए थे। कार्यक्रम के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि पहले हिंदुस्तान, पाकिस्तान, बंगला देश और अफगानिस्तान को मिला कर भारत वर्ष कहलाता था।

# डीएम ने ली एकीकृत बागवानी मिशन योजना की बैठक

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**





जिला पंचायत सभागार, गोण्डा में एकीकृत बागवानी मिशन योजना के अंतर्गत जनपद स्तरीय समिति की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन एवं मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अंकिता जैन ने संयुक्त रूप से की। बैठक में उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अधिकारियों के साथ-साथ जनपद के प्रगतिशील किसान, कृषि विशेषज्ञ एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य एकीकृत बागवानी मिशन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन, प्रगतिशील किसानों को तकनीकी एवं वित्तीय सहायता, एवं जिले में बागवानी क्षेत्र के विकास की संभावनाओं पर विचार-विमर्श करना था। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कहा कि वर्तमान समय में परंपरागत कृषि के साथ-साथ बागवानी, फूलों की खेती, औषधीय पौधों का उत्पादन एवं फूड प्रोसेसिंग जैसी गतिविधियां किसानों की आय को दोगुना करने की दिशा में अत्यंत सहायक सिद्ध हो सकती हैं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने बताया कि एकीकृत बागवानी मिशन योजना के तहत किसानों को पौध रोपण, सिंचाई प्रणाली, प्लांट प्रोटेक्शन, पैक हाउस, कोल्ड स्टोरेज एवं विपणन के लिए सहायता उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक किसानों को इस योजना से जोड़ने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। बैठक में उपस्थित प्रगतिशील किसानों ने अपने अनुभव साझा किए तथा विभागीय योजनाओं में पारदर्शिता, समय पर अनुदान वितरण एवं तकनीकी मार्गदर्शन की आवश्यकता पर बल दिया। जिलाधिकारी ने सभी सुझावों को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्र किसानों को समयबद्ध एवं सुगम तरीके से योजना का लाभ दिलाया जाए। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि ब्लॉक स्तर पर विशेष प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें किसानों को आधुनिक बागवानी तकनीकों, मूल्यवर्धन, ब्रांडिंग एवं विपणन से संबंधित जानकारी दी जाएगी। साथ ही, जिले में संभावित क्षेत्रों की मैपिंग कर क्लस्टर आधारित बागवानी विकास को बढ़ावा दिया जाएगा। बैठक में डीडी उद्यान विभाग, जिला उद्यान अधिकारी सहित अन्य सभी संबंधित विभाग के अधिकारीगण व जनपद के प्रगतिशील किसान उपस्थित रहे।

# दिनदहाड़े चोरी से दहला सचौली गांव, महिला को बनाया बंधक

**पयागपुर,बहराइच समृद्धि न्यूज।**



पयागपुर थाना क्षेत्र के सचौली गांव में मंगलवार सुबह करीब 11 बजे हुई चोरी की वारदात ने पूरे इलाके को दहला दिया। चार नकाबपोश बदमाशों ने रिक्शा चालक रामकुमार के घर को निशाना बनाते हुए उसकी पत्नी अर्चना को बंधक बना लिया।घटना के वक्त अर्चना अपने बेटे को शौच के लिए बाहर ले गई थीं। लौटने पर उन्होंने दरवाजा खुला देखा और अंदर जाने पर पाया कि चार नकाबपोश घर का सामान खंगाल रहे हैं। विरोध करने पर चोरों ने उनके हाथ-पैर बांध दिए और 18,000 रुपये नकद व करीब 7-8 हजार रुपये के गहने लेकर फरार हो गए। कुछ देर बाद ग्रामीणों ने घर का दरवाजा खुला देखा और अंदर पहुंचकर अर्चना को बंधन से मुक्त कराया। इसके बाद उन्होंने फोन कर पति रामकुमार को सूचना दी। घटना की खबर फैलते ही गांव में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से क्षेत्र में दहशत फैल गई है और लोगों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गहरी चिंता है।

# सेक्टर प्रभारियों के नेतृत्व में क्षेत्र में गश्त कर रही हैं टीमें

**बहराइच समृद्धि न्यूज।**



वन प्रभाग, बहराइच के कैसरगंज रेंज अन्तर्गत तहसील कैसरगंज एवं महसी के ग्रामों में अज्ञात वन्य जीव द्वारा किये गये हमले के दृष्टिगत नियंत्रण/शमन की कार्यवाही के दृष्टिगत हिंसक वन्य जीव के सक्रियता/प्रभावित क्षेत्रों को 04 सेक्टरों में विभाजित कर अधिकारियों द्वारा दिवारात्रि में गश्त कर प्रभावित क्षेत्र को निगरानी में रखा गया तथा क्षेत्र में तैनात समस्त टीमों द्वारा सेक्टर प्रभारियों की देख-रेख रणनीति के तहत रेस्क्यू कार्यवाही का संचालन किया जा रहा है। डीएफओ श्री यादव ने बताया कि वन विभाग द्वारा 15/16 सितम्बर को तहसील कैसरगंज व महसी के अज्ञात वन्य जीव आतंक प्रभावित क्षेत्र के सभी 04 सेक्टरों में वन्य जीव को खोजने/रेस्क्यू के उद्देश्य से सेक्टर प्रभारियों की अगुवाई में विशेषज्ञ टीम द्वारा दो थर्मल ड्रोन एवं एक अन्य ड्रोन कैमरे तथा गश्ती दलों द्वारा वन्य जीव को खोजने की कार्यवाही की गयी। गश्ती दलों द्वारा संवेदनशील स्थलों पर कैमरा ट्रैपस को स्थापित कर उपद्रवी वन्य जीव के आवागमन को खोजने की कार्यवाही की गयी। डीएफओ ने बताया कि वन्य जीव के हमले से प्रभावित ग्रामों में सोलर सीसीटीवी कैमरे स्थापित किये गये हैं। ताकि वन्य जीव की पहचान सुनिश्चित करते हुए उसे सुरक्षित रेस्क्यू किया जा सके। इसके अलावा वन्य जीव संभावित स्थानों पर 03 ट्रैपिंग केज लगाये गये हैं ताकि अज्ञात वन्य जीव को सुरक्षित रेस्क्यू किया जा सके। गश्ती टीमों द्वारा पैदल चलकर सक्रिय वन्य जीव को चिन्हित किये जाने एवं पगमार्क खोजने की भी कार्यवाही की जा रही है। श्री यादव ने बताया कि जन जागरूता टीमों द्वारा स्थानीय ग्रामीणजनों को हिंसक वन्य जीवों से बचाव हेतु लगातार जागरूक किया जा रहा है तथा प्रभावित क्षेत्र के ग्रामवासियों को रात्रि में अपने घरों के अन्दर दरवाजा बन्द करके स्वयं एवं बच्चों को सुरक्षित सुलाने हेतु आग्रह किया जा रहा है। डीएफओ ने बताया कि गश्ती टीमों द्वारा वन्य जीव के हमलों से प्रभावित ग्राम के बाहरी क्षेत्रों में पटाखों को दगाकर वन्य जीव को आबादी से दूर रखने की कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रभाग स्तर पर कमांड सेंटर स्थापित किया गया है जो वन्य जीव सक्रियता क्षेत्रों में तैनात टीमों से सूचनाएं प्राप्त कर अधिकारियों को अवगत करा रही हैं। वन विभाग, पुलिस विभाग एवं जिला प्रशासन के बीच आपसी समन्वय स्थापित करते हुए हिंसक जीव के हमले से प्रभावित क्षेत्र में दिवारात्रि गश्त की जा रही है जिससे कोई भी अप्रिय घटना घटित नहीं होने पायी है।

# डॉ. अरविन्द शुक्ला अध्यक्ष व डॉ. अमित मिश्रा सचिव पद पर चयनित

**बहराइच समृद्धि न्यूज।**

भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) बहराइच शाखा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा कर दी गई है। संगठन की स्थानीय इकाई ने सर्वसम्मति से डॉ. अरविन्द शुक्ला को अध्यक्ष तथा डॉ. अमित मिश्रा को सचिव पद पर चयनित किया है।

आईएमए बहराइच जिले के चिकित्सकों का प्रमुख संगठन है, जो चिकित्सकों के हितों की रक्षा करने के साथ-साथ आमजन को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने और स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाता है। नव निर्वाचित अध्यक्ष डॉ. अरविन्द शुक्ला ने कहा कि संगठन सभी चिकित्सकों को साथ लेकर कार्य करेगा और जिले में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास करेगा।

वहीं सचिव डॉ. अमित मिश्रा ने कहा कि आईएमए बहराइच समाजहित में स्वास्थ्य शिविरों, जागरूकता अभियानों और चिकित्सक-समाज संवाद को और अधिक सशक्त बनाएगा।चिकित्सक समुदाय ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी और संगठन से नई ऊर्जा और सक्रियता की उम्मीद जताई है।

# रसिक बिहारी महाविद्यालय में हुआ जल संरक्षण पर मंथन



**विशेश्वरगंज,बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

रसिक बिहारी महाविद्यालय, विशेश्वरगंज सोमवार को गंगा समग्र सरयू भाग की महत्वपूर्ण बैठक का गवाह बना। परिसर में आयोजित इस बैठक का शुभारंभ राष्ट्रीय संगठन मंत्री रामाशीष ने दीप प्रज्वलन कर किया। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण, नदियों-तालाबों को जीवित रखना और वृक्षारोपण ही धरती के संतुलन को बनाए रख सकता है। प्रांत संगठन मंत्री लाल जी ने कार्यकर्ताओं के विकास पर बल देते हुए खंड कार्यकर्ता कारिणी गठन पर चर्चा की। वहीं भाग संयोजक एवं प्रांत पर्व आयाम प्रमुख जयकृष्ण जी ने जिला कार्यकारिणी में बदलाव करते हुए कमलापति अवस्थी को सह जिला संयोजक बहराइच तथा बृजेश तिवारी को जिला पालक अधिकारी नियुक्त किया। इस अवसर पर प्रबंधक एवं प्रांत शिक्षण संस्था आयाम प्रमुख राहुल श्रीवास्तव ने अतिथियों का स्वागत किया और राष्ट्रीय संगठन मंत्री को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। बैठक में महाविद्यालय के प्रांगण में उपस्थित कार्यकर्ताओं और आयाम प्रमुखों ने जल संरक्षण के संकल्प को दोहराया। कार्यक्रम में बहराइच जिला संयोजक रमेश पाठक, बलरामपुर जिला संयोजक मंगलदेव, गोंडा जिला संयोजक नारायण, साथ ही बृजमोहन, गणेश, विवेक, माताप्रसाद, उमाकांत सहित अनेक आयाम प्रमुख शामिल रहे।

## किसान यूनियन का धरना 9वें दिन जारी



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** जरवल रोड में भारतीय किसान यूनियन टिकैत का अनिश्चितकालीन धरना नौवें दिन भी जारी है। धरना ब्लॉक अध्यक्ष राम किशोर वर्मा की अध्यक्षता में चल रहा है। किसानों ने चार प्रमुख मांगें रखी हैं। पहली मांग है कि क्षेत्र में बिना मान्यता के चल रहे दो दर्जन से अधिक स्कूलों को बंद किया जाए। उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। दूसरी मांग में आवारा पशुओं को पकड़कर गौशाला भेजने की बात कही गई है। तीसरी मांग में किसानों को यूरिया उर्वरक उपलब्ध कराने की मांग है। चौथी मांग में मुस्तफाबाद सरकारी अस्पताल के सामने बने गड्ढों को भरकर आरसीसी मार्ग का निर्माण और जर्जर जरवलरोड रेवढा मार्ग की मरम्मत करवाने की बात कही गई है। धरने में रामराज सिंह, समर सिंह वर्मा, राम समुझ निषाद, मुलुकराज वर्मा, दीपक कुमार गुप्ता, रामकरन यादव समेत कई किसान मौजूद रहे। रेखा वर्मा, यशोदा, स्वाति निषाद, आरती देवी गुड़िया सहित महिला किसान भी धरने में शामिल हुईं।

# 294 मरीजों को नि:शुल्क औषधि की गई वितरित

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।**



डॉ सर्वेश कुमार शुक्ला आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल सबलापुर के सौजन्य से मंगलवार को महसी के सिकंदरपुर में निशुल्क आयुर्वेदिक शिविर का आयोजन दूर - दराज के लोगों के लिए आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति से समाज को जागरूक करने एवं प्रचार - प्रसार के लिए दसवें आयुर्वेदिक दिवस के उपलक्ष्य में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे कुल 294 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण करके निःशुल्क औषधि का वितरण किया गया। इसके साथ आए हुए मरीजों को स्वास्थ्य रहने हेतु योग एवं आहार विहार के बारे में सुशिक्षित किया गया। योग प्रशिक्षक द्वारा योग के आसन- प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। शिविर कार्यक्रम के क्षेत्रीय संयोजक जगदंबा प्रसाद शुक्ला द्वारा कैम्प का उचित प्रचार प्रसार किया गया। उक्त शिविर में कॉलेज के आयुर्वेद प्राचार्य डॉ आनंद चौरसिया , चिकित्सालय अधीक्षक डॉ शैलेन्द्र श्रीवास्तव , डॉ पवन वर्मा , डॉ देवेश तिवारी, डॉ मुकेश महिच, डॉ उमेश मिश्रा , डॉ प्रियका शर्मा , डॉ मंजू यादव , डॉ संदीप कुमार वर्मा , डॉ मनीष शुक्ला , फार्मासिस्ट राबिया खातून , गुरु प्रसाद शुक्ला , शिविर सहायक धर्मेंद्र शुक्ला , महेंद्र शुक्ला , सौरभ शुक्ला, अरुण यादव , संजय गौतम एवं बीएएमएस प्रथम वर्ष के छात्र - छात्रा उपस्थित रहे। संस्थान अध्यक्ष डॉ सर्वेश कुमार शुक्ला, निदेशक पल्लवी शुक्ला एवं प्रबंधक आस्था शुक्ला ने इस शिविर के आयोजन में पूर्ण रुचि सहित सहयोग दिया।

## खबरें एक नजर में

### ब्लॉक अमावां में आधार सेवा केंद्र का हुआ शुभारंभ



अमावां रायबरेली। ब्लॉक अमावा में आधार सेवा केंद्र का शुभारंभ किया गया (अमावा ब्लाक के खंड विकास अधिकारी संदीप सिंह द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया संदीप सिंह ने बताया कि अब आधार से जुड़ी सभी सेवाएं आसान और सुगम तरीके से यही ब्लॉक अमावा में उपलब्ध होंगी (आधार सेवा केंद्र पर्यवेक्षक विकास तिवारी ने बताया कि यहां पर उपलब्ध सेवाएं नाम सुधार संशोधन जन्मतिथि सुधार मोबाइल नंबर अपडेट बायोमेट्रिक अपडेट खोया आधार व अन्य सभी सेवाएं आपके अपने ब्लॉक अमावां में ही सरलता और आसानी से उपलब्ध है अब अमावा ब्लाक के लोगों को जिला मुख्यालय एवं अन्य जगहों पर नहीं जाना पड़ेगा अब अमावां ब्लाक में ही आधार कार्यों का कार्य हो जाएगा।

### कूड़ा उठाने को लेकर हुआ मामूली विवाद, नंद ने भाभी को पटक पटक कर मारा, वीडियो कैमरे में हुआ कैद

बछरावां रायबरेली। थाना क्षेत्र के अंतर्गत करनपुर गांव में मंगलवार के दोपहर कूड़ा उठाने को लेकर नन्द व भाभी मामूली विवाद हो गया। विवाद में नंद ने भाभी को पटक पटक कर मारा पीटा, जिसका वीडियो कैमरे में कैद हो गया। फिलहाल पीड़िता ने घटना की शिकायत तहरीर के माध्यम से स्थानीय थाने में की है। पुलिस तहरीर व मारपीट के उक्त वीडियो के आधार पर जांच पड़ताल में जुट गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता वंदना सिंह पत्नी मुनेंद्र सिंह जो पारिवारिक विवाद के कारण अपनी ससुराल करनपुर में अपने दो बच्चों के साथ अपने परिवार से अलग घर में रहती है। दी गई तहरीर के माध्यम से पीड़िता के द्वारा बताया गया कि आए दिन उसकी नंद प्रियंका सिंह पत्नी राजू उसके पति मुनेंद्र, ससुर लाखन सिंह और देवर शैलेंद्र सिंह की शह पाकर उससे विवाद किया करती है। मंगलवार दोपहर वह अपने दरवाजे पर कूड़ा उठा रही थी, तभी उसकी नंद कूड़ा उठाने को लेकर उससे विवाद करने लगी। जिसके बाद उसके द्वारा मुझे पटक पटक कर मारा पीटा गया। साथ ही साथ पीड़िता ने यह भी बताया कि वह अपने दो बच्चों के साथ अलग घर में रहती है। उसका पारिवारिक जनो से विवाद चल रहा है। फिर भी उसकी नन्द प्रियंका आए दिन उसके साथ मारपीट की घटना को अंजाम देती रहती है। फिलहाल पुलिस के द्वारा घायल पीड़िता की तहरीर व मारपीट के उक्त वीडियो के आधार पर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है और घायल पीड़िता का इलाज व मेडिकल अस्पताल में कराया गया है। इस बाबत थाना प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि घटना की तहरीर प्राप्त हुई है। तहरीर व मारपीट के उक्त वीडियो के आधार पर जांच पड़ताल कर आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### खैराबाद की बिटिया ने किया नाम रोशन देव भूमि उत्तराखंड में हुई सम्मानित



खैराबाद, सीतापुर। माखुपुर निवासी नरेश चंद्र जायसवाल की पुत्री कोमल जायसवाल को देव भूमि उत्तराखंड में योग रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। जिससे खैराबाद वासियो में खुशी नजर आयी। उस मौके पर खैराबाद नगरपालिका कार्यालय में अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित करते हुए कहां की आज हमारे देश में बेटियां समाज में बराबरी का सहयोग दे रही है हमारे कस्बे की इस बिटिया ने हम सभी का नाम रोशन किया है हम सब अपनी इस बिटिया के लिए कामना करते है कि हमारी ये बेटी आगे देश में भी हमारे कस्बे का नाम रोशन करेगी। इस अवसर पर खैराबाद के सम्मानित नगरवासी व सभासद गण मौजूद रहे।

### जिले के सभी ब्लाकों में भाजपा की कार्यशाला आयोजित



सीतापुर। भारतीय जनता पार्टी के तत्वाधान में जिले के सभी 19 ब्लॉकों में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर कार्यशालाएं आयोजित की गई भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा महोली पिसावा व खैराबाद में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर ब्लॉक की कार्यशालाओ की अध्यक्षता की गई। महोली में आयोजित कार्यशाला में पार्टी पदाधिकारियो क़ो संबोधित करते हुए आगामी चुनाव में पार्टी की जीत की रणनीति को लेकर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर उन्होंने पदाधिकारियो से मतदाता सूची के पुनिरीक्षण व लोगों को पार्टी के विजन से जोड़ने के कार्य को निर्देशानुसार करने का आवाहन किया। साथ ही आवश्यक विषयों की तैयारी बैठक भी जिला अध्यक्ष व पदाधिकारियों के साथ की गई। सभी 19 ब्लॉकों में भाजपा द्वारा कार्यशाला आयोजित की गई। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष/विधानसभा प्रवासी महोली नैमिष रत्न तिवारी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष/ पिसावां संयोजक राहुल जायसवाल, ब्लॉक प्रमुख पिसावां मिथिलेश, मंडल अध्यक्ष पिसावां शिव प्रताप सिंह, जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा अभिषेक मिश्रा, युवा मोर्चा महामंत्री तरुण मिश्रा, सम्मानित मंडल अध्यक्ष बड़ागांव रजनीश श्रीवास्तव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मनोज मिश्रा सहित पंचायत चुनाव के सम्मानित संयोजक, सह संयोजक एवं वार्डो के संयोजक सह संयोजक उपस्थित रहे।

### कस्बा जायस में नैना रिसोर्ट में लगी भीषण आग



अमेठी, समृद्धि न्यूज़। तहसील क्षेत्र तिलोई के कस्बा जायस में स्थित कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल के प्रतिष्ठान नैना रिसोर्ट में मंगलवार को भीषण आग लग गई, आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट का होना बताया जा रहा है। शार्ट सर्किट के चलते होटल के तीसरे मंजिल पर लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया जिसके चलते रिसोर्ट के गोदाम व हाल में रखे विस्तर व फर्नीचर पूरे तरीके से जल गए। लोगों ने भागकर किसी तरह से अपनी जान बचाई सूचना पर पहुंची फायर की टीम ने रिसोर्ट के कर्मचारियों और फायर कर्मियों के माध्यम से आग पर काबू पाया गया। आग लगने से लाखों का नुकसान हो गया है।

### निर्माण कार्यों की डीएम ने की समीक्षा, समयबद्ध कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

अमेठी, समृद्धि न्यूज़। जिलाधिकारी संजय चौहान ने अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ जनपद में निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट कहा कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता एवं निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरे किए जाएँ तथा निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता स्वीकार नहीं होगा। कार्यदायी संस्थाएँ सामग्री की गुणवत्ता जांचकर ही उसका प्रयोग सुनिश्चित करें। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी परियोजना में शिथिलता, मानक विहीन कार्य या अनियमितता पाए जाने पर संबंधित संस्था के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने निर्देशित किया कि जिन परियोजनाओं हेतु धनराशि प्राप्त हो चुकी है, उन्हें निश्चित समयावधि में हर हाल में पूरा कराया जाए। उन्होंने कहा कि कार्यदायी संस्थाएँ गंभीरता से काम करें। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि जिन कार्यों को पूरा कराने में बजट की आवश्यकता है, उनके प्रस्ताव तुरंत शासन को भेजे जाएँ ताकि कार्य में किसी प्रकार की बाधा न आए और परियोजनाएँ समय पर पूरी हो सकें। आगे उन्होंने कहा कि जो परियोजनाएँ पूर्ण हो चुकी हैं उन्हें संबंधित विभाग को शीघ्र हैंड ओवर कर दिया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह, डिप्टी कलेक्टर सात्विक श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी पत्नालाल,अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग शैलेंद्र सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### रोजगार मिशन के अंतर्गत आयोजित हुई जिला कार्यकारी समिति की बैठक

अमेठी, समृद्धि न्यूज़। जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में रोजगार मिशन के अंतर्गत जिला कार्यकारी समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी ने बताया कि उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन को इस उद्देश्य से शुरू किया गया है कि जनपद के युवाओं एवं बेरोजगार अभ्यर्थियों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराया जा सके। इसके लिए एक एकीकृत पोर्टल विकसित किया गया है और पोर्टल में बेरोजगार अभ्यर्थियों, श्रमिकों और मजदूरों का रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकरण किया जा रहा है। बैठक में जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी अधिकारियों से कहा कि वह अपने-अपने विभाग में संचालित रोजगार सृजन करने वाली योजनाओं को सेवायोजन विभाग के साथ समन्वय में लाएं जिससे जनपद में बेरोजगार युवाओं को रोजगार के साथ-साथ स्वरोजगार के भी अवसर उपलब्ध कराए जा सकें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, डिप्टी कलेक्टर सात्विक श्रीवास्तव, उपायुक्त उद्योग दिनेश कुमार चौरसिया सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# डीएम के प्रयास से सीएसआर से जिले को मिले लगभग साढ़े सात करोड रुपए

**सीएसआर धनराशि से शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल व इंफ्रास्ट्रक्चर आदि के क्षेत्र में कराए जा रहे हैं महत्वपूर्ण कार्य: डीएम**




रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के प्रयास से सीएसआर के अंतर्गत जनपद को लगभग साढ़े सात करोड रुपए की धनराशि प्राप्त हुई है। जिलाधिकारी ने बताया है कि कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (CSR) के अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में जनपद रायबरेली को विभिन्न प्रतिष्ठित कम्पनियों एवं बैंकों से लगभग 7 करोड़ 62 लाख 76 हजार 600 रुपये की धनराशि प्राप्त हुई है। इस धनराशि से शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, पेयजल, ऊर्जा, आधारभूत सुविधाओं एवं सामाजिक विकास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य कराए जा रहे हैं।प्राप्त धनराशि से शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालयों में सोलर सिस्टम, सोलर पैनल, डेस्क-बेंच, बैटरी एवं इन्वर्टर की व्यवस्था। कस्तूरबा गांधी विद्यालयों सहित विभिन्न परिषदीय विद्यालयों में आधारभूत ढाँचे का सुदृढ़ीकरण। तीन नए कक्षाओं का निर्माण (ATS सलोन), दिव्यांगजन संसाधन केन्द्र (DDRC) हेतु उपकरण एवं नवीनीकरण। स्वास्थ्य व सामाजिक कल्याण में महिलाओं हेतु आवश्यक सुविधाएँ, कौशल विकास तथा स्वास्थ्य सेवाएँ। मोबाइल मेडिकल यूनिट, नेत्र शिविर और निःशुल्क दवाओं का वितरण। आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए फर्नीचर, शैक्षणिक सामग्री व पौष्टिक आहार। जल एवं ऊर्जा आपूर्ति में विभिन्न विद्यालयों एवं संस्थानों में वाटर कूलर और वाटर टैंक निर्माण। गाँवों में सोलर कार्ट्स वितरण तथा ऊर्जा सशक्तिकरण के कार्य।खेल एवं युवा सशक्तिकरण में प्ले ग्राउंड एवं ओपन जिम का निर्माण (ATS रानीगंज)। विद्यालयों में खेलकूद की सामग्री उपलब्ध कराना। सामाजिक सहयोग और आधारभूत विकास गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण। हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत ग्राम पंचायतों में राष्ट्रीय ध्वज वितरण। पेयजल की सुविधा, नालियाँ, खड़ंजा, पथ-प्रकाश, शौचालय आदि का निर्माण। हरियाली हेतु वृक्षारोपण व साइकिल वितरण आदि शामिल है।

## डीएम ने जनसुवाई में आये फरियादी को 15 हजार रूपये का चेक देकर की आर्थिक मदद



रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में जनसुनवाई कर रही थी। तभी जनसुनवाई के दौरान समशेर सिंह निवासी पूरे चंदे सिंह का पुरवा मजरे टेकारी विकासखंड डीह जनपद रायबरेली ने प्रार्थना पत्र देकर अनुरोध किया कि उनके पुत्र अविनाश सिंह उम्र 10 वर्ष का एम्स में इलाज चल रहा है। उनके पुत्र के सिर में गांठ है, जिसकी वजह से नसो में स्वेलिंग है। डॉक्टर ने एमआरआई जांच करवाने के लिए कहा है।एमआरआई जांच एम्स में नही हो सकती है, बाहर से करवाना है, पुत्र के इलाज हेतु जाँच करवाना अति आवश्यक है। प्रार्थी अत्यन्त निर्धन व्यक्ति है, जो जाँच करवाने में असमर्थ है। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने तत्काल समशेर सिहं को उनके पुत्र के इलाज हेतु एमआरआई जांच कराने व उपचार के लिये इण्डियन रेडक्रॉस सोसायटी से 15 हजार रूपये की धनराशि का चेक प्रदान कर आर्थिक मदद की व बच्चे के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

## मोबाइल टावर में स्पार्किंग की वजह से जला मिठाई का गोदाम



महराजगंज रायबरेली। मिठाई के गोदाम मे लगी आग कड़ी मशक्कत से आग पर पाया गया काबू महराजगंज नगर के चंदापुर चौराहे पर नरेश स्वीट हाउस की प्रसिद्ध दुकान है। और दुकान के पीछे एक टावर लगा हुआ है और वहीं पर नरेश स्वीट हाउस के कर्मचारी मिठाई आदि सहित अन्य खाने पीने का सामान बनाते हैं दुकान के मालिक शिवकुमार मौर्य ने बताया कि मोबाइल टावर की स्पार्किंग की वजह से आग लगी है टावर के नीचे प्लास्टिक की बोरियां और केबिल काफी पड़ी रहती थी वह भी सुलगने लगी और आग हमारे गोदाम तक आ गई कुछ हमारा भी नुकसान हुआ है हम लोगों ने मोबाइल टावर की भी आग बुझाई काफी देर तक फिर दमकल कर्मियों को सूचित किया मोबाइल टावर चलाने वाला और टावर पर कोई नहीं था। वही जब मोबाइल टावर की रिपेयरिंग करवा रहे कर्मचारी से बात करने की कोशिश की गई तो उन्होंने बयान देने से साफ इनकार कर दिया। आग लगने की सूचना पर दमकल कर्मी और पुलिस भी मौके पर पहुंची दमकल कर्मियों ने किसी तरह आग पर काबू पाया आग से कोई हताहत नहीं हुआ।

**डीएम बालिका सशक्तीकरण मिशन**

## जिलाधिकारी ने 120 प्रतिभागी बालिकाओं को साइकिल का किया वितरण

रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।



जिला प्रशासन व एनटीपीसी के सहयोग से एनटीपीसी ऊंचाहार प्रांगण में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया, कार्यकारी निदेशक/परियोजना प्रमुख एनटीपीसी ऊँचाहार अभय कुमार श्रीवास्तव विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सीएसआर मद से लगभग 05 लाख रुपए से बालिका सशक्तिकरण मिशन के क्षेत्र की प्रतिभागी 120 बालिकाओं को साइकिल वितरण की गई।

कार्यक्रम में एसडीएम ऊँचाहार राजेश कुमार श्रीवास्तव, जनरल मैनेजर मैन्टिनेंश एसयू हरिदास, जनरल मैनेजर आपरेशन दिलीप कुमार साहू, हेड ऑफ एचआर रुमा डे शर्मा, अध्यक्ष प्रियदर्शिनी लेडीज क्लब अनुपमा श्रीवास्तव उपस्थित रहीं।

### मवेशियों से बचने में स्कूटी हुई अनियंत्रित, दो मासूम सहित चार घायल

बछरावां, रायबरेली। थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर हसनगंज गांव के पास हाईवे किनारे आपस में लड़ रहे आवारा मवेशियों से बचने के चक्कर में स्कूटी अनियंत्रित हो गई। जिसमें स्कूटी सवार दो मासूम एवं एक महिला सहित चार लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल पर पहुचाया गया। जहां सभी प्राथमिक उपचार करने की पश्चात एक की हालत को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की डलमऊ कस्बा निवासी बबलू मौर्य पुत्र रामसनेही उम्र 23 वर्ष अपनी भाभी कंचन पत्नी मोहनलाल उम्र 30 वर्ष व अपनी भतीजी अदिति पुत्री मोहनलाल उम्र 5 वर्ष एवं भतीजे राघव पुत्र मोहनलाल उम्र 2 वर्ष को अपने घर से स्कूटी से लेकर लखनऊ जा रहे थे। जैसे ही वह स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर हसनगंज गांव के पास पहुंचे, तभी हाईवे किनारे आपस में लड़ाई कर रहे दो मवेशी अचानक स्कूटी के सामने आ गए। जिससे उनकी स्कूटी अनियंत्रित हो गई और वह सभी हाईवे मार्ग पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों के द्वारा सूचना एंबुलेंस को दी गई। सूचना पर पहुचीं भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की एंबुलेंस के द्वारा घायल अवस्था में इलाज के लिए सभी घायलो को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया। जहां मौजूद डॉक्टर के द्वारा सभी का प्राथमिक उपचार करने के पश्चात कंचन की हालत को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। अन्य घायलों की हालत सामान्य बताई जा रही हैं।

## उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने मांगों को लेकर दिया ज्ञापन

सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।




उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिनेश चन्द्र शर्मा के आवाहन पर सीतापुर में प्रांतीय उपाध्यक्ष / जिला अध्यक्ष रवींद्र दीक्षित के नेतृत्व में हजारों की संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ जिला अधिकारी कार्यालय पर पहुंचकर जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री के लिए सौपा ज्ञापन। रवींद्र दीक्षित ने कहा माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा दिनांक 1 सितंबर 2025 को दिए गए एक निर्णय के आलोक में समाचार पत्रों एवं सोशल मीडिया द्वारा प्रसारित/प्रचारित समाचार से देश के शिक्षकों में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो गई है की निशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की प्रभावी तिथि 25 अगस्त 2010 से पूर्व में नियुक्त शिक्षकों को भी न्यूनतम शैक्षिक योग्यता के साथ अध्यापक पात्रता परीक्षा (टी.ई.टी ) 2 वर्षों में करना अनिवार्य हो गया है तथा की दशा में उनका अनिवार्य सेवानिवृत्ति दे दिया जाएगा । भारत सरकार के अधीन 25 अगस्त 2010 से पूर्व तथा उत्तर प्रदेश सरकार के अधीन 29 जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को सेवारत रहने अथवा पदोन्नति हेतु टी.ई.टी. उत्तीर्ण करना आवश्यक नहीं है। रवींद्र दीक्षित ने कहा कि 2010 के पूर्व नियुक्त शिक्षकों में भय व्यक्त हैं। जिला मंत्री हंसराज वर्मा ने उपस्थित सभी शिक्षक - शिक्षिकाओं को पदाधिकारी को ज्ञापन पढ़कर सुनाया और कहा कि अगर संघर्ष यहीं पर विराम नहीं हुआ तो हम लोग प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर दिल्ली में भी धरना देंगे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय पर हजारों की संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं इकट्ठा हुए और वह जिला अध्यक्ष रवींद्र दीक्षित के नेतृत्व में पैदल मार्च करते हुए जिला अधिकारी के कार्यालय गए वहां पर रविंद्र दीक्षित ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट कृष्णानंद तिवारी को सौपा। इस धरने में जिलापदाधिकारी व ब्लाक के अध्यक्ष, मंत्री व पदाधिकारी और हजारो की संख्या में शिक्षक मौजूद है। ज्ञापन देने उमड़े शिक्षकों की भीड़ से शहर की रोड जाम हो गयी।

## 10वर्षीय मत्स्यपालन पट्टा शिविर का हुआ आयोजन



लहरपुर, सीतापुर। स्थानीय तहसील सभागार में 10 वर्षीय मत्स्यपालन पट्टा शिविर का आयोजन नायब तहसीलदार की अध्यक्षता में संपन्न। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय तहसील सभागार में सोमवार देर शाम 10 वर्षीय मत्स्य पालन पट्टा नीलामी का आयोजन नायब तहसीलदार दीनानाथ यादव की अध्यक्षता में किया गया, जिसमे 103 तालाबों की नीलामी मत्स्य पालन के लिए की गई नीलामी में 85 लोगों के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किए गए, जिसमें अविवादित 48 गाटों का आवंटन नीलामी में किया गया जिसमें 3 लाख 29300 का राजस्व प्राप्त हुआ और नीलामी में उपस्थित लोगों ने अपनी-अपनी ग्राम सभाओं में नीलाम होने वाले तालाबों की बोली लगाई। इस दौरान ग्राम तालगांव के दो गाटों पर आपत्तियां पाई गई और आपत्तियों के निराकरण हेतु आपत्तिकर्ताओं को तालाब आवंटन की पात्रता हेतु अपने-अपने साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिए नोटिस दी गई तथा ग्राम गणेशपुर की एक गाटा संख्या में आवेदकों द्वारा साक्ष्य उपलब्ध न कराए जाने पर आगमी 22 सितंबर तक साक्ष्य प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस मौके पर प्रमुख रूप से बृजेश कुमार मत्स्य निरीक्षक, राम सिंह राजस्व निरीक्षक सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### राज्यमंत्री का एक दिवसीय जनपद भ्रमण आज

अमेठी, समृद्धि न्यूज़। राज्यमंत्री खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश, जनपद प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा का एक दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम आज 17 सितंबर को प्रस्तावित हुआ है। कार्यक्रम के अनुसार प्रभारी मंत्री प्रातः 8 :30 बजे नगर पालिका गौरीगंज के वार्ड नं 18 में स्वच्छता कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे, तदोपरांत प्रातः 10 :05 बजे डीपीआरसी गौरीगंज में सूचना विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद प्रातः 11 :00 बजे जिला चिकित्सालय गौरीगंज में वृक्षारोपण करेंगे, तदोपरांत 11 :30 बजे जिला चिकित्सालय गौरीगंज में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। अपराह्न 12 :00 प्रधानमंत्री के उद्बोधन कार्यक्रम के सजीव प्रसारण का अवलोकन करेंगे, तदोपरांत 1 :00 बजे मंत्री जनपद बाराबंकी के लिए रवाना होंगे।

## मोदी का जीवन सेवा और समर्पण का प्रतीकः रजनी पांडे

बिसवां, सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।




बिसवां नगर मंडल में महिला मोर्चा की अध्यक्ष सीमा शुक्ला के संयोजन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत नरसिंह धाम मंदिर में चौपाल का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि महिला मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती रजनी पांडे ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संपूर्ण जीवन सेवा, समर्पण और राष्ट्रहित के लिए समर्पित है। वे हमेशा गरीबों, वंचितों, महिलाओं और समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचाने के लिए तत्पर रहते हैं। उन्होंने कहा कि महिला शक्ति संगठित होकर समाज में बड़ा परिवर्तन ला सकती है और सेवा पखवाड़ा के दौरान कार्यकर्ताओं को स्वच्छता, स्वास्थ्य परीक्षण, वृक्षारोपण और समाजसेवा जैसे कार्यों में सक्रिय भागीदारी करनी चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष कंचन प्रमा पांडे ने की। इस अवसर पर निवर्तमान अध्यक्ष एवं सेवा पखवाड़ा संयोजक पंकज गुप्ता, जिला महिला मोर्चा महामंत्री शालिनी गुप्ता, मंत्री रानी, नगर महिला मोर्चा महामंत्री बरखा सिंह उपाध्यक्ष उषा, नगर मंत्री सरिता सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। चौपाल का संचालन नगर अध्यक्ष सीमा शुक्ला ने किया ।

## डाकघर गेट के सामने टूटी पटिया खतरे को दे रही दावत



अमेठी, समृद्धि न्यूज़। तहसील मुसाफिरखाना के अंतर्गत कस्बा मुसाफ़िर खाना में मुख्य डाकघर के गेट के सामने नाली के ऊपर आने जाने के लिए जो पटिया रखी गई है वे काफी दिनों से टूटी हुई है। जिसके चलते डाकघर आने जाने वाले लोगों के लिए किसी भी समय खतरे में डाल सकती है, जिस दिन बरसात हो जाती है उस दिन पानी इन पट्टियों के ऊपर से बहने लगता है और सारी पटिया पानी में डूब जाती हैं। उस समय जो पटिया लगी हैं वह भी नहीं दिखाई देती, कई बार तो कुछ लोगों की मोटरसाइकिल इसमें फंस गई थी जिससे लोग चोटिल हो गए थे। यह बाजार के मुख्य मार्ग के किनारे पर है और यह भी बताया जाता है कि यह नाली टाउन एरिया मुसाफिरखाना की सीमा में बनी हुई है। टाउन एरिया चेयरमैन भी कभी न कभी तो डाकघर आए ही होंगे लेकिन इसे दुरुस्त कराना मुनासिब न समझा होगा देखिए कब नजरे इनायत होती है हकीकत इस फोटो में देख कर ही खतरे का अंदाजा लगाया जा सकता है।

## टीईटी की अनिवार्यता के विरोध में प्रा.शि.संघ ने दिया ज्ञापन

अमेठी, समृद्धि न्यूज़।



प्राथमिक शिक्षक संघ प्रांतीय अध्यक्ष डॉ दिनेश चन्द्र शर्मा एवं संजय सिंह के आह्वान पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद अमेठी की संयुक्त कार्य समिति में लिए गए निर्णय के क्रम में अशोक कुमार मिश्र मंत्री अरुण कुमार सिंह एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष शिव भूषण उपाध्याय एवं मंत्री जय प्रकाश द्विवेदी के संयुक्त नेतृत्व में जनपद से हजारों शिक्षक दोपहर समय 2.30 बजे श्री रणंजय इंटरमीडिएट कॉलेज गौरीगंज के प्रांगण में एकत्र होकर विकास खण्ड वार जुलूस की शक्ल में जिलाधिकारी कार्यालय की तरफ नारे,स्लोगन काला कानून वापस लो ÷टीईटी की अनिवार्यता खत्म करो आदि लगाते हुए प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से प्रेषित किया। वर्ष 2011 के पूर्व के नियुक्त शिक्षकों को भी सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा आए निर्णय टीईटी की अनिवार्यता से शिक्षक आहत हैं। सभी शिक्षक अपने भविष्य की सेवा को सुरक्षित रखने हेतु सम्बोधित ज्ञापन सौंपकर सर्वोच्च न्यायालय में आए निर्णय में बदलाव या संशोधन करने की माँग कर रहे हैं। उक्त अवसर पर शशांक शुक्ल, राजेश कुमार गुप्ता,वीरेन्द्र कुमार यादव, राजेश कुमार तिवारी, वंशवर्धन शुक्ल, राम ललन द्विवेदी, अशोक कुमार सिंह, कृष्ण कुमार पाठक, नागेन्द्र बहादुर सिंह, राम देव पाण्डेय, गंगाधर शुक्ल, दुर्गा प्रसाद, शिवकुश पाण्डेय, आशुतोष शुक्ल, कामता प्रसाद दीक्षित, संजय कुमार पाण्डेय, एजाज अहमद सिद्दीकी, आलोक कुमार सिंह, कृष्ण कुमार कन्नौजिया, अनिल कुमार चौधरी, गिरींद्र सिंह, गिरीश चन्द्र पांडेय, प्रशांत सिंह, कमलेश कुमार गुप्ता, अनिल कुमार यादव, राजेश सिंह, आशुतोष कुमार पाण्डेय, पवन कुमार पाण्डेय, राम कृष्ण पाण्डेय, शिव प्रताप मिश्र, विकास उपाध्याय, अमरेश प्रताप सिंह, विनोद कुमार यादव, राम बरन, विवेक कुमार सिंह, अनुपमा राव,अनुपम शुक्ला, अंशु बाजपेई आदि सहित हजारों शिक्षक मौजूद रहे।

## अमेठी महोत्सव की तैयारियों को लेकर डीएम व सीडीओ ने की बैठक

अमेठी, समृद्धि न्यूज़।



जनपद में आगामी अमेठी महोत्सव की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी संजय चौहान व मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। महोत्सव को सफल बनाने के लिए विस्तृत रणनीति तैयार की गई तथा सभी संबंधित अधिकारियों को उनके दायित्व सौंपते हुए समयबद्ध तैयारियाँ पूरी करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने बताया कि अमेठी महोत्सव का आयोजन नवंबर में प्रस्तावित है। इस अवसर पर जिला मुख्यालय के साथ-साथ सभी तहसीलों में भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिससे महोत्सव पूरे जनपद का उत्सव बन सके। महोत्सव में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रदर्शनी एवं स्टॉल लगाए जाएंगे, जहाँ आमजन को योजनाओं की जानकारी सहज रूप से उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही फूड कोर्ट में स्थानीय व्यंजनों का स्वाद लेने का अवसर मिलेगा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से जनपद की कला और संस्कृति को प्रदर्शित किया जाएगा। स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी, जिससे इन्हें पहचान और विपणन के नए अवसर मिल सकें। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से अपेक्षा व्यक्त की कि महोत्सव को जनपद की पहचान बनाने में सभी अपनी सक्रिय भूमिका निभाएँ। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अनिल चतुर्वेदी, अपर पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह, जिला पर्यटन अधिकारी पारिजात पांडे सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## प्रदूषण के पटाखे

भारत जैसा देश, जो दुनिया भर के प्रदूषित देशों में पांचवें नंबर पर हो, जहां दुनिया का सबसे ज्यादा प्रदूषित शहर हो और तेरह अन्य शहर दुनिया के शीर्ष बीस प्रदूषित शहरों में शुमार हों, वहां हवा को जहरीला बनाने वाले पटाखे निरंकुश रूप से जलाना एक आत्मघाती कदम ही है। लेकिन विडंबना यह कि इस मुद्दे पर गंभीर चर्चा केवल दिल्ली के प्रदूषण और पटाखों पर अंकुश लगाने को लेकर होती है। इस स्थिति में दिल्ली व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पटाखों पर अंकुश लगाने के संदर्भ में देश की शीर्ष अदालत की टिप्पणी संवेदनशील और मार्गदर्शक है। कोर्ट ने सख्त लहजे में कहा कि यदि साफवायु राष्ट्रीय राजधानी के विशिष्ट लोगों का हक है तो यह हक शेष देश के हर व्यक्ति को भी मिलना चाहिए। वैसे तो राष्ट्रीय राजधानी में वायु दूषित होने के तमाम कारक हैं,लेकिन पटाखों से होने वाले प्रदूषण की चर्चा गाहे-बगाहे होती है। खासकर कुछ प्रमुख त्योहारों के मौके व निजी समारोहों में जलाये जाने वाले पटाखों को लेकर लगातार सवाल उठाये जाते हैं। इसकी वजह यह है कि यह प्रदूषण का ऐसा कारण है जिससे बचा जा सकता है। लेकिन यह भी हकीकत है कि दिवाली आदि के मौके पर हवा की गुणवत्ता में भारी गिरावट देखी जाती है। सवाल यह है कि हम लोग क्यों नहीं सोचते कि हमारे पटाखे जलाने से श्वास रोगों से जूझते तमाम लोगों का जीना दुश्वार हो जाता है। यह एक हकीकत है कि देश के तमाम शहरों में हवा ही नहीं, पानी व मिट्टी तक में जहरीले तत्वों का समावेश हो चुका है। जो न केवल हमारी आबोहवा के लिये बल्कि हमारे शरीर के लिये भी घातक साबित हो रहा है। यही वजह है कि हाल के वर्षों में देश में श्वसन तंत्र से जुड़े रोगों में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। साथ ही प्रदूषित हवा के प्रभाव में सांस संबंधी रोगों से लोगों के मरने का आंकड़ा भी बढ़ा है। कहीं न कहीं हमारे वातावरण में बढ़ता प्रदूषण ग्लोबल वार्मिंग बढ़ाने वाले कारकों में वृद्धि भी कर रहा है। लेकिन पटाखों से होने वाला प्रदूषण ऐसा है जो हमारे संयम के जरिये रोका जा सकता है। चिंता की बात यह है कि पटाखों के जलने से निकलने वाले कण हमारे श्वसनतंत्र को नुकसान पहुंचाने के साथ ही हमारे खून में घुल रहे हैं। जिसमें पीएम 2.5 और पीएम 10 जैसे महीन कण फेफड़ों में प्रवेश करके गंभीर रोगों को जन्म दे रहे हैं। इतना ही नहीं पटाखे जलाने के कारण जहरीली रासायानिक गैसों के रिसाव से हमारे पारिस्थितिकीय तंत्र को गंभीर क्षति पहुंच रही है। साथ ही ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन भी हमारे वायुमंडल में जलवायु परिवर्तन के संकटों को बढ़ाने में भूमिका निभा रहा है। लेकिन हम इसके बावजूद निजी सुख के लिये दूसरों के जीवन से खिलवाड़ से परहेज नहीं करते। सही मायनों में असली खुशी वही होती है जिससे हमारा समाज सुखी, स्वस्थ और खुश रह सके। अब चाहे हमारे त्योहार हों या निजी उत्सव, वे समाज के लिये अहितकारी नहीं होने चाहिए। देर-सवेर इस संकट की कीमत हर नागरिक को चुकानी पड़ती है। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के आलोक में हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि अब चाहे दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर बर्नीहाट हो या पंजाब व राजस्थान के सबसे अधिक प्रदूषित शहर हों, उन्हें भी पटाखों के नियमन का लाभ मिलना चाहिए। यही वजह है कि अदालत को कहना पड़ा कि साफहवा देश के हर नागरिक का अधिकार है। ऐसे में हमें दिल्ली या राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की चिंता के साथ ही शेष देश की भी चिंता गंभीरता से करनी चाहिए। ऐसे में यह जरूरी हो जाता है कि दिल्ली में पटाखों पर नियंत्रण का जो भी फार्मूला बने, उसे सारे देश में भी लागू करना चाहिए।

# भारत की आर्थिक रफ्तार पर वैश्विक मुहर

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर दुनिया की प्रमुख आर्थी?क एजेंसियां इन दिनों जिस तरह के अनुमान जारी कर रही हैं, वे भरोसा दिला रहे हैं और इस तथ्य को पुष्ट करते हैं कि भारत आज वैश्विक ग्रोथ का केंद्र बन चुका है। हाल ही में फिच रेटिंग्स ने भारत की जीडीपी ग्रोथ दर का अनुमान बढ़ाकर 6.9 प्रतिशत कर दिया। यह पहले 6.5 प्रतिशत था। ऐसा कदम किसी भी देश के लिए बड़ी राहत और मजबूती का संकेत होता है। दिलचस्प बात यह है कि यह बढ़ोतरी उस समय आई है जब अमेरिका के साथ व्यापारिक तनाव को लेकर तमाम तरह की आशंकाओं के बीच फिर से दोनों नए सिरे से टैरिफ संवाद शुरू कर चुके हैं ।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप हों या उनके तमाम सहयोगियों के बयान जिनसे भारत की अर्थव्यवस्था को कमजोर करने का प्रयास हुआ, लेकिन लोगों ने उन पर भरोसा नहीं किया है। अब फिच की ओर से किया गया ये जीडीपी ग्रोथ दर का अनुमान संशोधन ट्रंप की टिप्पणी का करारा जवाब माना जा रहा है। वस्तुतः फिच का ताजा अनुमान भारत की आर्थिक सेहत की गवाही है। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही यानी जनवरी-मार्च 2025 में जीडीपी ग्रोथ 7.4 प्रतिशत रही। इसके बाद अप्रैल-जून तिमाही में यह और तेज होकर 7.8 प्रतिशत पर पहुंच गई। यह आंकड़ा फिच की पिछली भविष्यवाणी से कहीं बेहतर है। जून में एजेंसी ने 6.7 प्रतिशत ग्रोथ का अनुमान दिया था। देखा जाए तो अब उसी को बढ़ाकर पूरे वित्त वर्ष के लिए 6.9 प्रतिशत कर दिया गया है। हालांकि फिच ने यह भी स्पष्ट किया है कि वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में ग्रोथ की रफ्तार थोड़ी धीमी पड़ सकती है। यही कारण है कि उसने 2026-27 के लिए वृद्धि दर का अनुमान 6.3 प्रतिशत और 2027-28 के लिए 6.2 प्रतिशत रखा है। यह स्वाभाविक भी है, क्योंकि फिलहाल भारतीय अर्थव्यवस्था अपनी पूरी क्षमता से कुछ ऊपर चल रही है। फिच का कहना है कि घरेलू मांग में तेजी भारत की अर्थव्यवस्था को सहारा दे रही है। आय बढ़ने से लोग ज्यादा खर्च कर रहे हैं। कंपनियां निवेश कर रही हैं। बुनियादी ढांचे में भारी पूंजी डाली जा रही है। सेवा क्षेत्र और सूचना प्रौद्योगिकी लगातार नई ऊंचाइयां छू रहे हैं। यही वजह है कि भारत फिलहाल दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था बना हुआ है। फिच से पहले एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर आश्वस्त करने वाला कदम उठाया था। एजेंसी ने लगभग 18 साल बाद भारत की सॉवरेन रेटिंग को 'बीबीबी माइनस' से बढ़ाकर 'बीबीबी' कर दिया। यह छोटा बदलाव नहीं है।



**भारतीय रिजर्व बैंक ने भी 2025-26 के लिए जीडीपी ग्रोथ का अनुमान 6.5 प्रतिशत लगाया है। केंद्रीय बैंक का मानना है कि घरेलू खपत और मजबूत कृषि उत्पादन इसकी मुख्य वजह होंगे। दिलचस्प है कि फिच की रिपोर्ट में यह भी उम्मीद जताई गई है कि आरबीआई वर्ष के अंत तक रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती कर सकता है। यदि ऐसा होता है तो यह निवेश और खपत दोनों को नई ताकत देगा। वैश्विक संस्थाएं भी भारत को लेकर सकारात्मक हैं। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने 2025-26 के लिए भारत की ग्रोथ दर 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। विश्व बैंक ने इसे थोड़ा कम करते हुए 6.3 प्रतिशत बताया है। एशियाई विकास बैंक का अनुमान 6.5 प्रतिशत है।**

इसका सीधा संदेश वैश्विक निवेशकों को गया कि भारत में राजनीतिक स्थिरता है, नीतियां निवेश के अनुकूल हैं और वित?तीय अनुशासन बनाए रखने की कोशिशों में भी सफल है। किसी भी देश के लिए यह बड़ी उपलब्धि होती है जब तमाम दबावों के बीच भी उसकी रेटिंग सुधरती है।

भारतीय रिजर्व बैंक ने भी 2025-26 के लिए जीडीपी ग्रोथ का अनुमान 6.5 प्रतिशत लगाया है। केंद्रीय बैंक का मानना है कि घरेलू खपत और मजबूत कृषि उत्पादन इसकी मुख्य वजह होंगे। दिलचस्प है कि फिच की रिपोर्ट में यह भी उम्मीद जताई गई है कि आरबीआई वर्ष के अंत तक रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती कर सकता है। यदि ऐसा होता है तो यह निवेश और खपत दोनों को नई ताकत देगा।

वैश्विक संस्थाएं भी भारत को लेकर सकारात्मक हैं। अंतराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने 2025-26 के लिए भारत की ग्रोथ दर 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। विश्व बैंक ने इसे थोड़ा कम करते हुए 6.3 प्रतिशत बताया है। एशियाई विकास बैंक का अनुमान 6.5 प्रतिशत है। मूडीज ने भी 6.3 प्रतिशत की ग्रोथ दर का आकलन किया है। दूसरी ओर, भारत सरकार की आर्थिक समीक्षा 2025 में कहा गया है कि वित्त वर्ष की वृद्धि दर 6.3 से 6.8 प्रतिशत के बीच रहेगी। इन सबको मिलाकर देखें तो तस्वीर बेहद स्पष्ट है कि भारत में जीडीपी ग्रोथ बनी रहेगी। सभी एजेंसियां इस बात पर समान रूप से सहमत हैं कि भारत छह प्रतिशत से ऊपर की स्थिर और मजबूत वृद्धि हासिल करेगा। फिच ने महंगाई पर भी उम्मीद जगाने वाले अनुमान दिए हैं। उसका मानना है कि 2025 के अंत तक महंगाई दर 3.2 प्रतिशत रहेगी जबकि 2026 के अंत तक यह 4.1 प्रतिशत तक जा सकती है। यह अनुमान भारत के उपभोक्ताओं के लिए राहत का संदेश है, क्योंकि वैश्विक स्तर पर खाद्य और ईंधन की कीमतों में अस्थिरता बनी हुई है, लेकिन भारत में भंडार पर्याप्त हैं और मानसून भी बेहतर है। अब सवाल उठता है कि आखिर क्यों वैश्विक एजेंसियों का भरोसा भारत पर बढ़ रहा है? दरअसल इसके पीछे कई वजहें हैं। सबसे पहली है घरेलू मांग। भारत की जनसंख्या विशाल है और लगातार आय बढ़ रही है। लोग उपभोग पर खर्च कर रहे हैं। डिजिटल अर्थव्यवस्था ने भी इसमें नई रफ्तार दी है। यूपीआई और अन्य भुगतान प्रणालियों ने खपत का नया ढांचा खड़ा किया है। दूसरी वजह है सरकार का बुनियादी ढांचे पर जोर। सड़कों, रेल, बंदरगाहों और ऊर्जा क्षेत्र में भारी निवेश ने आर्थिक गतिविधियों को गति दी है। सेवा क्षेत्र और आईटी इंडस्ट्री ने भारत की वैश्विक छवि मजबूत की है। और सबसे बड़ी ताकत है युवा शक?ति होना और उसका संख?या बल। भारत की युवा शक्ति आज खपत बढ़ने के साथ ही उद्यमिता और नवाचार का भी केंद्र बनकर सामने आई है। कुल मिलाकर भारत की आर्थिक कहानी उत्साहजनक है। यह ऐसी घड़ी है जब विकसित देश भी स्थिरता पाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। वहीं, भारत 6 से 7 प्रतिशत की मजबूत गति से बढ़ रहा है।

## भारत: घृणास्पद भाषण और राजनीति का बढ़ता चक्र

**राम पुनियानी**

सांप्रदायिक हिंसा भारतीय राजनीति का अभिशाप रही है। यह सांप्रदायिक राजनीति का आधार भी बनती है जिसका उद्देश्य समाज को धर्म के आधार पर बाँटना है। इस नफरत की नींव अंग्रेजों ने रखी, जिन्होंने फ्रूट डालो और राज करोश् की नीति अपनाई। शुरुआत में, इतिहास के सांप्रदायिक दृष्टिकोण का इस्तेमाल करके ऐसा किया गया। इसे एक तरफमुस्लिम लीग और दूसरी तरफ हिंदू महासभा-आरएसएस ने समानांतर और विपरीत दिशाओं में विकसित किया। इससे सांप्रदायिक हिंसा की उत्पत्ति और विकास हुआ। इतिहास में धीरे-धीरे अन्य भावनात्मक मुद्दे जुड़ते गए और श्दूसरेश् समुदाय के प्रति नफरत बढ़ती गई। हिंसा बढ़ने लगी, जिससे विभाजन-पूर्व जैसी भयावह हिंसा हुई। विभाजन की त्रासदी के बाद यह श्दूसरों से नफरत का चक्र नियमित रूप से दोहराया जाता रहा। विभाजन-पूर्व हिंसा की गतिशीलता बहुत अलग थी और दोनों समुदाय समान रूप से इसमें शामिल थे। विभाजन के बाद, मुस्लिम सांप्रदायिकता के प्रमुख तत्वों के पाकिस्तान चले जाने के साथ, हिंसा मुख्य रूप से मुस्लिम-विरोधी हिंसा में बदल गई।


**विचार**

# निर्माण और शिल्पकला के देवता भगवान विश्वकर्मा

**रमेश सर्राफ धमोरा**

भगवान विश्वकर्मा को निर्माण एवं सृजन का देवता माना जाता है। हिंदू धर्म में इन्हें सृष्टि के दिव्य शिल्पकार, देवताओं के वास्तु विशेषज्ञ और पहले इंजीनियर के रूप में पूजा जाता है। विश्वकर्मा रचनात्मकता, तकनीकी कौशल और नवाचार के प्रतीक हैं। उनके सम्मान में भाद्रपद मास की सूर्यकन्या संक्रांति पर विश्वकर्मा जयंती मनाई जाती है। यह वह दिन है जब सूर्य सिंह राशि से कन्या राशि में प्रवेश करता है। इस दिन मजदूर, कारीगर, इंजीनियर, आर्किटेक्ट और उद्योगपति अपने औजारों और मशीनों की पूजा करते हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार चार युगों में विश्वकर्मा जी ने कई नगर और भवनों का निर्माण किया।

विश्वकर्मा पूजा एक ऐसा त्योहार है जहां शिल्पकार, कारीगर, श्रमिक भगवान विश्वकर्मा का त्योहार मनाते हैं। कहा जाता है कि भगवान ब्रह्मा के पुत्र विश्वकर्मा ने पूरे ब्रह्मांड का निर्माण किया था। विश्वकर्मा को देवताओं के महलों का वास्तुकार भी कहा जाता है। विश्वकर्मा दो शब्दों विश्व (संसार या ब्रह्मांड) और कर्म (निर्माता) से मिलकर बना है। इसलिए विश्वकर्मा शब्द का अर्थ है दुनिया का निर्माण करने वाला। विश्वकर्मा शिल्पशास्त्र के



आविष्कारक और सर्वश्रेठ ज्ञाता माने जाते हैं, जिन्होने विश्व के प्राचीनतम तकनीकी ग्रंथों की रचना की थी। इन ग्रंथों में न केवल भवन वास्तु विद्या, रथ आदि वाहनों के निर्माण बल्कि विभिन्न रत्नों के प्रभाव व उपयोग आदि का भी विवरण है। माना जाता है कि उन्होनें ही देवताओं के विमानों की रचना की। भगवान विश्वकर्मा की उत्पत्ति ऋग्वेद में हुई है, जिसमें उन्हें ब्रह्मांड के निर्माता के रूप में वर्णित किया गया है।

भगवान विष्णु और शिवलिंग की नाभि से उत्पन्न भगवान ब्रह्मा की अवधारणाएं विश्वकर्मण सूक्त पर आधारित हैं। विश्वकर्मा प्रकाश को वास्तुतंत्र का अपूर्व ग्रंथ माना जाता है। इसमें अनुपम वास्तुविद्या को गणितीय सूत्रों के आधार पर प्रमाणित किया गया है। ऐसा माना जाता है कि सभी पौराणिक संरचनाए भगवान विश्वकर्मा द्वारा निर्मित हैं। भगवान विश्वाकर्मा के जन्म को देवताओं और राक्षसों के बीच हुए समुद्र मंथन से माना जाता है। पौराणिक युग के अस्त्र और शस्त्र भगवान विश्वकर्मा द्वारा ही निर्मित हैं।

विश्वकर्मा जयंती का औद्योगिक जगत और भारतीय कलाकारों, मजदूरो, इंजीनियर्स आदि के लिए खास महत्व है। विश्वकर्मा जयंती जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हिमाचल, हरयाणा, दिल्ली, राजस्थान, मध्यप्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, असम, ओडिशा, त्रिपुरा, बिहार और झारखंड जैसे राज्यों में मनायी जाती है। नेपाल में भी विश्वकर्मा पूजा को बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। विश्वकर्मा के पूजन और उनके बताये वास्तुशास्त्र के नियमों का अनुपालन कर बनवाये गये मकान और दुकान शुभ फल देने वाले माने जाते हैं। इनमें कोई वास्तुदोष नहीं माना जाता। औद्योगिक श्रमिकों द्वारा इस दिन बेहतर भविष्य, सुरक्षित कामकाजी परिस्थितियों और अपने-अपने क्षेत्र में सफलता के लिए प्रार्थना की जाती है। देश के कई हिस्सों में काम बंद रखा जाता है।

विभिन्न प्रदेशों की सरकार विश्वकर्मा जयन्ती पर अपने कर्मचारियों को सावेतनिक अवकाश प्रदान करती है। यह त्योहार मुख्य रूप से दुकानों, कारखानों और उद्योगों द्वारा मनाया जाता है। इस अवसर पर, कारखानों और औद्योगिक क्षेत्रों के श्रमिक अपने औजारों की पूजा करते हैं। विश्वकर्मा वैदिक देवता के रूप में सर्वमान्य हैं। इनको गृहस्थ आश्रम के लिए आवश्यक सुविधाओं का निर्माता और प्रवर्तक भी कहा गया है।

**(17 सितंबर जयंती विशेष)**

**भगवान विष्णु और शिवलिंग की नाभि से उत्पन्न भगवान ब्रह्मा की अवधारणाएं विश्वकर्मण सूक्त पर आधारित हैं। विश्वकर्मा प्रकाश को वास्तुतंत्र का अपूर्व ग्रंथ माना जाता है। इसमें अनुपम वास्तुविद्या को गणितीय सूत्रों के आधार पर प्रमाणित किया गया है। ऐसा माना जाता है कि सभी पौराणिक संरचनाए भगवान विश्वकर्मा द्वारा निर्मित हैं। भगवान विश्वाकर्मा के जन्म को देवताओं और राक्षसों के बीच हुए समुद्र मंथन से माना जाता है। पौराणिक युग के अस्त्र और शस्त्र भगवान विश्वकर्मा द्वारा ही निर्मित हैं। विश्वकर्मा जयंती का औद्योगिक जगत और भारतीय कलाकारों, मजदूरो, इंजीनियर्स आदि के लिए खास महत्व है। विश्वकर्मा जयंती जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हिमाचल, हरयाणा, दिल्ली, राजस्थान, मध्यप्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, असम, ओडिशा, त्रिपुरा, बिहार और झारखंड जैसे राज्यों में मनायी जाती है।**

अपने विशिष्ट ज्ञान-विज्ञान के कारण देवशिल्पी विश्वकर्मा मानव समुदाय ही नहीं वरन देवगणों द्वारा भी पूजित हैं। देवता, नर, असुर, यक्ष और गंधर्व सभी में उनके प्रति सम्मान का भाव है। भगवान विश्वकर्मा के पूजन-अर्चना किये बिना कोई भी तकनीकी कार्य शुभ नहीं माना जाता। इसी कारण विभिन्न कार्यो में प्रयुक्त होनेवाले औजारों, कल-कारखानों और विभिन्न उद्योगों में लगी मशीनों का पूजन विश्वकर्मा जयंती पर किया जाता है। विश्वकर्मा को सृष्टि के रचयिता ब्रह्माजी का वंशज माना गया है। ब्रह्माजी के पुत्र धर्म तथा धर्म के पुत्र वास्तु देव थे। जिन्हें शिल्पशास्त्र का आदि पुरुष माना जाता है। इन्हीं वास्तु देव की अंगिरसी नामक पत्नी से विश्वकर्मा का जन्म हुआ। अपने पिता के पद चिह्नों पर चलते हुए विश्वकर्मा भी वास्तुकला के महान आचार्य बने। मनु, मय, त्वष्टा, शिल्पी और देवज्ञ इनके पुत्र हैं। इन पांचों पुत्रों को वास्तुशिल्प की अलग-अलग विधाओं में विशेषज्ञ मानाजाता है। पौराणिक साक्ष्यों के मुताबिक स्वर्ग लोक की इन्द्रपुरी, यमपुरी, वरुणपुरी, कुबेरपुरी, असुर राज रावण की स्वर्णनगरी लंका, भगवान श्रीकृष्ण की समुद्र नगरी द्वारिका और पांडवों की राजधानी हस्तिनापुर के निर्माण का श्रेय भी विश्वकर्मा को ही जाता है।

**तर्पण**

## पिता के पुरुषार्थ से मिली आगे बढ़ने की प्रेरणा









**छिबरामऊ, कन्नौज।** फर्रुखाबाद जिले के गांव पतौंजा निवासी मेरे पिता स्व. राम स्वरूप गुप्ता व माता स्व. सुखदेवी गुप्ता का जीवन अत्यंत गरीबी में गुजरा। वह जीवन यापन के लिए वर्ष 1985 में छिबरामऊ आए और थाने के सामने कदीर वाली गली में किराए की दुकान लेकर किराना का व्यापार करने लगे।

रहने के लिए पास में ही बैंक मैनेजर बैरिस्टर सिंह यादव के मकान में किराए पर कमरा ले लिया। इसके बाद कड़ी मेहनत ईमानदारी व पुरुषार्थ के बूते निरंतर आगे बढ़ते गए। वर्ष 1988 में थाने के पास पुरानी गल्ला मंडी में जगह लेकर नीचे दुकान ऊपर घर बनवाया।

वर्ष 2002 में उनका निधन हो गया लेकिन उनके पुरुषार्थ से हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली। कड़ी मेहनत व ईमानदारी से हमारा किराना व्यापार चल गया और आस पड़ोस के कस्बों व गांवों के दुकानदार भी थोक में सामान लेने लगे। वर्ष 2002 में विशुनगढ़ रोड पर उत्सव गेस्ट हाउस बनवाया। इसमें ग्राउंड फ्लोर पर स्टेट बैंक और फर्स्ट फ्लोर पर जिओ का ऑफिस चलता है। वर्ष 2015 में मंडी समिति के पास जीटी रोड किनारे श्रीराम रिसोर्ट, धर्म कांटा एवं किराने के थोक व्यापार का काम शुरू किया। ऐसा लगता है माता जी व पिता जी आज भी हमारे आस पास ही हैं। उनसे मिली प्रेरणा के कारण ही हमारा व्यवसाय लगातार प्रगति कर रहा है। उन्हें शत-शत नमन करता हूं।

**प्रदीप कुमार गुप्ता**
**-अध्यक्ष किराना एसोसिएशन**
**छिबरामऊ**



## राशिफल

**मेष:-** विचारों की अस्थिरता आपको उलझनपूर्ण परिस्थिति में डालेगी। नौकरी-व्यवसाय के क्षेत्र में स्पर्धायुक्त वातावरण रहेगा। नए कार्य करने के लिए प्रेरित होंगे। प्रवास की संभावना है।

**वृषभ:-** मन की दुविधा ठोस निर्णय पर आने से रोकेगी जिससे हाथ आए अवसर आप खो देंगे। झक्की व्यवहार के कारण संघर्ष में उतरने की संभावना है। नए कार्य के लिए दिन अच्छा नहीं है।

**मिथुन:-** आज का दिन लाभदायक साबित होने की आशा रख सकते हैं। सुबह से ताजगी और प्रसन्नता का अनुभव होगा। आर्थिक लाभ मिलने के साथ-साथ कहीं से गिफ्ट प्राप्त हो सकता है।

**कर्क :-** शरीर और मन में बेचैनी और अस्वस्थता का अनुभव होगा। मन की संदिग्धता और दुविधा आपकी निर्णयशक्ति को कसौटी के शिखर पर चढ़ाएंगे।

**सिंह:-** आज के दिन आपको विविध लाभ मिलने की संभावना है। ऐसे समय में मन का ढीलापन आपको लाभ से वंचित न कर दे, इसका ख्याल रखें।

**कन्या:-** नए कार्य शुरू करने के लिए निर्मित योजनाओं को अमल में लाने का आज उत्तम समय है। व्यापार में लाभ होगा। बकाया वसूली के पैसे वापस मिलेंगे।

**तुला:-** लंबी दूरी की यात्रा या धार्मिक स्थान की मुलाकात होगी। विदेश यात्रा के लिए अनुकूलता रहेगी। फिर भी आपको संतान और स्वास्थ्य के सम्बंध में चिंता रहेगी।

**वृश्चिक:-** आज का दिन सावधानीपूर्वक बिताएं। नए कार्य शुरू न करें। क्रोध, आवेश और अनैतिक आचरण आपको कठिनाई में डाल सकते हैं। दुर्घटना से बचें।

**धनु :** बौद्धिक, तार्किक, विचार-विनिमय और लेखन कार्य के लिए शुभ दिन है। भागीदारी में लाभ होगा। जीवनसाथी के साथ के सम्बंधों में अधिक घनिष्ठता रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा।

**मकर:-** आज से आपके व्यापार-धंधे का विकास होगा। आर्थिक रूप से लाभदायक दिन होने से पैसे की लेन-देन में सरलता रहेगी।

**कुंभ:-** आज आप संतान और अपने स्वास्थ्य के सम्बंध में चिंतित रहेंगे। अपच, पेट-दर्द से परेशान होंगे। विचारों में तेजी से परिवर्तन मानसिक स्थिरता में खलल पहुंचाएगा।

**मीन:-** शारीरिक- मानसिक भय रहेगा। कुटुंबीजनों के साथ वाद-विवाद होगा। माताजी का स्वास्थ्य खराब होगा। अनचाही घटनाओं से आपके उत्साह में कमी आएगी।

# 'राष्ट्र प्रथम' हित के संवाहक हैं नरेन्द्र मोदी

**धर्मेन्द्र सिंह लोधी**

श्रीमद्भगवदगीता में कहा गया है, यद्यदाचरति श्रेष्ठसतत्तदेवेतरो जनः। स यत्प्रमाणं कुरूते लोकस्तदनुवर्तते।। अर्थात् महापुरूष जो आचरण करते हैं, सामान्य व्यक्ति उसी का अनुसरण करते हैं। वह अपने अनुकरणीय कार्यों से जो आदर्श प्रस्तुत करते हैं, सम्पूर्ण विश्व उसका अनुसरण करता है। आधुनिक विश्व में ऐसे ही एक युगपुरूष भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी हैं, जिन्होने न केवल भारत में अपितु संपूर्ण विश्व में मानव कल्याण के उच्च आयाम स्थापित किये हैं। आधुनिक भारत में नरेन्द्र मोदी जी का जीवन चरित्र भारतीयता और राष्ट्रीयता का पर्याय माना जा सकता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्तमान समय में एक शक्तिशाली वैश्विक नेता हैं। उनके नेतृत्व में भारत का सम्मान दुनिया में बढ़ा है। अब भारत को दरकिनार करके विश्व में कोई भी नीति नहीं बनाई जा सकती, क्योंकि आज भारत का नेतृत्व एक ऐसे हाथ में है, जो राष्ट्रहितों को केंद्र में रखकर लगातार कार्य कर रहा है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने जिस तरह कठोरता के साथ पाकिस्तान को प्रत?युत?तर देने के लिए 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाया, उससे भारत की छवि वैश्विक स्तर पर एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में उभर कर सामने आई है। ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से प्रधानमंत्री जी ने दुनिया को दिखा दिया है कि भारत आतंकवाद को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं करेगा और जो भी भारत की तरफ आंख उठा कर देखेगा भारत उसे छोड़ेगा नहीं। आज पूरी दुनिया प्रधानमंत्री मोदी को साहस के साथ प्रत्युत्तर देने वाले राजनेता के रूप में जानती है।



प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा वर्ष 2015 में ''बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ'' योजना आरंभ की थी। इस योजना से पूरे जीनवकाल में शिशु लिंग अनुपात को सन्तुलित करने में अभूतपूर्व सफालता प्राप्त हुई है। यह अभियान न केवल भारत, बल्कि समूचे विश्व में चर्चित और प्रचारित हुआ था। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आयोग्य योजना के द्वारा आज संपूर्ण भारत में स्वास्थ्य सेवाओं के नये मापदण्ड स्थापित किये गये हैं। देशवासियों को 5 लाख रुपये तक का निःशुल्क उपचार कराया जा रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं की दृष्टि से प्रधानमंत्री का यह कदम निश्चित हीं एक मील का पत्थर है। मोदी जी द्वारा आरंभ की गई जन-धन योजना का विजन आगामी कई पहलों के लिए बुनियाद का काम करेगा। मोदी जी के लिए इसका आशय है अधिकतम लक्ष्य की प्राप्ति। खर्च होने वाले प्रत्येक रुपये का अधिकतम प्रतिफल। देश के गरीबों का अधिकतम सशक्तिकरण। जनता के बीच तकनीक का अधिकतम प्रसार। आजादी के 67 साल बाद भी भारत में बड़ी संख्या में ऐसी आबादी थी जिन्हें बैंकिंग सेवाएं हासिल नहीं थीं। इसका अर्थ था कि उनके पास न तो बचत का कोई जरिया था, न ही संस्थागत कर्ज पाने का कोई अवसर। प्रधानमंत्री मोदी ने इस बुनियादी मसले का समाधान करने के लिए जन धन योजना की शुरुआत की है और 'सुखस्य मूलम धर्मः, धर्मस्य मूलम अर्थः, अर्थस्य मूलम राज्यम' के मूल विचार को साकार किया। वर्ष 2014 के बाद से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की राजनैतिक दशा में आमूलचूल परिवर्तन हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी सबका साथ, सबका विकास एवं सबका विश्वास को साथ लेकर विकास और प्रगति के पथ पर निरंतर आगे बढ़े हैं। विगत दस वर्षों में सामाजिक सरोकार के जो कार्य हमारे देश में किये गये हैं, उनकी प्रतीक्षा देश की जनता आजादी के बाद से कर रही थी। जल जीवन मिशन के माध्यम से संपूर्ण भारत के हर घर में पेयजल उपलब्ध कराने का संकल्प माननीय नरेन्द्र मोदी द्वारा लिया गया है और काफी हद तक यह कार्य पूर्ण भी हो चुका है। मुझे लगता है जल जीवन मिशन आजाद भारत की सबसे महत्वाकांक्षी और सामाजिक सरोकार की सर्वश्रेष्ठ योजना है, जिसको मूर्त रूप देने का विचार माननीय नरेन्द्र मोदी जी के चिंतन में ही पल्लवित हुआ है।

आजादी के बाद देश के तत्कालीन जिम्मेदार नेताओं की गलतीयों के कारण जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को लागू किया गया था जिसके कारण कश्मीर भारत वर्ष की मुख्यधारा से अलग सा हो गया था और लाखों कश्मीरी पंडितों को या तो जान देकर या फिर विस्थापित होकर इसका खामियाजा भुगतना पड़ा था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाकर एक अभूतपूर्व कार्य किया है, जिसके कारण कश्मीर में अब विकास और समृद्धि का नया सूर्योदय हुआ है। तीन तलाक का मामला हो, नागरिकता अधिनियम में संशोधन हो, गरीब कल्याण की बात हो या महिला सशक्तिकरण के प्रयोजन हो प्रधानमंत्री मोदी ने समाज के हर वर्ग के लिये सामाजिक सरोकार के अनेक अभूतपूर्व कार्यों को मूर्त रूप दिया है। मोदी जी के नेतृत्व में भारत में विकास प्रगति और शक्ति के नए आयाम को स्पर्श किया है। वर्ष 2014 के बाद से भारत की अर्थव्यवस्था में क्रांतिकारी परिवर्तन हुए हैं। भारत और दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है।

विगत 11 वर्षों में देश की अधोसंरचना का अभूतपूर्व विकास हुआ है। देश में नक्सलवाद को लगभग समाप्त कर किया जा चुका है। सामाजिक सरोकार हो या आर्थिक क्षेत्र या फिर तकनीकी क्षेत्र, हर क्षेत्र में देश सतत रूप से ऊंचाइयों को छू रहा है। यह सब भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री मोदी के भगीरथ प्रयासों के से ही संभव हो सका है। हाल ही में विश्व के सबसे शक्तिशाली राष्ट्र अमेरिका द्वारा दबाव बनाने और डराने के लिए भारी मात्रा में टैरिफ अधिरोपित कर दिए हैं। अमेरिका सोच रहा है कि भारत उसके आगे झुकेगा, लेकिन मोदी जी के नेतृत्व में भारत शक्ति के साथ अडिग खड़ा है। मोदी जी ने अपनी नीतियों से दुनिया को बता दिया है कि अब कोई भी भारत की तरफ आँख उठाकर नहीं देख सकता।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित सभी प्रकरण लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**संपादकीय एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त हुई सड़क, जल्द होगी मरम्मतः लोनिवि

**मोहम्मदी (खीरी)।** बढ़वारी मांग से खेमसराय जाने वाली सड़क अतिवृष्टि के कारण कुछ स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो गई है। लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता ने बताया कि बरसात में स्थायी कार्य संभव नहीं है, इसलिए अस्थायी तौर पर गिट्टी-मौरंग डाली गई है। मौसम अनुकूल होते ही सड़क और पुलिया की मरम्मत प्राथमिकता पर कराई जाएगी।

### सीएचसी परिसर से चोरी हुई मोटरसाइकिल, अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला परिसर में मंगलवार को दोपहर के समय एक मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम पलिया, पोस्ट राजापुर बैनी निवासी राम निवास अवस्थी पुत्र श्री रामभरोसे अवस्थी मंगलवार को लगभग दोपहर 1 बजे दवा लेने हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला आए थे। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल हीरो होंडा स्प्लेंडर प्लस UP31R6325 सीएचसी परिसर में खड़ी की थी। जब वह पर्चा बनवाने के लिए अंदर गए तो भीड़ अधिक होने के कारण पर्चा नहीं बन पाया। वापस लौटने पर उन्होंने देखा कि उनकी मोटरसाइकिल वहां से गायब थी। पीड़ित की तहरीर के पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### ऑनलाइन टैक्सी बुकिंग के बहाने गाड़ी चुराई, आर्मी बताकर फरार हुआ युवक, पीछा कर पकड़ी गाड़ी

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** ऑनलाइन टैक्सी बुकिंग के नाम पर एक बड़ा धोखाधड़ी और आपराधिक वारदात सामने आई है। उत्तराखंड के रुद्रपुर निवासी गौरव शर्मा की टैक्सी (UK06TA 8289) को आरोपी तुषार नामक युवक ने ऑनलाइन 13 सितंबर को दोपहर 3:30 बजे बुक किया। आरोपी ने खुद को आर्मी का जवान बताया और अपने साथी राजू विश्वास (जो उसने मामा बताया) के साथ गाड़ी में गोला, खीरी तक का सफर तय किया। गोला पहुंचते ही दोनों ने ड्राइवर को झांसे में लेकर उससे गाड़ी की चाबी ले ली और तुषार गाड़ी लेकर फरार हो गया। ड्राइवर को जब शक हुआ और उसने विरोध किया, तो राजू विश्वास ने न केवल हाथापाई की बल्कि जान से मारने की धमकी भी दी। उसने धमकाया कि बाकी लड़कों को भी बुला लिया है। ड्राइवर ने साहस दिखाते हुए राजू को पकड़े रखा और तुरंत 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए क्षेत्र में नाकाबंदी की और भाग रही गाड़ी का पीछा किया। पुलिस को देखकर तुषार ने गाड़ी तेज रफ्तार से भगाई, लेकिन पीछा किए जाने पर वह गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने गाड़ी को अपने कब्जे में लेकर कोतवाली गोला में जमा किया। पीड़ित गौरव शर्मा ने जब अपनी गाड़ी देखी तो उसमें आगे से फेंडर, लाइट, शीशा और कई अन्य हिस्सों में भारी नुकसान पाया गया। वाहन में तोड़फोड़ से काफी आर्थिक हानि हुई है। कोतवाली गोला पुलिस ने गौरव शर्मा की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच एसआई राजन कुमार को सौंपी गई है।

### गन्ना मूल्य रु.500 प्रति क्विंटल करने की मांग जोर पकड़ने लगी



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** सहकारी गन्ना समिति लिमिटेड, गोला खीरी की सामान्य निकाय की महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को सीजीएन पीजी कॉलेज, गोला के प्रांगण में सम्पन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य गन्ना क्षेत्र की सुरक्षा और किसानों के हितों को लेकर रणनीति बनाना रहा। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में गोला विधानसभा के विधायक अमन गिरी ने शिरकत की। इसके साथ ही समस्त बोर्ड सदस्य, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, गन्ना समिति के सचिव, चीनी मिल के प्रतिनिधि तथा सैकड़ों गन्ना किसान मौजूद रहे। बैठक में उत्तरांचल गन्ना किसान विनीत भदौरिया ने गन्ना किसानों की आवाज बुलंद करते हुए गन्ने का समर्थन मूल्य रु500 प्रति क्विंटल किए जाने की मांग रखी।

### पाड्च घंटे तक नाले में तड़पता रहा गोवंश, हिंदू संगठन और ग्रामीणों ने मिलकर बचाई जान



**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** संसारपुर भरिगवां चौराहे के पास एक मार्मिक घटना सामने आई। देर शाम एक बेसहारा गोवंश नाले में गिर गया और करीब पाँच घंटे तक उसमें फंसा तड़पता रहा। राहगीरों और स्थानीय ग्रामीणों ने उसे बचाने का प्रयास तो किया, लेकिन अंधेरे और नाले की गहराई के कारण वे सफल नहीं हो सके। इस बीच, जैसे ही यह जानकारी राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के जिला उपाध्यक्ष एवं गौरक्षक अनूप गुप्ता को मिली, उन्होंने तुरंत सक्रियता दिखाई। रात करीब 11 बजे वे हिंदू संगठन के सदस्यों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। ग्रामीणों की सहायता से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया, जो सफल रहा और गोवंश को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। राहत की बात यह रही कि गोवंश को सुरक्षित निकालने के तुरंत बाद पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंकुर वर्मा ने अपनी टीम को घटनास्थल पर भेजा। रात 11:30 बजे पशु का प्राथमिक उपचार कर उसे स्थिर किया गया। घटना की जानकारी मिलने पर संसारपुर चौकी इंचार्ज बृजमोहन ने पुलिस बल भेजकर सहायता प्रदान की, लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम प्रधान को समय से सूचना देने के बावजूद उन्होंने कोई मदद नहीं की। राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के उपाध्यक्ष अनूप गुप्ता ने इस मामले को लेकर ब्लॉक प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा प्रदेश के सभी ब्लॉकों में गौशालाएं संचालित करने के निर्देश के बावजूद बेसहारा गोवंश आज भी सड़कों और नालों में जीवन-मृत्यु से जूझने को मजबूर हैं। उन्होंने जिलाधिकारी से ग्राम प्रधान डालचंद भारती और संबंधित ब्लॉक अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### खीरी के लाल अभय पुरी ने किया जिले का नाम रोशन



**लखीमपुर खीरी।** भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष दीपक पुरी के पुत्र अभय पुरी की फोटो का चयन नेशनल फोटोशूट गैलरी सूरत (गुजरात) में हुआ है। इस प्रतियोगिता में देशभर से 10 हजार से अधिक फोटोग्राफरों ने हिस्सा लिया था, जिनमें से केवल 50 की फोटो नेशनल गैलरी एग्जीबिशन-2025 के लिए चुनी गई। यह एग्जीबिशन 18 से 21 सितंबर 2025 तक सूरत में आयोजित होगी, जिसमें देश-विदेश के नामी फोटोग्राफर शामिल होंगे। इसी दौरान सोनी कैमरे के लिए ब्रांड एम्बेसडर का चयन भी किया जाएगा और चयनित तस्वीरों को अंतरराष्ट्रीय फोटो गैलरी में प्रदर्शित किया जाएगा। अभय की इस सफलता पर परिजनों, मित्रों और शुभचिंतकों ने उन्हें फोन व घर पहुंचकर बधाई दी। पिता दीपक पुरी ने कहा कि जहां पहुंचने के लिए लोग अपने जीवन के कई वर्ष लगा देते हैं, वहां अभय ने कम उम्र में ही यह उपलब्धि हासिल कर परिवार और जिले का नाम गौरवान्वित किया है।

### शिक्षकों ने दिखाई नवाचार की झलक, टीएलएम प्रदर्शनी में उभरी शिक्षण की नई राह




**गोलागोकर्णनाथ (लखीमपुर)।** बीआरसी केंद्र पर शनिवार को एक प्रेरणादायक और नवाचार से परिपूर्ण नॉलेज शेयरिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डायट प्रवक्ता डॉ. नीरज के मार्गदर्शन एवं खंड शिक्षा अधिकारी श्रीराम की उपस्थिति में कार्यक्रम ने शिक्षकों को नवीन शैक्षिक दृष्टिकोण साझा करने का अवसर प्रदान किया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर विधिवत रूप से की गई कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों और शिक्षिकाओं ने अपनी स्वनिर्मित टीएलएम (टिचिंग लर्निंग मटेरियल) का प्रदर्शन किया। यह सामग्री भाषा और गणित जैसे विषयों को सहज, रोचक और व्यावहारिक ढंग से पढ़ाने के लिए तैयार की गई है, जिससे प्राथमिक स्तर की शिक्षा को मजबूती मिलेगी। डॉ. नीरज ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षण में सरलता और सहजता बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा, शिक्षकों को चाहिए कि वे बच्चों के साथ आत्मीय संबंध बनाकर, उनकी परिवेशीय भाषा में संवाद करें। इससे ज्ञान का संप्रेषण प्रभावी होगा। साथ ही उन्होंने टीएलएम के प्रयोग को शिक्षा का आवश्यक अंग बताते हुए कहा कि इससे बच्चों की सीखने की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होती है। कार्यक्रम का संचालन एआरपी विनोद कुमार गौतम ने अत्यंत कुशलता के साथ किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं, जिनमें रुचि सिंह, पूजा सिंह, ममता, अर्चना विश्वकर्मा, हिमानी दीक्षित, दीपशिखा, शाल्वी सिंह, शालिनी, रश्मि बाजपेई, कुंज बिहारी, अभिषेक, विनोद सिंह, सतीश तिवारी, सचिन बंसल, वीरेंद्र कुमार प्रमुख रहे।

# धर्मापुर उप स्वास्थ्य केंद्र में प्रसूता की मौत

- परिजनों ने 6300 रुपये की मांग का लगाया आरोप
- गुस्साए ग्रामीणों ने शव रखकर किया जाम, एएनएम और स्वास्थ्य विभाग पर गंभीर सवाल

**भीरा खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



भीरा थाना क्षेत्र के धर्मापुर उपस्वास्थ्य केंद्र पर मंगलवार रात प्रसव के दौरान सरिता गुप्ता (27) पत्नी महेश गुप्ता उर्फ कल्लू की मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों ने केंद्र पर तैनात एएनएम सुमन पाल पर 6300 रुपये की वसूली और लापरवाही का गंभीर आरोप लगाया।

मृतका के पति महेश गुप्ता ने थाना भीरा में दो लिखित प्रार्थना पत्र दिए हैं। पहली तहरीर में आरोप लगाया गया कि एएनएम सुमन पाल ने 5500 रुपये फीस, 300 रुपये सफाई कर्मी और 500 रुपये दाई के नाम पर मांगे। जब वह 4000 रुपये ही देने को तैयार हुआ तो एएनएम ने पत्नी से मिलने नहीं दिया। बाद में हालत बिगड़ने पर महिला को बिजुआ रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में मौत हो गई। दूसरी तहरीर में महेश ने यह भी लिखा कि सुमन पाल ने उसे धमकी दी कि पहले हिसाब कराओ, फिर पत्नी से मिलना। आरोप है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिजुआ के अधीक्षक डॉ. सुभाष वर्मा के संरक्षण में ही यह वसूली और प्रसव का खेल चलता है। महेश ने बताया कि इससे पहले भी उनके रिश्तेदार के साथ ऐसा ही मामला हुआ था, लेकिन विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की। घटना के बाद गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने सरिता का शव धर्मापुर लिंक रोड पर रखकर जाम लगा दिया। घंटों तक अफरातफरी रही। भीरा थानाध्यक्ष गोपाल नारायण सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। सीएचसी अधीक्षक बिजुआ डॉ. सुभाष वर्मा, तहसीलदार पलिया ज्योति वर्मा, लेखपाल मनोज शुक्ला और कानूनगो विजेंद्र शुक्ला ने मौके पर पहुंचकर समझाइश दी। हालात बिगड़ने की आशंका में पीएसी बल भी तैनात करना पड़ा। सरिता अपने पीछे दो छोटे बच्चों–माही (4 वर्ष) और देव (2 वर्ष)–को छोड़ गई है। मौत के बाद गांव में कोहराम मचा हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि उपकेंद्रों पर वसूली आम बात हो चुकी है और अधिकारी जानते हुए भी अनदेखी करते हैं।

**हर उपकेंद्र पर वसूली का खेल**

ग्रामीणों का कहना है कि धर्मापुर ही नहीं, बल्कि जिले के ज्यादातर उपकेंद्रों पर प्रसव के नाम पर हजारों रुपये लिए जाते हैं। गरीब परिवार मजबूरी में पैसे देते हैं और विरोध करने पर मरीज की जान से खिलवाड़ कर दिया जाता है।

**ग्रामीणों की जुबानी**

डॉक्टर और स्टाफ गरीबों की मजबूरी का फायदा उठाते हैं। जब तक कड़ी कार्रवाई नहीं होगी, हालात ऐसे ही रहेंगे। -एक ग्रामीण

सरिता की मौत विभाग की लापरवाही और वसूली का नतीजा है। जिम्मेदार अधिकारियों को भी जवाब देना होगा। -मृतका का परिजन

### तमंचे के साथ फोटो वायरल, हिरासत में किशोर

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर)।** हैदराबाद थाना क्षेत्र के गांव फूलपुर में एक 16 वर्षीय किशोर ने अवैध तमंचे के साथ फोटो खिंचवाकर उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई और देर रात दबिश देकर किशोर को हिरासत में ले लिया। उसके पास से अवैध तमंचा भी बरामद किया गया। हालांकि, पुलिस ने किशोर को शान्ति भंग की धारा में कार्रवाई कर छोड़ दिया, लेकिन इस निर्णय से स्थानीय लोगों में भारी नाराज़गी है। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे मामलों में कठोर कार्रवाई न होने से युवाओं का मनोबल बढ़ रहा है और वे अपराध की राह पर चलने को प्रेरित हो रहे हैं। इस संबंध में थाना अध्यक्ष सुनील मलिक ने बताया कि किशोर के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की गई है।

## गन्ना किसानों के लिए बड़ी पहलः गोला गोकर्णनाथ में सट्टा प्रदर्शन मेला शुरू, 25 सितंबर तक कराएं संशोधन

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**




गन्ना किसानों की समस्याओं के समाधान और सट्टा त्रुटियों के निराकरण हेतु सहकारी गन्ना विकास समिति परिसर में नौ दिवसीय समिति स्तरीय सर्वे सट्टा प्रदर्शन मेला की भव्य शुरुआत की गई। इस मेले का उद्घाटन तहसीलदार भीमचंद ने फीता काटकर किया। यह मेला आगामी पेराई सत्र 2025-26 के लिए आयोजित किया गया है, जिसका समापन 25 सितंबर को होगा। मेले में किसानों की सुविधा के लिए काउंटर स्थापित किए गए हैं, जहां गन्ना पर्यवेक्षक और चीनी मिल कर्मियों की संयुक्त टीमें तैनात हैं। ये टीमें गांव स्तर पर हुए सट्टा सर्वे के दौरान उत्पन्न त्रुटियों को दूर करने के लिए किसानों से आवेदन पत्र प्राप्त कर रही हैं। इन आवेदनों की जांच के बाद संबंधित प्रकरणों को सीडीआई, समिति सचिव, एवं ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। समिति सचिव बलवंत चौधरी ने किसानों से अपील की है कि वे समय रहते अपने सट्टों की जांच कर लें और यदि किसी प्रकार का संशोधन आवश्यक हो, तो वह 25 सितंबर तक अवश्य करा लें। उन्होंने बताया कि मेला किसानों के हित में एक महत्वपूर्ण प्रयास है, जिससे उन्हें भविष्य में किसी भी तरह की असुविधा से बचाया जा सके। इस अवसर पर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक आशुतोष मधुकर, समिति सचिव बलवंत कुमार चौधरी, पूर्व अध्यक्ष सुरेश चंद्र वर्मा सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## किशोर सौरभ हत्या कांड का चौथा आरोपी जीशान मुठभेड़ में गिरफ्तार

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



अपराध और अपराधियों पर नकेल कसने के अभियान के तहत भीरा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है किशोर सौरभ हत्याकांड में वांछित आरोपी जीशान पुत्र अलीशेर निवासी सलामतनगर भट्ठा कस्बा भीरा को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने भीरा धर्मापुर रोड स्थित मेडईपुरवा के पास घेराबंदी की इस दौरान जीशान ने पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया उसके पास से एक देसी तमंचा 315 बोर एक खोखा कारतूस और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि 6 सितंबर को आरोपी जीशान ने अपने साथियों शादाब रियासत और इरशाद के साथ मिलकर 15 वर्षीय किशोर सौरभ की हत्या कर दी थी किशोर को बहला फुसलाकर अपने निर्माणाधीन मकान पर बुलाया गया और फिर बंधक बनाने की कोशिश की गई विरोध करने पर गला दबाकर उसकी हत्या कर दी गई बाद में शव को मोटरसाइकिल से ले जाकर गन्ने के खेत में छिपा दिया गया। पुलिस ने पहले ही जीशान के साथी शादाब और रियासत को गिरफ्तार कर लिया था जिन्होंने शव और मोबाइल बरामद कराया था अब मुख्य आरोपी जीशान भी गिरफ्त में है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक गोपाल नारायण सिंह, उपनिरीक्षक अवनीश कुमार, हेड कांस्टेबल देवव्रत सिंह, कांस्टेबल तुषार कुमार, कांस्टेबल जगजीवन और कांस्टेबल मुलायम यादव शामिल रहे। इन सभी की संयुक्त कार्रवाई से आरोपी को दबोचा जा सका। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

### बिजली स्पार्किंग से बांसी गांव में रघुवीर का घर राख, ग्रामीणों ने काबू पाया

**बिजुआ खीरी।** ब्लॉक बिजुआ क्षेत्र की ग्राम पंचायत बांसी में सोमवार देर रात अचानक लगी आग ने पूरे गांव में अफरा-तफरी मचा दी। बताया जा रहा है कि बिजली की स्पार्किंग से रघुवीर का घर आग की चपेट में आ गया। देखते ही देखते लपटों ने पूरे मकान को अपनी गिरफ्त में ले लिया और घर में रखा धान,गेहूं सहित घर गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। गांव के लोगों ने मिलकर आग पर काबू पाया, वरना हादसा और बड़ा हो सकता था। गनीमत रही कि किसी की जान को नुकसान नहीं पहुंचा। घटना की जानकारी ग्राम प्रधान ने तत्काल स्थानीय लेखपाल को दी है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर समय रहते बिजली विभाग लापरवाही पर ध्यान दे तो ऐसे हादसों से बचा जा सकता है। फिलहाल स्थानीय लेखपाल ने प्रशासनिक स्तर पर नुकसान का आंकलन कर रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेजी।

## गन्ने के खेत में महिला का शव मिलने की गुत्थी सुलझी

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

- अवैध संबंध के चलते महिला और उसकी बेटी ने की थी हत्या

थाना पढुआ क्षेत्र के ग्राम प्रेमनगर मजरा मंझरापूरब में रविवार की रात हुई महिला हत्या की सनसनीखेज वारदात का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने घटना को अंजाम देने वाली मां-बेटी को गिरफ्तार कर उनके पास से घटना में प्रयुक्त धारदार हंसिया भी बरामद कर लिया। मामले में सामने आए चौंकाने वाले खुलासे ने पूरे इलाके को हिला कर रख दिया है। मृतका झुनकी देवी पत्नी रामसुधार राजभर का शव रविवार की रात गन्ने के खेत से बरामद हुआ था। हत्या की खबर मिलते ही गांव और आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मृतका के पति रामसुधार राजभर ने ग्राम की ही रहने वाली इन्द्रावती पत्नी लाल बहादुर व उसकी पुत्री सुनीता पर हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी थी। इसी आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की। जांच-पड़ताल और सुरागकशी में सामने आया कि मृतका झुनकी देवी और इन्द्रावती के पति लाल बहादुर के बीच लंबे समय से अवैध संबंध थे। इसी बात को लेकर इन्द्रावती अपनी पड़ोसन झुनकी देवी से रंजिश रखती थी। रविवार की रात इन्द्रावती ने अपनी पुत्री सुनीता के साथ मिलकर झुनकी देवी को रास्ते में रोक लिया और धारदार हंसिया से ताबड़तोड़ हमला कर उसकी हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपित मां-बेटी शव को घसीटकर गन्ने के खेत में फेंक आई ताकि हत्या को छिपाया जा सके।

थाना प्रभारी विवेक कुमार उपाध्याय ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम सक्रिय हुई और लगातार साक्ष्य जुटाने में लगी रही। कड़ी मेहनत के बाद मंगलवार को पुलिस ने दोनों आरोपित महिलाओं को दबोच लिया। उनके कब्जे से हत्या में प्रयुक्त धारदार हंसिया भी बरामद किया गया। पुलिस ने दोनों आरोपी महिलाओं को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। हत्या के पीछे सामने आए कारण ने पूरे क्षेत्र को दंग कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि जिस तरह एक महिला ने अपने पति के अवैध संबंधों की रंजिश को खून से सुलझाया, उसने गांव के सामाजिक माहौल को हिला कर रख दिया है।

## उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ, मोहम्मदी ब्लॉक इकाई का चुनाव संपन्न




**मोहम्मदी (खीरी)।** उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ की मोहम्मदी ब्लॉक इकाई का चुनाव उत्साह और पारदर्शिता के साथ सम्पन्न हुआ। लंबे समय तक चली खींचतान और जोर-आजमाइश के बाद आखिरकार दधिवल को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। उल्लेखनीय है कि दधिवल इससे पहले भी लगातार दो कार्यकाल तक अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। चुनाव में मंत्री पद पर नरेन्द्र, कोषाध्यक्ष पद पर सुधीर कुमार, संगठन मंत्री पद पर रामू और ब्लॉक संप्रेक्षक पद पर लाल बहादुर निर्विरोध निर्वाचित हुए। पूरी चुनाव प्रक्रिया संगठन के जिला अध्यक्ष सतीश कुमार वर्मा की देखरेख में मोहम्मदी ब्लॉक सभागार में सम्पन्न करायी गई, जिसमें कुल 90 मतदाताओं ने भागीदारी निभाई। चुनाव के बाद शपथ ग्रहण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर निर्वाचित अध्यक्ष दधिवल ने कहा ङ्क ÷हम सभी कर्मचारियों के मान-सम्मान से कोई समझौता नहीं करेंगे। संगठन के हक-अधिकारों की लड़ाई मजबूती से लड़ी जाएगी।

## सादुल्लानगर सीएचसी के बाहर जलभराव, मरीजों और राहगीरों को हो रही परेशानी



**बलरामपुर।** सादुल्लानगर बाजार में झमाझम बारिश के बाद सादुल्लानगर के रेहरा बाजार रोड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और थाना परिसर जाने वाले मार्ग पर जलभराव की स्थिति पैदा हो गई है। तेज बारिश के चलते सड़क पर जगह-जगह पानी भर जाने से मरीजों, फरियादियों, राहगीरों सहित छात्र-छात्राओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्वास्थ्य केंद्र आने वाले मरीजों को पानी में से आना जाना पड़ता हैं। वहीं थाना पहुंचने वाले लोगों को भी गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। स्थानीय लोगो ने आरोप लगाया कि नाली और जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण हर साल बारिश में यही स्थिति बन जाती है।अहरौला निवासी रवि कुमार, गामा भारती ने बताया कि उक्त जलभराव वाले रास्ते को पार कर अहरौला से दर्जनों नौनिहाल पी एम श्री कम्पोजिट विद्यालय सादुल्लानगर आते जाते हैं जिससे उन्हें समस्याओ का सामना करना पड़ता है। मोहम्मद आसिफ, गुलाम हुसैन, तहारत रजा, मान सिंह चौहान, प्रमोद, राजेश आदि। ग्रामीणों और राहगीरों ने प्रशासन से जल्द से जल्द जलनिकासी की व्यवस्था करने और सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि मरीजों और आम नागरिकों को राहत मिल सके।

## धूमधाम से मनाया गया मंडल अध्यक्ष विष्णु प्रताप गुप्ता का जन्मदिन समारोह

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



सादुल्लानगर भारतीय जनता पार्टी सादुल्लानगर मंडल अध्यक्ष विष्णु प्रताप गुप्ता का जन्मदिन ग्रीन फील्ड मैरिज हॉल, मनकापुर रोड सादुल्लानगर में बीती रात को बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के पत्रकार जगत की तमाम हस्तियां, समाजसेवी तथा पार्टी सभी कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष विष्णु प्रताप गुप्ता ने अपने जन्मदिन को विशेष बनाने के लिए सभी के योगदान को याद करते हुए कहा कि मेरे इस खास दिन को यादगार बनाने में सभी भाइयो का बहुत बड़ा सहयोग रहा है। मैं उनके प्रति हृदय से आभारी हूँ। कार्यक्रम में केक काटकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दी गई। पूरे समारोह में उत्साह और सौहार्द का वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर रमेश चंद्र तिवारी, बहरैची प्रसाद गुप्ता, राधेश्याम गुप्ता, जिला मंत्री भाजयुमो सुमित सिंह,मंडल अध्यक्ष भाजयुमो श्याम जी वर्मा, सुभसपा प्रदेश अध्यक्ष विकास तिवारी, भगवान पूजन पटेल, दीपचंद जायसवाल, जग प्रसाद गुप्ता, रमेश चौहान, अनूप शुक्ला, तौकीर हुसैन, मुकीम सिद्दीकी, शाहिद हुसैन, आशीष गुप्ता, रमेश शर्मा, अशोक पाल, विकास श्रीवास्तव साहित क्षेत्र के सैकड़ो लोग उपस्थित रहें।

### उतरौला डाकघर में रेलवे आरक्षण काउंटर पुनः शुरू करने की मांग पर जोर

**उतरौला( बलरामपुर )।** उतरौला पोस्ट ऑफिस में रेलवे टिकट रिजर्वेशन काउंटर की सुविधा पुनः संचालित कराए जाने की मांग को लेकर उतरौला विकास समिति अध्यक्ष विनय कुमार ने मंडल अधीक्षक डाकघर को पत्र लिखा है। विनय कुमार ने बताया कि उतरौला डाकघर में रेलवे टिकट रिजर्वेशन काउंटर की सुविधा उपलब्ध थी। लेकिन छ वर्ष पूर्व रेलवे टिकट रिजर्वेशन काउंटर बंद कर दिया गया। जिसके चलते क्षेत्र वासियों को रेलवे से अन्य प्रांत को जाने के लिए टिकट रिजर्वेशन कराने हेतु जनपद मुख्यालय, मनकापुर, गोंडा रेलवे स्टेशन जाकर लाइन लगाना पड़ता है या रेलवे सेवा केंद्रो पर मूल्य से कई गुना अधिक भुगतान कर रिजर्वेशन टिकट लेना पड़ रहा है। क्षेत्र के बहुतायत संख्या में लोग अन्य प्रदेशों में मेहनत मजदूरी करने के लिए रहते हैं। अन्य प्रदेश से अपने गांव आने के बाद वापस परदेश जाने के लिए महीनों रेलवे टिकट के लिए भटकना पड़ता है। तमाम जतन करने के बावजूद भी टिकट न मिलने पर परदेश जाने वाले लोगों को मजबूरन प्राइवेट बसों एवं अन्य साधनों की सवारी करनी पड़ती है। मेहनत मजदूरी करने वाले परदेसियों के अलावा तिरुपति बालाजी, अजमेर राजस्थान, देवभूमि उत्तराखंड, मुंबई, पुणे, गुजरात, केरल, सूरत, मद्रास, उड़ीसा, कोलकाता, नागपुर, नोएडा, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़, पंजाब, हरियाणा, जम्मू समेत अन्य प्रति को दर्शन पूजन के लिए जाने वाले दर्शनार्थियों को रेलवे टिकट रिजर्वेशन के लिए काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

## ब्राह्मण चेतना संगठन की कार्यकारिणी का विस्तार, युवाओं पर जताया भरोसा

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



सादुल्लानगर में ब्राह्मण चेतना संगठन की कार्यकारिणी विस्तार बैठक बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए संतोष तिवारी ने कहा कि संगठन के विस्तार में शामिल सभी विप्र बंधुओं का हार्दिक अभिनंदन एवं आभार। उन्होंने कहा कि हमारे बीच विद्यमान वरिष्ठजन हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे, परंतु आज की परिस्थितियों में युवाओं से अधिक अपेक्षा है क्योंकि उनमें जोश, उत्साह और कठिन परिश्रम की क्षमता है। उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने में लगे प्रीतम शास्त्री, दिनेश ओझा, विशाल तिवारी, कुक्कू भाई, राजेश मिश्रा, रवी तिवारी, आदर्श ओझा व पंडित शिवम राज दूबे जैसे युवा कार्यकर्ताओं के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें संगठन की ऊँचाइयों तक ले जाने का संकल्प दोहराया। बैठक में शामिल सैकड़ों ब्राह्मण समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने संतोष तिवारी के विचारों का समर्थन करते हुए एकजुट होकर समाजहित में कार्य करने का संकल्प लिया।इस अवसर पर राज दूबे, अजय तिवारी सहित कई वक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखे। सभी ने विभिन्न दृष्टिकोण से ब्राह्मण समाज के उत्थान हेतु उत्कृष्ट सुझाव प्रस्तुत किए। बैठक का माहौल उत्साहवर्धक और ऊर्जावान रहा।

## भारतीय जनता पार्टी की त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर कार्यशाला संपन्न



**बलरामपुर।** सादुल्लानगर विकास खण्ड रेहरा ब्लॉक सभागार में भारतीय जनता पार्टी द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के अंतर्गत कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामकरन मिश्रा रहे, जबकि ब्लॉक प्रमुख पंकज सिंह चौहान ने बैठक की अगुवाई की। बैठक में ब्लॉक के सभी अपेक्षित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव हमारे लोकतंत्र की आधारशिला हैं। ये चुनाव न केवल स्थानीय नेतृत्व को अवसर प्रदान करते हैं, बल्कि आम जनमानस के अधिकारों को भी सशक्त करते हैं। भाजपा पदाधिकारियों ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने सदैव इन चुनावों को गंभीरता से लिया है। प्रत्येक कार्यकर्ता जनहित को सर्वोपरि मानते हुए समाज और संगठन के लिए कार्य करता रहा है। साथ ही संकल्प दोहराया गया। इस अवसर पर भारत नरेश सिंह, मंडल अध्यक्ष बिष्णु प्रताप गुप्ता, बहरैची प्रसाद गुप्ता, रमेश तिवारी, धर्म प्रकाश चौहान, रमेश चौहान, बिजय गुप्ता, राजकरण वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# विज्ञान के बिना आधुनिक जीवन की कल्पना अधूरी

**रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**




विज्ञान के बिना आधुनिक जीवन की कल्पना अधूरी है। रक्षा से लेकर स्वास्थ्य और हर क्षेत्र में विज्ञान ने हमारी राह आसान ही नही किया बल्कि विकास में अग्रणी भूमिका निभाई है जरूरत है कि हम प्रयोग की परंपरा को निरंतर आगे बढ़ाएं और बच्चों को इसके लिए मंच उपलब्ध कराएं। यह बात खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने मंगलवार को सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सुमेरगंज में शुरू हुए तीन दिवसीय विज्ञान मेले के उद्घाटन अवसर पर कही। नगर पंचायत रामसनेहीघाट अयोध्या के प्रवेश द्वार सुमेरगंज स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आयोजित तीन दिवसीय विज्ञान मेले को संबोधित करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि बच्चे ही भविष्य के वैज्ञानिक हैं।

जब वे छोटी उम्र से प्रयोग करेंगे, तभी समाज और राष्ट्र मजबूत होगा। विद्या मंदिर परिवार बाल वैज्ञानिकों को जो अवसर उपलब्ध करा रहा है, वह अतुलनीय है। इस मंच से निकलने वाली प्रतिभाएं आने वाले कल में देश को नई दिशा देंगी।

विधान परिषद सदस्य सभापति विधुत जांच समिति अंगद सिंह ने भी बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि सपने हमेशा बड़े देखने चाहिए। अगर लक्ष्य ऊंचा होगा तो असफलता भी सफलता की ओर ले जाएगी।इसके लिए यही समय है जो आप सब अपने को बेहतर तरीके से आगे बढ़ा सकते है हमारे पूर्वज वैज्ञानिकों ने कड़ी मशक्कत के बाद हर संसाधन उपलब्ध कराया है जरूरत है आप सभी नए प्रयोग कर अपने को साबित करने की है इसके लिए विद्यालय सभी सुविधाएं मुहैया करा रहा है। विज्ञान मेले की प्रस्ताविकी प्रस्तुत करते हुए लखनऊ से आए संतोष ने बताया कि पूर्व में कई बाल वैज्ञानिकों के आविष्कार पेटेंट की श्रेणी में आ चुके हैं, जिनका समाज में लाभ मिल रहा है।

मेले का शुभारंभ मां भारती के चित्र पर माल्यार्पण और छात्राओं द्वारा मां हंस वाहिनी की प्रार्थना से हुआ। इस मौके पर प्रान्त संगठन मंत्री हेमचंद, अवध प्रांत निरीक्षक राम जी, विद्यालय अध्यक्ष जगदीश गुप्ता व प्रधानाचार्य देवेंद्र कुमार शुक्ल ,संघ के वीपी सिंह सहित अनेक विद्यालयों के आचार्य गण बच्चे उपस्थित रहे।

### उधार के पैसे मांगने व मारपीट करने वालों पर मुकदमा दर्ज

**जैदपुर बाराबंकी।** न्यायालय के आदेश पर जैदपुर पुलिस ने पैसा उधार लेकर वापस मांगने पर मारपीट करने वालों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। बताते चले कि पीड़ित मोहित कुमार पुत्र सीताराम रावत निवासी उधौली थाना सफदरगंज व दीपक कौशल ने लगभग एक वर्ष पहले अमित कुमार पुत्र सियाराम निवासी ग्राम परसोला थाना जैदपुर को बीस हजार रुपए उधार दिये थे ।जिसे लेकर दोनों पक्षों में कई बार कहासुनी भी हुई थी ।अपने पैसा लेने हेतु विपक्षी के घर जाते समय अहमदपुर टोल प्लाजा के बगल गांव मे पहले से घात लगा कर बैठे अमित,शिवम व अज्ञात दो लोगो के साथ पीड़ित को रोककर लात घूसों से मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी थी ।जिसे लेकर इंसाफ करने की गुहार पीड़ित द्वारा न्यायालय में लगायी थी ।वही न्यायालय के आदेश पर जैदपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# टीईटी की अनिवार्यता खत्म करने पर शिक्षकों में हर्ष

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

बेसिक शिक्षा विभाग में सेवारत शिक्षकों के लिए टीईटी की अनिवार्यता पर उच्चतम न्यायालय के आदेश का रिवीजन दाखिल करने का आदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बेसिक शिक्षा विभाग को दिया है, मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के शिक्षक अनुभवी हैं एवं समय समय पर विभाग द्वारा उन्हें विभागीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है, ऐसे में उनकी योग्यता और सेवा के वर्षों को नजर अंदाज करना उचित नहीं है। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने टीईटी अनिवार्यता के मुद्दे पर कहा कि प्रदेश के शिक्षकों ने अपनी निष्ठा और सेवा भाव से न केवल ज्ञान का प्रसार किया है बल्कि पीढ़ियों को संस्कारित कर राष्ट्र निर्माण की आधारशिला को मजबूत किया है हमारे शिक्षकों का अनुभव और उनकी योग्यता शिक्षा व्यवस्था के सुधार में अत्यंत महत्वपूर्ण है। मंगलवार को हुई इस घोषणा के उपरांत उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह ने जनपद बाराबंकी के समस्त शिक्षकों की ओर से प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह का आभार व्यक्त किया है उन्होंने कहा कि सरकार का यह कदम स्वागत योग्य है एवं समस्त शिक्षकों के भविष्य को संरक्षित करने की दिशा में एक ठोस कदम है।

# कब्रिस्तान में हाई मास्क लाइट लगने से जनता में खुशी



**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत जैदपुर के वार्ड वसीनगर स्थित कुरैशी कब्रिस्तान में हाई मास्क लाइट लग जाने से रात में जनता में खुशी का माहौल बन गया। बताते चले कि सभासद निजामुद्दीन शाह के प्रयासो से बरसों से अंधेरे में डूबे कब्रिस्तान में हाई मास्क लाइट लग जाने से रात के समय मिट्टी देने के लिये आने वाले लोगो को तमाम परेशानियों से निजात मिल गयी है। लोगो की इस समस्या को देखते सभासद प्रतिनिधि निजामुद्दीन ने चेयरमैन प्रतिनिधि दाऊद अलीम से मुलाकात कर कब्रिस्तान के चारो तरफ लाइट की रोशनी फैला दी है।इससे वार्ड वासियो के चेहरे पर काफी खुशी देखी गयी है। इस अवसर पर अलीम उर्फ झगडू, मास्टर आसिफ,मास्टर कलाम, अकरम अंसारी,पूर्व सभासद जाकिर हुसैन, शहाबुद्दीन,मोहम्मद अहमद, निसार खान और अरमान खान सहित तमाम लोगो ने कार्य की सराहना की है।

# बांसा सैदनपुर की सड़क टूटी, राहगीर हो रहे चोटिल

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



लोकनिर्माण विभाग सड़कों के निर्माण और मरम्मत पर करोड़ों रुपये खर्च करती है, लेकिन फिर भी गड्ढों से निजात नहीं मिल पा रही है। बरसात के मौसम में हल्की बारिश में सड़कों पर जलभराव हो जाता है। कई बार राहगीर गिरकर चोटिल हो जाते हैं। बांसा सैदनपुर मार्ग पर बना जानलेवा गड्ढा किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है ग्रामीणों की शिकायत के बाद भी विभाग के कानो मे जू नही रेंग रहा है। विभागीय लापरवाही के चलते बांसा सैदनपुर मार्ग की वर्तमान समय मे खस्ताहाल है जगह जगह बने गड्ढे राहगीरों वाहन चालको के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है कल्याणी नदी से निकली कैनाल नहर मे बना छोटा गड्ढा आज बड़ा जानलेवा गड्ढा बन गया है जिससे किसी भी समय कोई अनहोनी घटना घट सकती है ग्रामीणों की शिकायतों के बाद भी विभाग ध्यान नहीं दे रहा है सरकार सड़कों के निर्माण और मरम्मत पर करोड़ों रुपये खर्च करती है, लेकिन फिर भी गड्ढों से निजात नहीं मिल पा रही है। सड़कों के निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया। बारिश से सड़कें खराब होने से लोग हादसों के शिकार होते हैं। एक बार सड़क बनने के बाद खराब होने पर जिम्मेदार न तो सुनते हैं और न ही कोई खबर ली जाती है। लोग गिरते रहें, टूटते रहें, लेकिन कोई फर्क नहीं पड़ता। बरसात के मौसम में हल्की बारिश में सड़क की सड़कों पर जलभराव हो जाता है। इसके बाद यह गड्ढे दिखने बंद हो जाते हैं और सड़कों पर निकलने वाले बाइक सवार इन गड्ढों की चपेट में आकर गिर जाते हैं। कई बार चोटिल भी हो जाते हैं।

# दहेज हत्या के मामले में अभियुक्त को मिली दस साल की सजा

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

ऑपरेशन कंविक्शन के तहत चिन्हित अभियोग की प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरूप न्यायालय द्वारा दहेज हत्या से सम्बन्धित अभियुक्त को 10 वर्ष का कठोर कारावास व 15 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। पुलिस महानिदेशक एवं एसपी अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में जघन्य अपराधों में लिप्त अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध वैज्ञानिक विधि से साक्ष्य संकलन एवं गुणवत्तापूर्ण विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए थाना सुबेहा पर दहेज हत्या के सम्बन्ध में पंजीकृत मु0अ0सं0 154/2020 धारा 304बी/498ए भादवि व 4 डी0पी0एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त चन्द्रगुप्त मौर्य पुत्र रामलखन मौर्य निवासी थलवारा थाना सुबेहा जनपद बाराबंकी को उपरोक्त धाराओं में न्यायालय अपर जिला सत्र न्यायाधीश कोर्ट नं0-37 द्वारा दोषसिद्ध करते हुए 10 वर्ष का कठोर कारावास व 15 हजार-रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित व धारा 504/506 भादवि में दोषमुक्त किया गया एवं रामलखन पुत्र जगन्नाथ मौर्य सुन्दारा पत्नी रामलखन मौर्य निवासीगण उपरोक्त को धारा 304बी/498ए/504/506 भादवि व ड डीपी एक्ट में दोषमुक्त किया गया। उक्त कार्यवाही से जनता में न्याय के प्रति विश्वास बढा तथा पुलिस पैरवी के इस प्रयास की जनता द्वारा भूरि भूरि प्रशंसा की गयी।

### चोरी हुआ मोबाइल व अल्टीनेटर पीड़ित ने की शिकायत

**जैदपुर, बाराबंकी समृद्धि न्यूज।** घर के बाहर से मोबाइल व अल्टीनेटर चोरी होने पर पीड़ित ने गांव के कुछ लोगो पर शंका जाहिर करते हुए जैदपुर थाने मे शिकायत दी गयी है। वही जैदपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार साजिदा पत्नी मुन्ना ग्राम इनामीपुर थाना जैदपुर ने थाने में शिकायत करते हुए बताया कि दिनॉक 14-9-2025 को पीड़ित का अल्टीनेटर व मोबाइल घर के बाहर से चोरी हो गया है। हमे शंका है कि मेरे गॉव के अरुण उर्फ अप्पी पुत्र उमेश चन्द्र यादव, विमल यादव पुत्र प्रेम चन्द्र यादव, शशांक पुत्र सरवन यादव निवासी गण इनामीपुर कटरा थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी ने ही मेरा अल्टीनेटर तथा ओप्पो मोबाइल चुरा लिए है। क्योंकि ये लोग अकसर मेरे आरा मशीन की तरफ घूमते फिरते है। मामला संज्ञान में आते ही जैदपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## खबरें एक नजर में

### फोटो एडिट कर बदनाम करने की साजिश, की शिकायत

**सैफई, इटावा।** समाज में सम्मानित पूर्व ग्राम प्रधान की फोटो एडिट कर सोशल मीडिया पर अपमानजनक तरीके से वायरल करने की शिकायत थाना सैफई में दर्ज कराई है। ग्राम पंचायत बरौली खुर्द के गांव वंजराहार निवासी पूर्व ग्राम प्रधान संजीव कुमार ने तहरीर में बताया कि 16 सितंबर को उन्हें जानकारी मिली कि उनकी फोटो का स्क्रीनशॉट लेकर उसमें कट पेस्ट कर अपमानजनक सामग्री सोशल मीडिया पर वायरल की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह साजिश उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा को नुकसान पहुँचाने के लिए रची गई है। संजीव कुमार ने थाना प्रभारी भूपेंद्र राठी से अनुरोध किया है कि आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफसख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

### मार्ग दुर्घटना में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

**उन्नाव।** आसीवन थाना क्षेत्र में गुरुवार देरशाम मुंशीगंज-अजगैन मार्ग पर दो बाइकों की भिंडत में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसे मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया था लेकिन परिजन लखनऊ के एक निजी अस्पताल में इलाज करा रहे थे। जहां सोमवार इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। पीएम के बाद शव मृतक के परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक की पत्नी ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफपुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने मुकद्दमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच कर रही है। कायमपुर निवरबारा गांव निवासी सरिता ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया कि गुरुवार की शाम पति रामभजन 29 पुत्र लाला बाइक से घर लौट रहे थे। इसी बीच बीरुगढी गांव के पास सामने से आ रहे अनियंत्रित बाइक चालक ने टक्कर मार दी थी जिससे पति गंभीर रुप से घायल हो गया जिसे मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था लेकिन हालत नाजुक होने पर लखनऊ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां सोमवार इलाज के दौरान मौत हो गयी।

### कौमी झण्डे को लेकर दो समुदायो में तनाव, पुलिस ने संभाले हालात

**उन्नाव।** आसीवन क्षेत्र में सोमवार देरशाम कौमी झंड़े को लेकर दो समुदायों के बीच विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गयी। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को थाने ले गयी और दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर किसी तरह मामला शांत कराया। साथ ही दोनों पक्षों से पांच लोगों का शांतिभंग में चालान कर दिया। सहबसी गांव में पड़ोसी गांव बरहा कलां निवासी युवक समीर सहबसी में मकान खरीद कर अवैध अस्पताल चलाता हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि इससे पहले हम ग्रामवासी दोनों समुदाय आपस में प्रेम से रहते थे लेकिन जबसे यह गांव आया है तबसे तरह-तरह की गतिविधियां किया करता है, कहीं अवैध मदरसा संचालन कभी कौमी झंड़े लगाना। इसी बात से नाराज़ ग्रामीणों ने सोमवार रात इकट्ठा होकर झंड़े का विरोध किया।

### चारपाई पर मिला अधेड़ का शव

**उन्नाव।** संदिग्ध परिस्थितियों में भोरपहर अधेड़ का शव चारपाई पर पड़ा मिला। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं परिजनों ने जहरीले सांप के काटने से मौत होने की आशंका जताई है। दही थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम झंझरी निवासी चंदप्रकाश पासी 42 पुत्र स्व0 रामपाल देररात खाना खाने के बाद कमरे में पड़ी चारपाई पर सो गया। सुबह काफी समय हो जाने पर जब सोकर नहीं उठा तो वही साथ में रह रही भांजी संगीता पुत्री लल्लन निवासी तौरा थाना पुरवा जगाने गई जहां वह चारपाई पर औंधे मुंह पड़ा था, सीधा किया तो उसकी मौत हो चुकी थी यह देख संगीता चीखने लगी। चीख-पुकार सुन परिजन तथा पड़ोसी आ गए। घटना की सूचना बेटे गोलू ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### बाग में फांसी से लटका मिला किशोरी का शव

**उन्नाव।** आसीवन थाना क्षेत्र में मंगलवार की शाम आम के बगीचे में पेड़ की डाल पर दुपट्टे के सहारे लड़की का शव लटकता देख ग्रामीणों ने मृतका के परिजनों को घटना की जानकारी दी। जिसपर रोते-बिलखते परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारा और आवश्यक कार्यवाही करते हुए पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

परिजनों ने किसी तरह का कोई आरोप नही लगाया है। बरहा खुर्द गांव निवासी बब्लू पाल की 17 वर्षीय बेटी सरिता परिजनों के अनुसार छः माह से मानसिक रूप से बीमार चल रही थी। मंगलवार की शाम देशराज के आम के बगीचे में दुपट्टे के सहारे शव लटकता हुआ मिला।

### अनुज कुमार बनाये गए आसपा भाईचारा कमेटी का जिला संयोजक




**बाराबंकी।** आजाद समाज पार्टी जिला भाईचारा कार्यालय बेगमगंज में आजाद समाज पार्टी कांशीराम राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद एवं मुख्य मंडल प्रभारी अयोध्या मंडल अयोध्या मानस राय मार्गदर्शन में भाईचारा कमेटी द्वारा अनुज कुमार सामाजिक कार्यकर्ता को जिला संयोजक पद पर नियुक्त किया गया है जिसकी नियुक्ति पत्र मंडल संयोजक एडवोकेट वसीह हैदर द्वारा एव भाईचारा जिला संयोजक आमिर सुहेल वरिष्ठ नेता मोहम्मद अशफाक गुड्डू की मौजूदगी में नियुक्ति पत्र दिया गया और अमरेश कुमार नागवंशी को विधानसभा हैदरगढ़ का विधानसभा संयोजक एवं क्रांति चंद्रा एडवोकेट सदर विधानसभा बाराबंकी संयोजक की पद महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई और अपेक्षा की गई नवनियुक्त पदाधिकारी आजाद समाज पार्टी के कारवां को गांव गांव तक पहुंच कर पार्टी को मजबूत करने का काम करें। इस मौके पर भीम आर्मी जिला प्रभारी एडवोकेट हरिनंदन सिंह, पिंकी यादव एडवोकेट पूर्व जिला अध्यक्ष आजाद समाज पार्टी महिला विंग ,मोहम्मद शमीम, सर्वेश कुमार,मनोज कुमार, श्यामू कुमार, सुभाष चंद्र रावत सुदीप कुमार आदि उपस्थित थे।

# छापेमारी में औषधि निरीक्षकों की टीम ने जांची नारकोटिक्स व प्रबंधित औषधियां

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



आयुक्त, खाद्य एवं औषधि प्रशासन लखनऊ के आदेशानुसार, जिलाधिकारी के निर्देश पर औषधि निरीक्षक राजिया बानो एवं औषधि निरीक्षक अयोध्या आलोक कुमार त्रिवेदी की संयुक्त गठित टीम द्वारा आगरा प्रकरण में पकड़ी गई नकली औषधियों के अवैध कारोबार के रोक थाम हेतु लखन मार्केट के दवा मंडी में विशाल एंटरप्राइजेज, आर के एजेंसी, भोला डिस्ट्रीब्यूटर्स एवं एस एस फार्मास्यूटिकल्स पर नारकोटिक्स औषधियों एवं प्रबंधित औषधियों की सघन जांच की गई, मौके पर विशाल एंटरप्राइजेज पर एक औषधि एलीग्रा 120 एमजी औषधि पाई गई । जो कि पूर्व में आगरा में छापे के दौरान पकड़ी गई नकली औषधियों में से मिलती है ।

प्रतिष्ठान में एलीग्रा120 एमजी औषधि को सीज करते हुए तत्काल प्रभाव से क्रय विक्रय पर रोक लगाया गया। साथ ही सहायक आयुक्त औषधि अयोध्या मंडल अयोध्या को कारण बताओ नोटिस हेतु निरीक्षण आख्या प्रेषित की गई । निरीक्षण के दौरान औषधियों में से 05 औषधियों का रेंडमली आधार पर उसका नमूना संग्रहित कर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा गया, तथा प्रयोगशाला द्वारा जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। नारकोटिक्स / प्रतिबंधित / नकली औषधियों की रोकथाम हेतु निरंतर नमूनों की सैम्प्लिंग एवं छापे की कार्यवाही की जा रही है।

# सड़क हादसे में महिलाओं की मौत से मचा कोहराम

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

सोमवार देररात लखनऊ-कानपुर हाइवे पर फैक्ट्री से काम कर लौट रही दो महिलाओं की सड़क हादसे में मौत हो गई थी। मंगलवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों के सुपुर्द किए। जिसके बाद परिजनो ने शव को फैक्ट्रीगेट पर रखकर प्रदर्शन किया। ज्ञात हो कि कि सदर कोतवाली के कैथियाना मोहल्ला निवासी चंद्रकिशोर श्रीवास्तव की पत्नी ज्योति (51) व कोतवाली क्षेत्र के ही मोहल्ला एबी नगर निवासी रानी सिंह (42) पत्नी शिवबहादुर दही थाना क्षेत्र स्थित एक फैक्टरी में नियमित कर्मचारी थी। सोमवार देरशाम दोनों फैक्ट्री में छुट्टी होने के बाद दही थाना के पास लखनऊ-

**▸ देरशाम फैक्ट्री से घर वापस लौटते समय हुआ हादसा**

कानपुर हाईवे पार कर सड़क किनारे खड़े होकर ऑटो का इंतजार कर रही थी तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन उन्हें और बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मारते हुए भाग निकला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भेजा। जहां ज्योति को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वहीं इलाज शुरू होने के कुछ देर बाद रानी की भी मौत हो गई थी। वहीं बाइक सवार अजगैन कोतवाली के शीतलगंज मोहल्ला निवासी कृष्णा (20) पुत्र रामशंकर व रमेश (25) पुत्र उमाशंकर का कानपुर में इलाज चल रहा है।

# लक्ष्य पूरा न करने पर बैंक प्रबंधकों को लगी फटकार

## मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना की सुस्त प्रगति पर एलडीएम का पारा चढ़ा



**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक की अध्यक्षता में विकास खण्ड नवाबगंज सभागार में बीएलबीसी की आवश्यक बैठक सम्पन्न हुई जिसमें सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा निर्यात प्रोत्साहन हेतु निर्धारित ऋण राशि पात्रो को स्वीकृत करने हेतु बैंकर्स को सख्त निर्देश दिये गये। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक आरके गौतम ने कहा कि मुख्यमंत्री की महत्वकांक्षी युवा उद्यमी योजना के तहत पांच लाख तक का ऋण दिया जा रहा है। 21 से 40 वर्ष आयु वर्ग के लोग इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। इस योजना के तहत पांच लाख तक का ब्याज मुक्त लोन युवा उद्यमियो को दिया जा रहा है जिससे वह आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ सके। जरूरी नहीं कि आप पांच लाख का ही आवेदन करें, जितनी जरूरत हो, उतना लोन आवेदन करें और बैंकर्स आपकी पात्रता की समीक्षा करने के उपरान्त ऋण जारी करेंगे। उन्होंने कहा कि समूह की महिलाएं भी इस योजना में आवेदन कर सकती हैं परन्तु यह लोन सर्विस एवं उत्पादन के लिए ही मिलेगा। उन्होंने बैंकर्स को चेतावनी देते हुए कहा कि बैंको द्वारा अपना लक्ष्य पूर्ण नहीं किया जा रहा है जिसके कारण आज जनपद प्रदेश के 75 जिलो में सबसे निचले पायदान पर है। ये तस्वीर बदलनी चाहिए। उन्होंने लापरवाही बरतने वाले बैंक मैनेजर्स की क्लास लेते हुए सख्त निर्देश दिये कि या तो आवेदन को रिजेक्ट करें अथवा स्वीकार करें।

### हत्या के मामले में महिला सहित दो को आजीवन कारावास तीस-तीस हजार का लगा जुर्माना

**बाराबंकी।** ऑपरेशन कंविक्शन के तहत चिन्हित अभियोग की प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरुप न्यायालय द्वारा हत्या की घटना से सम्बन्धित 02 अभियुक्तगण को आजीवन कारावास व तीस तीस रु0 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। कार्ययोजना के तहत मॉनीटरिंग सेल में नियुक्त अधि0/कर्म0गण/पैरोकार द्वारा न्यायालय में प्रभावी पैरवी व साक्ष्य हेतु महत्वपूर्ण गवाहों को प्रस्तुत कराकर न्यूनतम समय में अधिकतम सजा दिलाये जाने की कार्यवाही कराते हुए थाना रामसनेहीघाट पर हत्या की घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत मु0अ0सं0 517/2023 धारा 302/ 201/ 120बी0/328 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्तगण रूपरानी पत्नी स्व0 रामजस .मोहित कुमार उर्फ धीरेन्द्र कुमार वर्मा पुत्र राजू वर्मा निवासीगण अंगदपुर मजरे बडेला नरायनपुर थाना रामसनेहीघाट जनपद बाराबंकी को उपरोक्त धाराओं में न्यायालय विशेष न्यायाधीश एस.सी.एस.टी. कोर्ट बाराबंकी द्वारा आजीवन कारावास व तीस तीस हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# घर में पीटे जा रहे मजदूर की मौत पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**भरथना, इटावा समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम असफपुर में मंगलवार की सुबह 6 बजे उस समय सनसनी फैल गई जब पिछले कई दिनों से घर में पीटे जा रहे एक मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जबकि ग्रामीणों ने मजदूर को पीट-पीटकर हत्या करने का आरोप लगाया है और घटना से पूर्व मारपीट का वीडियो सार्वजनिक की है। वहीं मृतक के परिजनों ने पुलिस को फांसी लगाकर आत्महत्या करना स्वीकारा है। फिल्हाल पुलिस ने बगैर फॉरेंसिक फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट टीम को बुलाए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ग्राम असफपुर में रिटायर्ड फौजी सुरेन्द्र सिंह यादव अपने पुत्र अदीप सिंह उर्फ पिंटू 45 वर्ष, पुत्रवधू रूबी देवी यादव, नातिन कु0 स्नेहा 16 वर्ष, कु. स्वेता 13 वर्ष और इकलौता सबसे छोटा नाती पियूष 10 वर्ष के साथ रहते है।

घटनास्थल पर ग्रामीणों ने मृतक अदीप सिंह यादव उर्फ पिंटू को कृषि मजदूरी कर अपने परिजनों का भरण पोषण करना और शराब का नशा करने का आदी बताया। जिसको लेकर परिजन उसका आए दिन अपमान करते और जमकर मारपीट करते थे। जिसका ग्रामीणों ने मौत से पूर्व मजदूर पिंटू की बेरहमी से मारपीट का वीडियो सार्वजनिक किया है।

# दबंगों ने पत्थर व तमंचे की बट से किया हमला

**सैफई, इटावा समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र के बरौली कला स्टेडियम में क्रिकेट खेल रहे युवक पर सात.आठ दबंग किस्म के आरोपियों ने लाठी-डंडा तमंचा व पत्थर से बर्बर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। यह पूरी घटना 8 सितंबर 2025 को हुई थी। लेकिन अब मामला और गंभीरता का रूप ले चुका है। सोशल मीडिया पर एक 1 मिनट का लंबा क्रूर मारपीट का वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में साफदिख रहा है कि आरोपी युवकों ने पीड़ित युवक के सिर पर पत्थर से वार किया एक आरोपी तमंचे की बट से प्रहार करता है जबकि अन्य आरोपियों ने लाठी-डंडा से पीड़ित को बेरहमी से पीटा। पूरा कांड आरोपीयों ने अपने मोबाइल से

**▸ सोशल मीडिया पर खुद वायरल किया मारपीट का वीडियो**

खुद रिकॉर्ड किया और इंस्टाग्राम, फेसबुक सहित अन्य प्लेटफॉर्म पर स्टेटस के रूप में अपलोड किया।

प्रशांत उर्फ लकी निवासी नगला शीशिया थाना सैफई का रहने वाला है। उसके पिता सुधीर उर्फ कन्ना यादव ने बताया कि उनका पुत्र क्रिकेट खेल रहा था तभी गांव के ही पवन उर्फ लऊआ पुत्र रामाधार अंकित पुत्र संजीव गोलू पुत्र अज्ञात निवासी ग्राम बहादुरपुर थाना कुर्रा जनपद मैनपुरी विपिन पुत्र अज्ञात निवासी ग्राम हरिचंद्रपुर थाना सैफई रवी पुत्र अज्ञात निवासी ग्राम नगला किशोरी थाना सैफई तथा रवी पुत्र सुरेश निवासी नगला केशरी थाना सैफई ने उसके साथ बिना किसी पूर्व विवाद के गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर सभी आरोपियों ने मिलकर लाठी डंडा, तमंचा की बट और पत्थर से उसके सिर सहित शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोटें पहुंचाई। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए।

पीड़ित के पिता ने बताया कि आरोपी दबंग किस्म के हैं। इनके खिलाफ थाना सैफई में दर्ज कई मुकदमे पहले से मौजूद हैं। आरोपी कोनूर एवं बजरंग दल ग्रुप बनाकर आए दिन दबंगई दिखाते हैं और इलाके में आतंक मचाते हैं। प्रभारी निरीक्षक भूपेंद्र राठी ने बताया पीड़ति की तहरीर पर छह अभियुक्तों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी।

# जू. हाईस्कूल शिक्षक संघ ने टेट परीक्षा से मुक्त रखने लिए दिया ज्ञापन

**इटावा समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ.इटावा के जिलाध्यक्ष अशोक राजपूत के नेतृत्व में कार्यालय जिलाधिकारी इटावा पहुंचकर वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी राकेश सिंह को माननीय प्रधानमंत्री भारत सरकार केन्द्रीय शिक्षा मंत्री एवं माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में संघ द्वारा ऐसे शिक्षकों जिनकी नियुक्तियां 29 जुलाई 2011 के बाद ;शिक्षक नियुक्ति में टेट परीक्षा अनिवार्य लागू हुई से पूर्व उस समय की निर्धारित शिक्षक योग्यता के उपरान्त ही की गई थी। उन्हें टेट परीक्षा से मुक्त रखा गया था परन्तु वर्ष 2017 में नियम लाकर सभी के लिए टेट अनिवार्य कर दिया गया एतब से आज तक सरकार ने कोई आदेश जारी नहीं किया शिक्षक भी इससे अनजान बने रहे।

अचानक आये उच्चतम न्यायालय के निर्णय से टेट लागू होने तथा 2 वर्ष की समय सीमा के अन्दर टेट पास न कर पाने वाले शिक्षकों को अनिवार्य सेवानिवृत्ति आदेश के परिधि में आने वाले सभी वरिष्ठ शिक्षकों के साथ हुए अन्याय के कारण सभी सदमें में आ गये कुछ ने तो आत्महत्या भी कर ली।

### सूचना

मैं सरला पांडेय पत्नी विजय कुमार पांडेय, ए-30, अशोक विहार सेक्टर-8, इंदिरा नगर, लखनऊ का निवासिनी हूँ। मेरी पुत्री अभिलाषा पांडेय का नाम सुकन्या समृद्धि योजना में अम्बे पांडेय दर्ज हो गया है जो कि गलत है। मेरी पुत्री का वास्तविक नाम अभिलाषा पांडेय है। भविष्य में मेरी पुत्री अभिलाषा पांडेय के ही नाम से जानी एवं पहचानी जाए।

# रक्तदानी डॉ. रजनीश दूबे को मिला राष्ट्रीय सेवा रत्न सम्मान

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

प्रभु श्री राम की नगरी अयोध्या में एक बार फिर यहां के समाजसेवी रक्तदानी डॉ रजनीश दूबे की रक्त सेवा को लेकर राष्ट्रीय सेवा रत्न 2025 से सम्मानित किया गया।

राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन एवं मेज़र ध्यानचंद खेल उत्थान समिति उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय रक्तदान शिविर एवं राष्ट्रीय सेवा रत्न सम्मान समारोह में देश के 22 राज्यों तथा प्रदेश के समस्त जिलों से आए कई रक्तदाताओं को राष्ट्रीय सेवा रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। कन्नौज जनपद से प्रतिनिधि के रूप में अब तक 78 बार रक्त दान कर चुके रक्तवीर आचार्य डॉ रजनीश दुबे को राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन संस्था के



अध्यक्ष आकाश गुप्ता, संरक्षक राजेश चौबे, जौनपुर सिंगरामऊ स्टेट की महारानी डॉ अंजू सिंह, ब्लड मैन के नाम से चर्चित आलोक अग्रवाल ने राष्ट्रीय सेवा रत्न अवार्ड से सम्मानित किया। रक्तदान शिविर में डॉ रजनीश दुबे ने अपने जीवन का 69 वी बार रक्तदान भी किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा मेरा मिशन सेवा ही संकल्प है, करें रक्तदान बचाएं जान। पिछले लगभग 20-21 वर्षों से निरंतर चल रहा है जिसमें अब तक कई सौ लोगों को अपनी टीम के द्वारा ब्लड उपलब्ध कराया गया और अपने शरीर का ब्लड अब तक 68 बार डोनेट कर चुका हूं और आज 69वीं बार ब्लड डोनेट कर रहा हूं। सभी स्वस्थ युवाओं को 3 महीने के अंतराल पर रक्तदान अवश्य करना चाहिए जिससे कई जान बचाई जा सकती हैं। सम्मान समारोह में अयोध्या के महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, पूर्व विधायक मंत्री पवन पांडे, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता वी आयोजन समिति से जुड़े तमाम सम्मानित सदस्यों व चयन समिति के सदस्यों के अलावा सैकड़ो की संख्या में रक्तदानियों का मेला रहा। राष्ट्रीय सेवा रत्न सम्मान से सम्मानित होने पर भगवान परशुराम उत्थान सेवा समिति के संरक्षक मनोज दीक्षित, पप्पी त्रिपाठी, श्रेयस द्विवेदी, पंकज दुबे, पुनीत दुबे, राजा शुक्ला, अनुराग त्रिपाठी, शशी तिवारी, रूपेश दुबे, गौरव अमर त्रिपाठी, गौ सेवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रंजीत पांडे, सुमन पाराशर, डॉ शैल कुमार पाराशर, अभिषेक शुक्ला, अनुज तिवारी, हैप्पी मिश्रा, आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

# प्राथमिक शिक्षक संघ ने किया टेट की अनिवार्यता का विरोध

▸ विधायक आवास का घेराव कर सौंपा ज्ञापन

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर प्राथमिक शिक्षक संघ की जिला इकाई ने जिलाध्यक्ष सुशील यादव के नेतृत्व में तिर्वा विधानसभा के विधायक आवास का घेराव करके उनको ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि सर्वोच्च न्यायालय के भूतलक्षी प्रभाव को समाप्त किया जाए। 27जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टेट की अनिवार्यता समाप्त की जाए। उस समय हम सभी लोग जब सेवा में आए तब तत्कालीन समय की समस्त अपेक्षित अर्हताएं पूर्ण करते थे। ब्लॉक मंत्री सत्येंद्र यादव ने कहा देश के नव निर्माण में लगे शिक्षक



शिक्षिकाओं के साथ ऐसा अमानवीय व्यवहार सर्वथा अनुचित है।

ये सभी शिक्षक तत्कालीन समय के सभी मानक पूरे करते है। अब सेवा के 20 साल बाद पुनः नियम परिवर्तन सर्वथा अनुचित है। जिला कोषाध्यक्ष आशीष राजपूत ने विधायक से शिक्षकों की समस्याओं को मुख्यमंत्री तक पहुंचाने की मांग की जिस पर विधायक कैलाश राजपूत ने सभी शिक्षकों को आश्वासन दिया कि आपका ज्ञापन आज ही मुख्यमंत्री को प्रेषित कर दिया जाएगा और आपकी बात दृढ़ता से सदन में भी रखूंगा। इस अवसर पर पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सुनील वर्मा, सौरिख अध्यक्ष नीरज सिंह, तिर्वा अध्यक्ष प्रमोद कुमार, योगेन्द्र सिंह, श्यामवीर शाक्य, राजीव निगम, सुनीता राजपूत, प्रीति, हेमलता, उपासना बाजपेई, नीलम, कल्पना, चंदाबानो, स्नेह कुमारी, सुषमा, प्रीति शर्मा, रेखा राजपूत, प्राची गुप्ता, अनूप राठौर सहित सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे।

## जबरन आम रास्ते पर अवैध निर्माण करने का लगाया आरोप

**कोंच,जालौन।** कोंच ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कुंवरपुरा गांव में एक ग्रामीण ने अपने पड़ोसी पर जबरन ताकत के बल पर आम रास्ते पर अवैध निर्माण कर चबूतरा बनाने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को एसडीएम ज्योति सिंह से शिकायत कार्यवाही की मांग की है। कुंवरपुरा गांव निवासी ग्रामीण पर्वत सिंह में जानकारी देते हुए बताया कि उनके गांव में पड़ोसी कालीचरण ने जबरन ताकत के बल पर आम रास्ते पर अवैध निर्माण करते हुए चबूतरा बना लिया है। हालांकि पहले भी शिकायत की गई थी तो अधिकारियों द्वारा चबूतरा हटवा दिया गया था। लेकिन उक्त कालीचरण ने पुनः ताकत के बल पर चबूतरे का निर्माण कर लिया।

# सड़क हादसे में हर वर्ष पौने दो लाख लोग गवां रहे जान

▸ गोमती देवी इंटर कॉलेज में छात्र-छात्राओं को नियमों की दी गयी जानकारी

**कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

सड़क दुर्घटनाओं से कमी लाने के उद्देश्य से यातायात पुलिस शहर से लेकर गांव तक व विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को लगातार जागरूकता अभियान चलाकर जागरूक कर रही है। जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी आ सके।

मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक यातायात रविशंकर त्रिपाठी एवं उप निरीक्षक यातायात आफाक खान द्वारा प्रधानाचार्य दिव्या शर्मा के सहयोग से मकरंद नगर स्थित गोमती देवी इंटर कॉलेज में छात्राओं को महत्वपूर्ण यातायात नियमों की जानकारी दी गई। प्रभारी निरीक्षक यातायात द्वारा बताया



गया कि जो ट्रैफिक रूल्स आप लोगों को यहां बताए जा रहे हैं वह आप अपने घरों में और अपने जानने वाले रिश्तेदारों में भी बताएं ताकि यातायात जागरूकता का माहौल बने और दुर्घटनाओं को कम किया जा सके। टीएसआई आफाक खां द्वारा बताया गया कि हमारे देश में हर साल लगभग 5 लाख सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। जिसमें पौने दो लाख लोगों की सड़क दुर्घटनाओं में जान चली जाती है। देश में रोजाना 400 लोग सड़कों पर जान गवां रहे हैं। हर घंटे में 18 से 20 लोगों की जान सड़कों पर चली जाती है। हर 3 मिनट में एक व्यक्ति सड़क दुर्घटना में मारा जा रहा है। हर एक मिनट में सड़क दुर्घटना हो रही है। साथ ही इलेक्ट्रॉनिक सिगनल्स का पालन करने, ज़ेब्रा क्रॉसिंग, स्टॉप लाइन आदि के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां दी।

# बिना हेलमेट पेट्रोल लेने गए वाहन चालकों के कटे चालान

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

शासन द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में पूरे सितम्बर माह नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत बिना हेलमेट आए हुए 10 दोपहिया वाहन चालकों के चालान किए गए।

इस अभियान के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी यातायात एवं प्रभारी यातायात के प्रवेक्षण में टीएसआई अरशद अली द्वारा कस्बे के आस पास कई पेट्रोल पंप पर जाकर आकस्मिक चेकिंग की गई बिना हेलमेट पम्प पर पेट्रोल लेने गए 10 के चालान किए गए साथ ही पेट्रोल पंप प्रबंधकों को एवं वहां के कर्मचारियों को इस अभियान के बारे में जागरूक किया गया। टीएसआई



अरशद ने बताया कि पूरे सितम्बर माह ये अभियान लगातार चलता रहेगा।जो भी व्यक्ति बिना हेलमेट किसी भी पेट्रोल पंप पर फ्यूल लेने जाएगा उस पर चालान की कार्यवाही की जाएगी। टीएसआई अरशद द्वारा आम जनता को भी नो हेलमेट-नो फ्यूल के बारे में जानकारी दी है इस अभियान में आरक्षी होम गार्ड ओम सरन,महिला पीआरडी किरन,सुरेंद्र कुमार एवं सतीश आदि मौजूद रहे।

# कोतवाली तिर्वा में 60 माल मुकदमाती वाहनों की नीलामी

**पाँच सदस्यीय समिति की देखरेख में हुई नीलामी, 7.75 लाख रुपये में हुई बिक्री**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

ऑपरेशन क्लीन के तहत जनपद में खड़े लावारिस एवं माल मुकदमाती वाहनों के निस्तारण की प्रक्रिया तेजी से जारी है। इसीक्रम पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन में कोतवाली तिर्वा परिसर में 60 माल मुकदमाती वाहनों की नीलामी संपन्न कराई गई। यह नीलामी प्रक्रिया न्यायालय कन्नौज के आदेश एवं जिलाधिकारी कन्नौज गठित पाँच सदस्यीय समिति की देखरेख में की गई।

समिति में उपजिलाधिकारी तिर्वा (अध्यक्ष), उपसंभागीय परिवहन अधिकारी कन्नौज, ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी कन्नौज, क्षेत्राधिकारी तिर्वा तथा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली तिर्वा शामिल रहे। नीलामी में कुल 77



नीलामी के दौरान मौजूद पाँच सदस्यीय समिति

बोलीदाता कोतवाली तिर्वा परिसर में उपस्थित हुए। जिसमें सर्वाधिक बोली दिलीप कुमार पुत्र श्रीराम, निवासी मोहल्ला इन्द्रानगर, थाना तिर्वा द्वारा लगाई गई। उन्होंने कुल 7 लाख 75 हजार रुपये की बोली लगाकर सभी वाहनों को खरीदा। समिति की निगरानी में पारदर्शी तरीके से नीलामी प्रक्रिया सम्पन्न हुई। यह कार्रवाई उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा संचालित ऑपरेशन क्लीन के अंतर्गत एक सराहनीय प्रयास है। जिससे थानों में वर्षों से खड़े वाहनों के निस्तारण में पारदर्शिता एवं गति सुनिश्चित की जा रही है।

# निर्माणाधीन कार्यों में अधोमानक सामग्री लगी तो होगी कार्यवाही: डीएम

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने प्राचीन उधालक ऋषि आश्रम का विकास एवं सौन्दर्यीकरण कार्य तथा संत रविदास मिशन के अंतर्गत तहसील छिबरामऊ के ग्राम मिघौली में निर्माणाधीन नवीन जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय का औचक निरीक्षण के दौरान कहा निर्माणाधीन कार्यों में अ,धोमानक सामग्री लगी तो कार्यवाही होगी।

समाज कल्याण विभाग द्वारा संत रविदास मिशन के अंतर्गत निर्माणाधीन नवीन जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय मिघौली के निरीक्षण में सीडीको के सहायक अभियंता (एई) राज कपूर ने जानकारी दी कि ?46 करोड़ की लागत से विद्यालय का निर्माण होना है। इसमें मुख्य भवन व मल्टीपरपज



हॉल में भूतल की छत ढलाई 40 प्रतिशत तथा प्रथम तल की छत ढलाई 70 प्रतिशत पूर्ण हो चुकी है। चिनाई कार्य, फाउंडेशन एवं कॉलम फुटिंग प्रगति पर हैं। किचन एवं डाइनिंग ब्लॉक हेतु भूतल की चिनाई जारी है तथा प्रथम तल का स्लैब कार्य पूर्ण हो चुका है। प्रधानाचार्य आवास की छत ढलाई पूर्ण कर चिनाई कार्य जारी है। आवासीय भवन (टाइप-1, 2, 3) में फाउंडेशन एवं साइट डेवलपमेंट कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि यह विद्यालय नवोदय विद्यालय की तर्ज पर कक्षा 6 से 12 तक के लिए बनाया जा रहा है। अभी बहुत कार्य शेष है और कार्य की प्रगति भी बेहद धीमी है, जिसे गति प्रदान करते हुए वित्तीय वर्ष 2026-27 तक हर हाल में पूर्ण कराया जाए। निरीक्षण में अधोमानक ईंट का प्रयोग पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की और चेतावनी दी कि यदि किसी प्रकार से घटिया सामग्री का प्रयोग पाया गया तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसी दौरान जिलाधिकारी ने अस्थाई गोशाला मिघौली का भी निरीक्षण किया, जहाँ मात्र 10 गोवंश पाए गए। गोशाला में चारे की खराब स्थिति, केयरटेकर की अनुपस्थिति, गाय के पैर का उपचार न होना तथा साफ-सफाई की स्थिति दयनीय पाए जाने पर उन्होंने गहरी नाराजगी व्यक्त की।

जिलाधिकारी ने संबंधित सचिव को तत्काल निलंबित करने तथा ग्राम प्रधान के वित्तीय अधिकार सीज करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र, मिघौली का निरीक्षण करने पर साफ-सफाई अत्यंत खराब एवं केंद्र ताला बंद पाया गया। इस पर भी जिलाधिकारी ने अप्रसन्नता व्यक्त की और आवश्यक सुधार हेतु कठोर निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी वीर सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# श्रीराम कथा महोत्सव का हुआ भव्य समापन

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

श्री गोविंद सत साहित्य प्रचार समिति और प्रभात फेरी मंडल के तत्वाधान में श्री गंगेश्वर नाथ मंदिर परिसर में आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा महा-महोत्सव का समापन भक्तों की अपार भीड़ के बीच हुआ। कथा व्यास ब्रह्मचारी संत श्री प्रहलाद जी महाराज ने अंतिम दिन लंका दहन, राम-रावण युद्ध और मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक के प्रसंगों का मार्मिक वर्णन किया। संत श्री प्रहलाद जी ने कहा कि रामायण हमें आदर्श जीवन, सेवा, त्याग और बलिदान की प्रेरणा देती है। यह सिखाती है कि दूसरों की संपत्ति पर अधिकार नहीं जमाना चाहिए। भगवान श्रीराम ने दीन-दुखियों और वनवासियों को संगठित कर समाज की बुराइयों को दूर किया,



जिससे सत्य और धर्म की जीत हुई। संत श्री स्वरूप दास जी महाराज ने कहा कि राम कथा से बुरी आदतों को सुधारने की प्रेरणा मिलती है। संत श्री किशन जी महाराज ने माता-पिता की सेवा, गुरुजनों का सम्मान, गौ माता की पूजा और ईश्वर स्मरण को स्वर्ग तुल्य बताया। मुख्य यजमान नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे और उनकी पत्नी नीरू दुबे ने रामायण पूजन व आरती के बाद महाप्रसाद वितरण किया। समिति अध्यक्ष सुशील पांडेय एडवोकेट ने सहयोग के लिए क्षेत्रवासियों का आभार जताया। इस अवसर पर डॉ. परशुराम शर्मा, राम प्रकाश वर्मा, वीपी सिंह चौहान, विजय सिंह चौहान, पंकज मिश्रा, आशुतोष चौहान, मनोज कुमार सिंह, विमल पांडेय, रूपेश दुबे, विमल शर्मा, लालू गुप्ता, राम मोहन गुप्ता, संजीव दुबे, मनोज शर्मा, अनुराग चतुर्वेदी, विनय त्रिपाठी, डीके सिंह, रमेश शुक्ला, अनिल दीक्षित, उमेंद्र यादव, प्रशांत भदोरिया, विजय तिवारी, देवेंद्र वर्मा, राघवेंद्र सिंह, पूरन शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## पत्नी से अभद्रता कर धमकाने की पति ने दी पुलिस को तहरीर

**जालौन (उरई)।** घर में अकेली पत्नी के साथ अभद्रता कर उसे धमकाने का आरोप लगाते हुए पति ने कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम वीरपुरा निवासी अनिल कुमार ने पुलिस को बताया कि बीती 14 सितंबर की रात करीब आठ बजे उसकी पत्नी घर में अकेली थी। तभी गांव के तीन युवक वहां आए और पत्नी के साथ गाली, गलौज करने लगे। पत्नी ने जब उन्हें गाली देने से रोका तो जान से मारने की धमकी देने लगे। पत्नी के चिल्लाने पास आसपास के लोग आए तो मारपीट व जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गए। घर वापस लौटने पर पत्नी ने इसकी जानकारी दी। पति की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को घर से निकाला

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**

अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति समेत तीन लोगों के खिलाफ महिला व दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज कर लिया।

सिरसाकलार निवासी प्रियंका पुत्री कमलेश कुमार ने पुलिस को बताया कि उसका विवाह 15 मई 2022 को रसकेंद्र निवासी ग्राम हरीपुरा के साथ हुआ था। पिता ने उपहार स्वरूप दो लाख रुपये नकद व घर गृहस्थी का सामान एवं बाइक दी थी। इसके बाद भी पति रसकेंद्र ससुर मुन्नालाल, सास गुड्डी देवी दिये गये सामान व रुपयो से संतुष्ट नही थे और 50 हजार रुपये नकद की मांग करने लगे। वैवाहिक जीवन खराब न हो और लोक लाज के भय से वह सब सहती रही। लेकिन उनमें सुधार नहीं हुआ उल्टा प्रताड़ना बढ़ती रही। 15 सितंबर को उसके पिता उससे मिलने हरीपुरा आए थे। इसी दौरान 50 हजार रुपये न लाने पर ससुरालीजन उसके साथ मारपीट करने लगे। पिता कमलेश कुमार व चाचा राजेश कुमार ने बचाने की कोशिश की तो उनके साथ भी हाथापाई पर आमादा हो गए। पिता ने यूपी 112 को सूचना दी। पुलिस के समझाने पर भी नहीं माने और स्त्रीधन छीनकर उसे पिता के साथ भेज दिया।

# बिना कागज के बाइक से इंटर कालेज के आसपास मटरगस्ती करते दो गिरफ्तार

**रामपुरा,जालौन समृद्धि न्यूज।**

समर सिंह इंटर कॉलेज, रामपुरा के पास बिना नंबर की हीरो मोटर साइकिल पर असामाजिक गतिविधियों में लिप्त दो युवकों को पुलिस ने धर दबोचा।

थाना प्रभारी रामपुरा ने बताया कि शुक्रवार को कॉलेज के आसपास गश्त के दौरान दो संदिग्ध युवक घूमते पाए गए। पूछताछ में उनकी पहचान आशुतोष सिंह उर्फ छोटू पुत्र सुखवीर सिंह राजावत तथा बलराम पुत्र श्रीकेश निवासीगण ग्राम मई, थाना रामपुरा के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार, दोनों युवक कॉलेज परिसर के आसपास बिना नंबर प्लेट की



बाइक से चक्कर लगा रहे थे। उनके इस आचरण से स्थानीय नागरिकों और छात्रों में भय और असुरक्षा की भावना उत्पन्न हो रही थी। पुलिस ने मौके पर उन्हें हिरासत में लिया और वाहन के दस्तावेज मांगे, लेकिन वह वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सके। थाना पुलिस ने दोनों युवकों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएसएस) की धारा 170, 126 और 135 के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करते हुए सक्षम न्यायालय में पेश किया। वहीं मोटर साइकिल के वैध कागजात न होने पर मोटर वाहन अधिनियम की धारा 207 के तहत वाहन को जब्त कर लिया गया है।

# चंदुर्रा में गाय छोड़ने को लेकर विवाद, एसडीएम से की शिकायत

**कोंच,जालौन समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली कोंच क्षेत्र के चंदुर्रा गांव में मंगलवार की सुबह गाय छुट्टा छोड़ने को लेकर विवाद हो गया। ग्रामीण प्रेमकिशोर ने गांव के ही दबंग व्यक्ति पिंटू पर रास्ता रोक कर अपशब्दों का प्रयोग करने और मुकदमा दर्ज करने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए मंगलवार की सुबह एसडीएम ज्योति सिंह से शिकायत कर उचित कार्यवाही की मांग की है। ग्रामीण प्रेम किशोर ने आगे बताया कि पूरे गांव की गाय छुट्टा रहती है, जिसमें मेरी गाय भी छुट्टा रहती है, लेकिन गांव के दबंग व्यक्ति पिंटू को सिर्फ मुझसे दिक्कत हो रही है। और घटना



मंगलवार सुबह की है जब पिंटू ने मेरा रास्ता रोक कर अपशब्दों का प्रयोग किया और मुकदमा दर्ज कराने की धमकी दी है। जिसको लेकर प्रेमकिशोर ने एसडीएम से उक्त व्यक्ति को समझ कर उचित कार्यवाही की मांग की है। वही इस मामले में एसडीएम ज्योति सिंह का कहना है कि शिकायती पत्र के आधार पर मामले की जांच कराई जा रही है।

## गौतस्करी, पशु क्रूरता के आरोप में दो चढ़े पुलिस के हत्थे

**जालौन (उरई)।** गोतस्करी और पशु क्रूरता के आरोप में पुलिस ने दो व्यक्तियों को पकड़ा था। जबकि दो लोग भाग निकले थे। पुलिस ने मामले में आरोपी चौथे व्यक्ति को भी गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। बीती आठ सितंबर की सुबह लौना रोड पर एक डीसीएम में 14 गोवंशीय पशुओं को तस्करी के लिए बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे की ओर ले जाया जा रहा था। पशुओं को क्रूरतापूर्वक डीसीएम में बांधा गया है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने लौना रोड पर पेट्रोल टैंक के समीप डीसीएम को पकड़कर जब उसकी तलाशी ली थी तो उसमें से पुलिस ने 14 गोवंशीय पशुओं को बरामद किया था। जिन्हें क्रूरतापूर्वक बांधा गया था। पुलिस ने मौके से इब्राहीम व सलमान मोहल्ला पुरावली दरवाजा तकिया लखना, थाना बकेबर जनपद इटावा को तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया था। जबकि दो लोग मौके का फायदा उठाकर भाग निकले थे। मामले में भागे हुए एक व्यक्ति उदोतपुरा निवासी राजेश कुमार को 10 सितंबर को तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया था।

# उत्कृष्ट कार्य करने पर हरसिंगपुर प्रधान सम्मानित

▸ नई दिल्ली में आयोजित हुआ सरपंच संवाद

**उरई, जालौन समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित, सरपंच संवाद राष्ट्रीय गुणवत्ता सम्मेलन नई दिल्ली में पूरे देश से पंचायती राज विभाग की 9 थीमों में से किसी एक या एक से अधिक थीमों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चयनित 75 सरपंचों के साथ श्रीमती बबली, ग्राम प्रधान हरसिंगपुर (बरियापुर), विकास खण्ड कुठौंद, जनपद जालौन ने उत्तर प्रदेश द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश से सिर्फ 6 ग्राम प्रधान को आमंत्रित किया गया था, पूरे देश के 24 राज्यों से सिर्फ 75 सरपंच, प्रधान शामिल




हुए, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीआर पाटिल केंद्रीय जल शक्ति मंत्री भारत सरकार, विशिष्ट अतिथि जयक्षय शाह चेयरपर्सन भारतीय गुणवत्ता परिषद, अशोक मीणा, सचिव जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार, विवेक भारद्वाज सचिव पंचायती राज भारत सरकार, कार्यक्रम संयोजक, भारतीय गुणवत्ता परिषद द्वारा ग्राम पंचायत हरसिंगपुर (बरियापुर) विकास खण्ड कुठौंद जनपद जालौन की ग्राम प्रधान श्रीमती बबली देवी को महिला हितैषी ग्राम पंचायत बनाने एवं महिला सशक्तिकरण की दिशा में उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आने जाने एवं रुकने की संपूर्ण वीआईपी व्यवस्था कार्यक्रम संयोजक भारतीय गुणवत्ता परिषद द्वारा की गई।

## विवाहिता युवती से इश्क फरमाना युवक को पड़ा महंगा

**कालपी,जालौन।** विवाहिता से इश्क फरमाना युवक को महंगा पड़ गया। मंगलवार सुबह मेल मुलाकात के समय उसके भाईयों की नजर पड़ गयी तो उन्होंने उसकी जमकर ठुकाई कर दी। पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हीरापुर निवासी सुरेन्द्र नामक युवक का विगत कई वर्षो से गांव निवासिनी युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था जिसकी भनक गांव के लोगों के साथ युवती के परिजनों को भी हो गई थी जिसके चलते परिजनों ने उसकी आनन फानन शादी कर दी थी लेकिन उनका मेल मिलाप जारी रहा जिसकी भनक युवती के पति को भी हो गई थी जिसपर उसको काफी समझाईश भी दी गई।

# छात्र-छात्राओं को एचआईवी के प्रति किया जागरूक



**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

भारत सरकार के निर्देशों के अनुरूप राज्य एड्स नियंत्रण समिति के तत्वाधान में नगर के इंटर कॉलेजों तथा डिग्री कॉलेजों में एचआईवी, एड्स के प्रति जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला काउंसलर वंदना राठौर ने छात्र-छात्राओं को एचआईवी, एड्स से संबंधित जानकारियां देकर जागरूक किया। ठक्कर बापा इंटर कालेज के प्रधानाचार्य सुशील कुमार कनौजिया की अध्यक्षता में आयोजित गोष्ठी में छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए विभागीय काउंसलर वंदना राठौर ने एचआईवी यानी ह्यूमन इम्यूनोडेफिशिएंसी वायरस एक ऐसा विषाणु है, जो मानव शरीर की प्रतिरोधात्मक क्षमता को कमजोर कर देता है। उन्होंने बताया कि एक ही इंजेक्शन के इस्तेमाल से संक्रमण के फैलने का खतरा बना रहता है। उन्होंने कहा कि इसके लिए खुद जागरूक रहे तथा अपने मित्रों व पड़ोसियों को भी जागरूक करें। इस मौके पर विद्यालय की शिक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे। इसीक्रम में कालपी कॉलेज कालपी में आयोजित जागरूकता गोष्ठी में एचआईवी तथा एड्स के संक्रमण को रोकने के उपाय बताए गए। जिला काउंसलर ने कहा कि एचआईवी से जुड़े गलत फहमियों को दूर करने के लिए सही जानकारी के लिए संवाद स्थापित करें। इस दौरान उन्होंने कई जानकारियां देकर छात्र-छात्राओं को जागरूक किया। इस मौके पर प्रधानाचार्या डॉ. मधु प्रभा तिवारी, डॉ. सोम चौहान, डॉ. धर्मेंद्र पाल सिंह आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहें।

**सूचना**

मेरी पुत्री के आधार कार्ड संख्या 9776 6065 8735 में त्रुटिवश नाम सोम्या व जन्मतिथि 14.05.2013 दर्ज हो गयी है, जो गलत है। जबकि जन्म प्रमाण पत्र में नाम आभा सिंह व जन्मतिथि 14.10.2014 दर्ज है, जो सही है। जिसे पुत्री के आधार कार्ड में संसोधित किया जाये।
**धर्मवीर गौतम पुत्र स्व0 भीखम लाल निवासी टिलिया ग्वालटोली पो0 फतेहगढ़, फर्रु0।**

**सूचना**

मेरा हाईस्कूल वर्ष 1997 जिसका अनुक्रमांक नम्बर 0715640 है का प्रमाण पत्र कहीं खो गया है। मुझे प्रमाण पत्र की द्वितीय कापी की आवश्यकता है।
**अमन द्विवेदी पुत्र आनन्दी द्विवेदी निवासी दुर्गा कालोनी, नगला दीना फतेहगढ़, फर्रुखाबाद।**

# माल वाहक ट्रेन से कटकर युवक की दर्दनाक मौत

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**

ब्लॉक मोहम्मदाबाद के ग्राम नदौरा निवासी एक व्यक्ति की बीती रात्रि माल वाहक ट्रेन से कटकर दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।


परिजनों से पूछताछ करती पुलिस


मृतक का फाइल फोटो

जानकारी के अनुसार ब्लॉक नादौरा निवासी मिट्ठू लाल के 37 वर्षीय पुत्र संतराम की बीती रात्रि लगभग 3:55 बजे नीम करोरी स्टेशन से निकलने वाली रेलगाड़ी जो कि मैनपुरी की तरफ से आ रही थी, की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पत्नी माना देवी ने आरोप लगाया कि उनके ही गांव का हेतराम का पुत्र विपिन यादव 14 सितंबर को घर से बुला कर ले गया था। विपिन ने संतराम को धक्का मारकर मार दिया है। मृतक के साथी विपिन कुमार ने बताया कि वह 14 सितंबर को संतराम के साथ मजदूरी करने के लिए फर्रुखाबाद गया था। एक दिन वहां मजदूरी करके गंगा स्नान करके रात्रि 11:30 बजे कालिंद्री एक्सप्रेस से बिना टिकट वापस आया था। लगभग 12:30 बजे नीम करोरी स्टेशन पर उतरे तथा एक देशी शराब का पाऊआ वहीं फर्रुखाबाद तथा एक देशी शराब का पाऊआ नीम करोरी स्टेशन पर पिया। उसके बाद स्टेशन पर बनी पटिया पर लेटकर सो गया। विपिन यादव ने बताया लगभग 4:30 बजे आंख खुली तो संतराम पटिया पर नहीं लेटा था। विपिन यादव ने संतराम की खोजबीन की, तो देखा कि रेलवे प्लेटफार्म की पटरी पर घायल अवस्था में पड़ा था। विपिन ने परिजन को सुबह 6 बजे सूचना दी तथा स्टेशन मास्टर से डायल 108 को बुलाने के लिए कहा। उसे 108 से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद लाया गया। स्टेशन मास्टर सीताराम ने बताया कि उन्हें माल वाहक ट्रेन से हुए हादसे की सूचना नहीं मिली। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर प्रशांत कुमार सेंगर ने संतराम को मृत घोषित कर दिया। जिसकी फौती सूचना समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से वार्ड बॉय रंजीत कुमार ने थाना कोतवाली में दी। मृतक की पत्नी माना देवी विकलांग है तथा मृतक के तीन पुत्र अंकित 10 वर्ष, शिवा 8 वर्ष, अनुज 5 वर्ष तथा एक पुत्री नीतू 2 वर्ष की है। मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटा था। मृतक मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण करता था। कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार शुक्ला ने बताया सूचना मिल गई है। मृतक के शव का पंचनामा उप निरीक्षक सूर्य प्रकाश उपाध्याय ने भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पत्नी मीना देवी का रो-रोकर बुरा हाल था।

# गांधी जयंती भव्यता से मनाने के संबंध में डीएम ने ली बैठक


बैठक लेते जिलाधिकारी व मौजूद अधिकारीगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 02 अक्टूबर गाँधी जयंती को भव्यतापूर्ण तरीके से मनाने के लिये तैयारी बैठक आयोजित की गई।

जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी महापुरुषों की प्रतिमाओं की साफ सफाई कराई जाये। इसके लिए विशेष सफाई अभियान चलाया जाये। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने बताया कि सर्वप्रथम सुबह 07 बजे स्व0 ब्रम्हदत स्टेडियम से क्रॉस कंट्री रेस का आयोजन किया जायेगा। 07:30 बजे पांचाल घाट पर कुष्ठ रोगियों को व गरीब बच्चों को फल वितरण किया जाएगा तथा जिलाधिकारी के नेतृत्व में सफाई अभियान चलाया जाएगा। सुबह 09 बजे सभी राजकीय कार्यालयों व शिक्षण संस्थाओं में ध्वजारोहण होगा। 09 से 10 बजे तक स्कूलों व कालेजों में गाँधी के जीवन के विभिन्न पहलुओं पर वाद विवाद प्रतियोगिता व विचार गोष्ठी का आयोजन होगा। 10 बजे बीएसए द्वारा चयनित विद्यालय में जिलाधिकारी द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। 10:30 बजे गाँधी आश्रम में जिलाधिकारी द्वारा चरखा कताई की जाएगी। 12 बजे दोपहर में जिला कारागार में बंदियों को फल वितरण किया जायेगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक व संबंधित उपस्थित रहे।

# पॉक्सो एक्ट के मामले में महिला सहित दो पर दोष सिद्ध

**सजा पर सुनवाई के लिए 18 सितम्बर की तिथि नियत**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट न्यायाधीश डॉ. अनिल कुमार सिंह ने नन्हीं पत्नी सुभाष निवासी सोरा कोठी मसीगंज कादरीगेट, सुधीर वर्मा पुत्र अज्ञात निवासी फतेहगढ़ को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया।
सजा पर सुनवाई के लिए 18 सितम्बर की तिथि नियत की गयी है। बीते वर्ष पूर्व एक रिक्शा चालक ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया था कि मेरे चार बच्चे हैं। एक पुत्री है व तीन पुत्र हैं। पुत्र दुकानों पर नौकरी करते हैं। मेरी पुत्री 14 वर्षीय पुत्री घर पर रहती है। दिनांक 11 या 12 अप्रैल 2024 को समय लगभग 12 बजे मेरी मौजूदगी में मेरे पड़ोस में रहनी वाली महिला नन्ही पत्नी सुभाष बाथम व सुधीर वर्मा मेरी पुत्री को घर में बहला-फुसलाकर लालच देकर अपने साथ ग्राम अमेठी फर्रुखाबाद नन्हीं अपने बहनोई के मकान में ले गई। वहां पर सुधीर ने मेरी पुत्री को धमकाकर गलत काम किया और नन्हीं ने वीडियो बनाया। मेरी पुत्री को घर पर छोड़ दिया। उक्त लोगों ने दोबारा उसी जगह पर चलने का दबाव बनाया और वीडियो वायरल करने की धमकी दी। घटना की जानकारी मेरी पुत्री ने मुझे दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता प्रदीप सिंह, विकास कटियार की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश डॉ0 अनिल कुमार सिंह ने सुधीर वर्मा, नन्हीं को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 23 सितंबर की तिथि नियत है।

# युवक का शव घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम


रोते बिलखते मृतक के परिजन

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पुणे में प्राइवेट कंपनी में नौकरी करने गए युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसका शव घर आते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली मोहम्मदाबाद के अंतर्गत ग्राम कबीर नगर निवासी 20 वर्षीय कन्हैया पुत्र रामबाबू पुणे में नौकरी करता था। बीते 14 सितंबर को शाम लगभग 5 बजे उसने अपने कमरे में पड़ी टीन शेड में लोहे के पाइप में चादर का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने उसके शव का पुणे में ही पोस्टमार्टम कराया। जिसके बाद उसका शव पुणे से पैतृक गाँव लाया गया। शव आते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के पिता रामबाबू मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण करते हैं। मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटा था। मृतक का बड़ा भाई अमित कुमार 30 वर्ष, सचिन कुमार 25 वर्ष है तथा दो बहनों की शादी हो गई है। जो सजनी 23 वर्ष व काम 18 वर्ष हैं। मृतक की माता शशि देवी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।


मृतक का फाइल फोटो


आवास विकास कालोनी में भरा पानी

## जलभराव की समस्या से जूझ रहे पॉश कालोनी आवास विकास के वाशिंदे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नगर की पाश कॉलोनी कही जाने वाली आवास विकास कॉलोनी इन दोनों गंदगी और जल भराव से जूझ रही है। नाला जाम है, इस कारण सड़क पर पानी भरा हुआ है। निवासियों को गंदे पानी से होकर निकलना पड़ रहा है। वहीं छोटे-छोटे बच्चे इस भारी मौसम में गंदे पानी से होकर निकल रहे हैं, तो उनमें रोग फैलने की संभावनाएं बढ़ रही हैं। आवास विकास कॉलोनी का सेक्टर नंबर-1 जिसमें नाला जाम होने के कारण पानी ओवरफ्लो होकर चल रहा है और सड़कों पर पानी भर गया है। नगर पालिका से कई बार शिकायत की गई, लेकिन पालिका बेखबर बनी हुई है। मासूम बच्चे स्कूल जाने के लिए इधर से निकलते हैं। यहां पर लगे नल की सफाई भी नहीं हो पा रही है। तत्कालीन नगर मजिस्ट्रेट दीवाली भार्गव ने आवास विकास में अतिक्रमण अभियान चलाया था, तभी नाला साफ किया गया था। इसके बाद से अब तक नाला साफ नहीं हुआ है और ना ही इधर किसी ने मुड़कर देखा है। जिस कारण से आवास विकास कॉलोनी इन दोनों जल भराव का मुख्य केंद्र बनी हुई है। क्षेत्रीय निवासियों ने नाला साफ करने और जल भराव को समाप्त करने की मांग नगर पालिका से की है।

## वृद्ध का बाथरुम में पड़ा मिला शव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** घर के बाथरूम में वृद्ध का शव पड़ा मिला। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। थाना कादरी गेट के ग्राम खानपुर निवासी 70 वर्षीय सुधीर सिंह गंगवार अविवाहित थे। वह अपने घर में अकेले ही रहते थे। बीती सोमवार की शाम तक वह घर के बाहर देखे गये। सुधीर गंगवार के दिल्ली में रह रहे भाई योगेन्द्र नें उन्हें फोन किया, तो फोन नहीं उठा। जिसके बाद आसपास के लोगों को सूचना मिली। ग्रामीणों नें डायल 112 को फोन किया। सूचना पर कादरीगेट थाने के निरीक्षक राजेश कुमार पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और जाँच की। सुधीर सिंह का शव बाथरूम में पड़ा मिला। निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। प्रारम्भिक जाँच में हृदयगति रुकनें से मौत होना प्रतीत हो रही है।

## खबरें एक नजर में

### बाइक सवार ने महिला को मारी टक्कर, घायल


सीएचसी में भर्ती घायल महिला

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** बाइक सवार ने पैदल जा रही महिला के जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गयी। घायल को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार नवाबगंज के बरतल निवासिनी बिट्टन देवी पत्नी बेचेलाल कायमगंज किसी काम से गई हुई थी। वापस आते समय देवेश कुमार पुत्र अशोक कुमार निवासी हजरतपुर थाना कायमगंज शराब के नशे में मोटरसाइकिल चला रहा था। जिसने महिला के जोरदार टक्कर मार दी। जिससे महिला का एक पैर फैक्चर हो गया। परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर उसे राम मनोहर लोहिया हॉस्पिटल के लिए रेपर कर दिया गया। टक्कर मारने वाले व्यक्ति देवेश कुमार पुत्र अशोक कुमार निवासी हजरतपुर को पकड़ लिया गया।

### हंस गिरी सांझी महोत्सव ने निकालीं एक दर्जन झांकियां


नगर के मुख्य मार्गों से निकलती झांकी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** पितृपक्ष के दौरान संपन्न होने वाले सांझी महोत्सव के आठवें दिन हंस गिरी सांझी कमेटी ने तीन झांकियों के अलावा एक दर्जन झांकियां निकालीं। इस दौरान युवाओं की टोली ने छावा फिल्म में दर्शाए गए छत्रपति संभा जी महाराज के घायलावस्था में जंजीरों में बंधे दृश्य का चित्रण प्रस्तुत किया। कलाकारों के अभिनय को दर्शकों ने जमकर सराहा। जय भवानी के जयकारों से नगर गूंज उठा। इसके अलावा बरसों बाद लैला मजनूं फिल्म के गीत कोई पत्थर से न मारे मेरे दीवाने को, गीत पर सड़क पर जंजीरों में बंधे पात्र के अभिनय की लोगों ने प्रशंसा की। वहीं एक ट्रैक्टर पर नर्तकी के साथ युवक के फूहड़ नृत्य की निंदा भी की। झांकियों में कृष्ण का सखियों संग डांडिया नृत्य विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। झांकियों में भगवान विष्णु के अवतारों का प्रदर्शन किया गया। सोमवार देर रात सांझी यात्रा के दौरान पुलिस भी भ्रमण करती रही।

### बाइक पर बैठे युवक को मारी टक्कर, मौत


मृतक का फाइल फोटो

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गांव नुनवारा गयपुर निवासी असद जमाल उम्र 30 वर्षीय पुत्र अखलीम बाइक द्वारा कम्पिल-कायमगंज मार्ग पुलिया के पास बाइक खड़ी करके मोबाइल चला रहा था। उसी दौरान कम्पिल की ओर से आ रहे बाइक चालक सचित्र उम्र 22 वर्षीय पुत्र बृजेश निवासी समोचीपुर थाना शमशाबाद से जोरदार टक्कर हो गई। जिससे वह रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही असद जमाल के परिजन मौके पर पहुंचे और उसे तुरंत फर्रुखाबाद के एक निजी अस्पताल ले गए। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वही घायल सचित्र को घायल अवस्था में आसपास के लोग कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लाए। जहॉं प्राथमिक उपचार के बाद उसे फर्रुखाबाद लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। असद जमाल शव को घर ले आए। शव घर पहुंचते ही कोहराम मच गया। आसपास के ग्रामीणों की भी भारी भीड़ लग गई। मां फरजाना, भाई चांद मियां, शीलू, अरशद और बहनों का रो-रोकर बुरा हाल था। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# मछली पकड़ने गये युवक का बाढ़ के पानी में उतराता मिला शव

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**

घर से मछली पकड़ने की बात कहकर निकले युवक का शव ग्रामीणों को बाढ़ के पानी मे उतराता मिला। मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया। मौके पर पहुंची पुलिस नें जांच पड़ताल कर शव पीएम हेतु भेज दिया।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव बहबलपुर निवासी गिरीशचंद्र का 34 वर्षीय पुत्र रवि का शव मंगलवार सुबह ग्रामीणों ने गांव से करीब पांच सौ मीटर की दूरी पर स्थित शमशान घाट के निकट बाढ़ के पानी मे मछली पकड़ने वाले जाल में उतराता मिला। शरीर पर घाव के निशान थे। ग्रामीणों नें मामले की सूचना स्वजनों को दी। मौत की खबर मिलते ही स्वजनों मे कोहराम मच गया। मृतक की माँ निर्मला देवी का रो-रोकर बुरा हाल हो रहा था। स्वजनों के अनुसार रवि दो दिन पूर्व मछली पकड़ने की बात कहकर घर से गया था। मृतक रवि 5 भाइयो मे सबसे बड़ा था। मृतक के दो बहिनें भी हैं। मौके पर पहुंची पुलिस नें जांच पड़ताल कर शव पीएम हेतु भेज दिया है। थाना प्रभारी कपिल चौधरी ने बताया शव पीएम हेतु भेज दिया गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।


मौके पर मौजूद लोग

# दलित युवक की हत्या के मामले में एक दोषी करार

- सजा पर सुनवाई के लिए 23 सितंबर की तिथि नियत
- विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र किया दाखिल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

दलित युवक की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या करने के मामले में अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश एस0सी0/एस0टी0 न्यायाधीश अभिनितम उपाध्याय ने अनिल यादव पुत्र स्व0 रामेश्वर निवासी आमिलपुर थाना मऊदरवाजा को हत्या के मामले में दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया।

सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 23 सितंबर की तिथि नियत की गयी है। बीते लगभग चार वर्षों पूर्व थाना मऊदरवाजा के मोहल्ला रकाबगंज निवासी शारदा पत्नी सुभाष गिहार ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि मेरा लड़का 27 सितंबर 2021 को समय करीब 3 बजे दिन में घर से दिलदार निवासी ढुइयां के घर पर उधारी के रुपये लेने गया था। दिलदार के घर पर न मिलने के कारण शिवा वापस घर आ रहा था। जब शिवा चुंगी के पास आया, तो उसने अपने फोन से राजा पुत्र विक्रम को फोन किया, तो तुरंत राजा व अनूप स्कूटी से शिवा के पास गए, तो उनके सामने अजय, सुशील, अनिल यादव ने सुरेश गिहार के कहने पर तमंचे से शिवा पर जान से मारने की नियत से फायर किए और प्रदीप, शनि, अनुज, सोनू ने भी फायरिंग की। जिसके कारण शिवा की मृत्यु हो गईष। घटना चार बजे दिन की थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया।

बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता हरनाथ सिंह, अनुज कटियार की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश अभिनितम उपाध्याय ने अनिल यादव दलित युवक की हत्या के मामले में दोषी करार दिया। प्रवीण उर्फ नीलू यादव आर्म्स एक्ट में दोषी करार दिया। सजा पर सुनवाई के लिए 23 सितंबर की तिथि निहित है। साक्ष्य के अभाव में सुशील, अजय, अनुज, सोनू, प्रदीप, सनी को दोष मुक्त किया गया।

# सीएचसी में दोपहर तक नहीं पहुंचे चिकित्सक, कई मरीज मायूस लौटे

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

सरकार एक ओर जहां जनता को बेहतर चिकित्सीय सुविधायें मुहैया कराने का हर सम्भव प्रयास कर रही है, वहीं दूसरी ओर उसके ही कर्मचारी सरकार की मंशा पर पानी फेरते नजर आ रहे हैं। मंगलवार को सीएचसी में दोपहर तक कोई भी चिकित्सक नहीं पहुंचा। जिससे कई मरीज मायूस होकर अपने-अपने घरों को लौट गये।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को दोपहर 12 बजे तक कोई चिकित्सक नहीं पहुंचा। अस्पताल में एक्सरे कक्ष, इमरजेंसी कक्ष, दंत चिकित्सा कक्ष और ओपीडी कक्ष के दरवाजों पर बाहर से कुंडी लगी थी। अधीक्षक कक्ष का गेट खुला था, लेकिन वहां कोई मौजूद नहीं था। गांव उखरा की रामकली कुत्ते के काटने का रैबीज इंजेक्शन लगवाने के लिए पर्चा बनवाकर बाहर बैठी रहीं। उन्हें सिरिंज मेडिकल स्टोर से खरीदने को कहा गया। आयुष चिकित्सक जसवीर सिंह और एलटी सुनील शुक्ला बाद में अस्पताल पहुंचे। फार्मासिस्ट सर्वेश श्रीवास्तव ने 10 बजे औषधि कक्ष खोला। कस्बा निवासी रामकिशोर, अजय कुमार और गांव कोकापुर से आए अंशु कुमार व सुषमा देवी समेत कई मरीज चिकित्सक का इंतजार करते रहे। मजबूरी में मरीजों को झोलाछाप और निजी चिकित्सकों का सहारा लेना पड़ रहा है।

इमरजेंसी में डॉक्टर को फोन कर बुलाया जाता है। सीएमओ डॉक्टर अवनींद्र कुमार से संपर्क नहीं हो सका। अधीक्षक डॉक्टर लोकेश शर्मा के अनुसार डॉक्टर गौरव राजपूत की ड्यूटी थी, जो तबीयत खराब होने के कारण देर से पहुंचे। यह आज का मामला नहीं है, अक्सर यहां पर यही हालात देखने को मिलते हैं। जिससे क्षेत्रीय जनता में काफी रोष है।


खाली पड़ा अधीक्षक का कक्ष

## अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू रक्षा मंच की महिला कार्यकारिणी का हुआ गठन


कार्यक्रम के दौरान नवगठित कार्यकारिणी व जिला पंचायत अध्यक्ष आदि

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। मसेनी स्थित कुसुम बैंकेट हाल में अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू रक्षा मंच की महिला मोर्चा टीम की घोषणा जिलाध्यक्ष डॉ. निधि मिश्रा ने की। मुख्य अतिथि के के रूप में पहुंची जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव, कानपुर मण्डल अध्यक्ष पुष्पा तिवारी, महिला राष्ट्रीय सचिव बविता पाठक, प्रीति तिवारी ने नवगठित महिला टीम को बधाई प्रेषित की। इस दौरान बबिता पाठक ने कहा की नारी शक्ति आज संगठित होकर आगे बढ़ रही है। मोनिका यादव ने नारी शक्ति के लिए हमेशा तात्पर्य रहने के लिए कहा। उन्होंने कहा की महिलाएं लगातार तरक्की कर रही हैं। इस दौरान आचार्या विवेकानंद, प्रीति तिवारी, रामवीर चौहान, अनिल तिवारी, मीरा सिंह, रागिनी त्रिवेदी, आलोक, हर्षित मिश्रा, गौरव सक्सेना, विकास गुप्ता आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन शिवम दुबे ने किया।

# भाकियू लोक शक्ति ने समस्याओं को लेकर बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के जिला अध्यक्ष अली कायम ने दर्जनों पदाधिकारियों की समस्याओं को लेकर ब्लाक परिसर में पहुँचकर खण्ड विकास अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा है कि ब्लाक में लगे प्राइवेट कर्मचारी खुलेआम ग्रामीणो को लूट रहे है इन्हें तत्काल हटाया जाये, परिषदीय स्कूलों का हाल बेहाल है, वहां न ही शिक्षण कार्य हो रहा है न ही पौष्टिक भोजन मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में अपात्रों को लाभ दिया जा रहा है। मनरेगा योजना का सही लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है। शौचालय बनवाने में अपात्रों को लाभ दिया जा रहा है। ग्राम पंचायतों में पानी की टंकी बनाई गई है, पाइप लाइन बिछाई गई है। इससे ग्रामीण को दिक्कत है। वहीं पाइप लाइन टूट गई है जिससे हालात बदतर हो गए हैं। किसान नेताओं ने कहा कि परिवार रजिस्टर में नाम जुड़वाने के नाम पर दो सौ रुपए प्रति यूनिट लिया जा रहा है। इसके बाद भी चक्कर लगवाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि कन्या सुमंगला योजना का लाभ आम आदमी तक नहीं पहुंच रहा हैं। शिकायत करने पर भी जिम्मेदारों द्वारा समस्याओं का निस्तारण नहीं किया जा रहा है। स्वच्छ भारत अभियान के तहत हर गांव में सफाई कर्मी तैनात हैं, लेकिन सफाई कार्य नहीं हो रहा है।

किसान नेताओं ने ब्लाक परिसर में किसान भवन बनवाने की मांग की। इस संबंध में किसान नेताओं ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर राजू, संजीव कुमार, किशनपाल, कुलवीर सिंह, रिजवान अली, मुकेश शर्मा, सेवकराम, पेशकार, सज्जाद कुमार, सूरज सिंह, गयास सिंह, गोविंद सिंह, विनीता, वीरेंद्र शाक्य, अरविंद कुमार, माया, नवाब सिंह, रणवीर सिंह, इश्तियाक खाँ, शहरोज अली, हरीमोहन आदि मौजूद रहे।


बीडीओ को ज्ञापन सौंपते किसान नेता

# नाबालिक बच्ची से छेड़छाड़ करने वाले तांत्रिक पर मुकदमा दर्ज


पुलिस हिरासत में तांत्रिक

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने नाबालिक पुत्री के साथ छेड़छाड़ करने तांत्रिक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया। दी गयी तहरीर में कहा कि गांव का ही तांत्रिक अनिल कुमार श्रीवास्तव पीड़िता की पुत्री के पेट में दर्द को खत्म करने के उपाय को करने के लिए दिनांक 15 सितंबर को लगभग शाम 7:30 बजे घर से लगभग 500 मीटर दूर खेतों में पीपल के पेड़ के पास ले गया। पीड़िता की पुत्री के साथ पुत्र भी गया था। तांत्रिक ने पुत्र से अपनी बहन के सर से सात बार दीपक उतारकर दीपक के साथ 21 बार पीपल के पेड़ की परिक्रमा करने को कहा। जब नाबालिक लड़की का भाई पीपल की परिक्रमा कर रहा था, तभी पीपल से दूर बैठी लड़की के साथ तांत्रिक ने गलत तरीके से टच किया तथा उसके साथ छेड़छाड़ की। उसकी आवाज सुनकर पीड़िता के भाई ने तांत्रिक को पकड़ लिया तथा डायल 112 के इंचार्ज को सूचना दी। मौके पर पहुंची डायल 112 व चौकी इंचार्ज तांत्रिक को पकड़कर थाने ले आए। कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार शुक्ला ने बताया कि तहरीर के आधार के अनुसार मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। पीड़िता का मेडिकल व बयान दर्ज करवा लिए गए हैं। आरोपी तांत्रिक से पूछताछ कर जेल भेजा जायेगा।

## गैंगेस्टर के मामले में दो सगे भाइयों सहित चार युवकों पर दोष सिद्ध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विशेष गैंगेस्टर एक्ट रितिका त्यागी ने असलम, अरशद उर्फ टिंचू पुत्रगण आलम शेर, अलाउद्दीन पुत्र शहाबुद्दीन निवासीगण नगला रखा देवी कोतवाली फतेहगढ़, मुकीम पुत्र हनीफ निवासी दाईपुर थाना कन्नौज को दोषी करार दिया बीते 23 वर्षों पूर्व कोतवाली फतेहगढ़ के तत्कालीन थानाध्यक्ष प्रेमपाल सिंह ने असलम, अरशद, अलाउद्दीन, मुकीम के विरुद्ध समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम वर्ष 1986 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसकी विवेचना कर रहे विवेचक ने साक्ष्य के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता शैलेश सिंह परमार की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश रितिका ने असलम, अलाउद्दीन, मुकीम को न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया। अरशद उर्फ टिंचू आज न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं हुए। अरशद के पैरोकार ने शपथ पत्र देकर बताया कि अरशद की पुत्री की तबियत खराब है। इस कारण न्यायालय में उपस्थित नहीं हो सके। न्यायालय ने अरशद के विरुद्ध गैर जमानतीय वारंट जारी कर दिया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 20 सितंबर की तिथि नियत है।

# तुलसीदास ने पग-पग पर मानस में दिया संदेश: कुमारी आस्था शर्मा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पांडेश्वर नाथ मंदिर में 37वें मानस सम्मेलन में विदुषी संध्या दीक्षित (दतिया-मध्य प्रदेश) जनकपुरी नगर दर्शन में पुष्प वाटिका गौरी पूजन भक्ति मय सीता प्रभु राम (ब्रहम) लघु भ्रता लक्ष्मण (बैराग्य) गोस्वामी तुलसीदास ने अध्यात्मिक दर्शन की ज्ञान की पराकाष्ठा धनुष यज्ञ राम राजा जनक की चिंता अतीत काल की विषम परिस्थितियों चुनौतियां और उनका समाधान मानस के अंत में मिलता है, मानस विदुषी ने अपने विचार व्यक्त किया।

झांसी से आई कुमारी आस्था शर्मा मानस के अंत से अपने विचार गुरु विश्वामित्र की चिंता राक्षसों का आतंक उनसे ऋषियों मुनियों की रक्षा हेतु श्रीराम लक्ष्मण को शस्त्र शास्त्र की शिक्षा देना और उनकी मुक्ति का आधार बनाया। साथ ही साथ गुरु शिष्य की परंपरा में धर्म की स्थापना, अधर्म को नष्ट करने के उपाय में गुरु की महत्व मिलता हैं। गुरु मात-पिता की सेवा सम्मान करना गोस्वामी तुलसीदास ने पग-पग पर मानस में संदेश दिया। छत्तीसगढ़ दुर्ग से पंडित पीला राम ने जनकपुरी में राजा जनक योगी है ज्ञानी है कुशल राजा संचालक हैं। उनकी चिंता का समाधान मानस में गोस्वामी तुलसीदास ने किया वे अवधि एवं ब्रजभाषा के शुद्ध शिल्पी है। मानस के गूढ रहस्य को उजागर किया। झांसी से आए रामायणी अरुण गोस्वामी ने मानस में श्रीराम कथा के चार स्थान अयोध्या काशी प्रयागराज और चित्रकूट जहां प्रभु राम की कथा की पवित्र स्थान है। उन्होंने प्रयागराज की महिमा जहां प्रभु राम लक्ष्मण सीता का निवास है, इसलिए संपूर्ण तीर्थ का स्थान तीर्थराज कहा गया, जहां गंगा जमुना सरस्वती का संगम है। ऐसे पवित्र स्थान की महिमा महर्षि भारद्वाज और यज्ञ बल के संवादों से व्याख्या की। सम्मेलन संयोजक डॉ0 रामबाबू पाठक ने अपने विचार व्यक्त करते हुए मानस में सुमित्रा आध्यात्मिक शक्ति ईश्वर उसके साथ है।

वहीं दूसरी माता कैकई ज्ञान की प्रतीक है, उनके पुत्र लक्ष्मण साधना सेवा के भाव से श्री राम के साथ रहते हुए कर्तव्य पालन सुमित्रा माता के संस्कारों का मनोवैज्ञानिक आध्यात्मिक विचारों से अवगत कराया। श्री राम कथा को गीत संगीत आध्यात्मिक के साथ मानस के विचारों को विद्वानों ने अध्यात्मिक नगर बना दिया। इस मौके पर सर्वेश अवस्थी, अशोक रस्तोगी, आलोक गौड़, सदानंद शुक्ला, रवि अवस्थी, विशेष पाठक, हर्षित, अपूर्व, मयंक, वरुण, विकास, अमर, आकाश, सुजीत पाठक बंटू ने प्रसाद व्यवस्था संभाली। संचालन रामेंद्र नाथ मिश्रा ने किया।



कथा में प्रवचन करते डॉ. रामबाबू पाठक

# समग्र शिक्षा के तहत ब्रास बैंड प्रतियोगिता आयोजित

## बालिका वर्ग में कनोडिया व बालक वर्ग सरस्वती विद्या मंदिर रहा प्रथम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समग्र शिक्षा के अंतर्गत महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में जिला स्तरीय ब्रास बैंड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में मदन मोहन कनोडिया बालिका इंटर कॉलेज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में सरस्वती विद्या मंदिर श्याम नगर ने प्रथम, सरस्वती शिशु मंदिर सेनापति ने द्वितीय तथा सरस्वती विद्या मंदिर जेएनवी रोड फतेहगढ़ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

बैण्ड प्रतियोगिता की संयोजक प्रधानाचार्य दीपिका राजपूत ने बैंड प्रतियोगिता संचालन का निरीक्षण किया। प्रतियोगिता की नोडल व क्रीड़ा प्रभारी आरती यादव ने प्रतियोगिता की व्यवस्था का दायित्व निर्वह्न किया। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागी विद्यालयों के शिक्षक सुनीता पांडे, कविता चौहान, सत्य प्रकाश मिश्रा एवं आकाश श्रीवास्तव ने छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन किया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में ऋचा तिवारी, गरिमा पांडे उपस्थिति रहीं। प्रतियोगिता में अर्चना गुप्ता, मोनी चौहान, अल्पना द्विवेदी ने सहयोग प्रदान किया। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।



प्रमाण पत्र के साथ विजेता

# एलवाई डिग्री कालेज में एड्स व पोषण विषय पर कार्यक्रम सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

लक्ष्मी यदुनंदन महाविद्यालय कायमगंज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में प्राचार्य प्रोफेसर विनय कुमार सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा महाविद्यालय में एसआईवी एड्स और पोषण विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें एचआईवी काउंसलर दीक्षा कटियार ने संक्रामक बीमारी एड्स के लक्षण, कारण इसके हानिकारक प्रभाव और एड्स क्या है, कैसे होता है, ऐसे संक्रोमक बीमारी से कैसे बचा जा सकता है पर विस्तार से चर्चा की। समन्वयक हेमलता गंगवार ने कहा कि स्वस्थ शरीर के लिए पौष्टिक आहार लेना अति आवश्यक होता है। किशोरावस्था में पोषण पर विशेष ध्यान देना चाहिए। पौष्टिक आहार के लिए हमारे खाने की थाली में क्या क्या होना चाहिए। जिससे कार्बोहाइड्रेट प्रोटीन वसा अन्य आवश्यक खनिज हमारे शरीर को मिले और हम स्वस्थ रहें, ऐसे अनाजों के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही यह भी बताया कि स्वस्थ रहने के लिए स्वच्छता को अपनाना पड़ेगा। सभी छात्रों के बीच यौन संचारित रोग एचआईवी और संतुलित पोषण से संबंधित पंपलेट भी वितरित किए गए। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र मिश्रा, डॉ. मनीषा सक्सेना, डॉ. आरती दुबे, डॉ. मिताली, डॉ. बृजेश वर्मा, अभिषेक कुमार सिंह, डॉ. देवेंद्र कुमार, डॉ. आशीष तिवारी, अरविंद यादव, दिनेश आदि शिक्षक उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में मौजूद छात्रायें व अन्य



बैठक लेते डीएम

# स्वस्थ महिला सशक्त परिवार पखवाड़े को लेकर डीएम ने ली बैठक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में स्वास्थ विभाग एवं आईएमए के संयुक्त तत्वाधान में स्वस्थ महिला सशक्त परिवार पखवाड़े को सफल बनाने हेतु बैठक सम्पन्न हुई। प्राइवेट चिकित्सिकों एवं विशेषज्ञों की उपलब्धता पर चर्चा हुई। पखवाड़े में ब्लॉक स्तर पर विशेषज्ञ डॉक्टर्स द्वारा स्वास्थ्य कैम्प आयोजित किये जायेंगे। आईएमए ने आश्वस्त किया कि उनके बैनर पर पूर्ण सहयोग किया जाएगा तथा आयोजित होने वाले समस्त चिकित्सकों की पूर्ण उपलब्धता रहेगी। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, आई.एम.ए. अध्यक्ष, डॉक्टर्स व संबंधित उपस्थित रहे।

# वॉलीबॉल व योग प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने जीते मेडल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

स्वर्गीय ब्रह्मद द्विवेदी स्टेडियम फतेहगढ़ में परिषदीय विद्यालयों की छात्र-छात्राओं की वॉलीबॉल एवं योग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में समस्त विकास क्षेत्र की छात्र-छात्राओं की टीमों ने भाग लिया। वॉलीबॉल प्रतियोगिता के बालक वर्ग में फाइनल मैच शमशाबाद व मोहम्मदाबाद के बीच हुआ।

जिसमें शमशाबाद की टीम मुकाबला जीत कर विजेता रही। बालिका वर्ग में मोहम्मदाबाद विजेता व शमशाबाद उपविजेता रही। योगासन प्रतियोगिता बालक वर्ग में बढ़पुर विजेता एवं शमशाबाद उपविजेता रहा। बालिका वर्ग योगासन में बढ़पुर टीम विजेता एवं मोहम्मदाबाद टीम उपविजेता रही। पदक विजेता खिलाड़ियों को जिला व्यायाम शिक्षक संजीव कटियार में मेडल पहनाकर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर अतुल कटियार, अरुण यादव, मनीष यादव, संजीव कुमार, आलोक यादव, अवधेश कुमार सिंह, उमा रानी, नीतू सिंह, नवीन कुमार, अभिषेक शाक्य, अभिषेक कुमार, पुष्पराज सिंह आदि लोग मौजूद रहे।



मेडल के साथ विजेता खिलाड़ी

## खबरें एक नजर में

### बैंक द्वारा प्रा.वि. नगला पूठा को उपलब्ध कराया गया फर्नीचर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्राथमिक विद्यालय नगला पूठा मोहम्मदाबाद में आईडीबीआई बैंक द्वारा बच्चों के बैठने के लिए समाजिक कार्य के अन्तर्गत फर्नीचर उपलब्ध कराया गया। विद्यालय में उद्घाटन समारोह का प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष भूपेश पाठक ने फीता काटकर उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि भूपेश पाठक ने समाजिक कार्य की सराहना की और छात्रों को पढ़ाई बेहतर ढंग से करने के लिए प्रेरित किया। जिला मंत्री प्रवेश सिंह राठौर ने कहा कि बैंक के इस कार्य से छात्र संध्या में वृद्धि होगी। आईडीबीआई बैंक के शाखा प्रबंधक ने कहा कि अतिआवश्यकता वाले विद्यालयों में समाजिक कार्य के लिए हमेशा तत्पर रहते है। इस मौके पर शिक्षक अमित कुमार, संजय कुमार, शिवम माथुर, रामानंद, धर्मेन्द्र कुमार, वीना कठेरिया, आलोक सिंह आदि लोग मौजूद रहे।



कार्यक्रम को सम्बोधित करते भूपेश पाठक

### रामलीला मण्डल ने स्वरुपों का किया पूजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रामलीला मण्डल का विधि विधान से हवन पूजन के साथ शुभारम्भ हुआ। सरस्वती भवन में हवन पूजन के बाद स्वरुपों का तिलक लगाकर पूजन हुआ। अध्यक्ष लालजी टंडन, उपाध्यक्ष रमन सारस्वत व मंत्री दीपक सक्सेना ने पूजन किया। हवन पूजन के दौरान व्यवस्थायें विजय दुबे उर्फ मटर लाल ने देखी। रामलीला मण्डल के स्वरुपों ने गंगा स्नान कर हनुमान गढ़ी के दर्शन किये। सांसद ने पहुंचकर भाग लिया। इस मौके पर अशोक मिश्रा, संजय गर्ग, धीरेन्द्र सारस्वत, प्रदीप कुमार गुप्ता, विवेक मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।



हवन पूजन में मौजूद पदाधिकारी

### लोहिया अस्पताल में फल वितरण आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिवस पर भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल द्वारा लोहिया अस्पताल में मरीजों को सुबह 10:30 बजे फल वितरित किये जायेंगे। यह जानकारी युवा व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष संदेश अग्रवाल ने दी है।

### विश्व हिन्दू महासंघ की बैठक आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विश्व हिन्दू महासंघ की बैठक बुधवार को 12 बजे बढ़पुर स्थित हिन्दुस्तान होटल के सभागार में सम्पन्न होगी। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति मौजूद रहेगें। साथ ही संगोष्ठी का आयोजन होगा। यह जानकारी जिलाध्यक्ष अनुपम अवस्थी ने दी है।

### खुले में खाद्य पदार्थ बेंचने वालों पर करें कार्यवाही: डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के तत्वाधान में जिला स्तरीय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। डीएम ने निर्देशित किया कि खुले में खाद्य पदार्थ बेचने वालों के चालान किये जाये, आगामी त्यौहारों के मद्देनजर प्रवर्तन की कार्यवाही की जाये। खाद्य विभाग द्वारा बताया गया कि 22 सितंबर से 01 अक्टूबर व 11अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक अभियान चलाया जायेगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक व संबंधित मौजूद रहे।

# टीईटी परीक्षा अनिवार्यता का शिक्षकों ने किया विरोध

▸ प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अवनीश चौहान व जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ला के नेतृत्व में बड़ी संख्या में शिक्षकों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर टीईटी अनिवार्यता के विरोध में प्रधानमंत्री सम्बोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा।

दिये गये ज्ञापन में दर्शाया गया कि प्रदेश में 2011 से नियुक्त पूर्व शिक्षकों को सेवा में रहने एवं प्रोन्नति हेतु टीईटी की अनिवार्यता लागू करने का आदेश जारी किया गया है। जिसका हम शिक्षक साथी विरोध करते है। बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट पहुंचकर शिक्षकों ने विरोध किया। माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष लालाराम दुबे व नरेन्द्र सिंह सोलंकी के अलावा शिक्षक नेता सत्येन्द्र सिंह व रजनीश शिवा ने भी धरना प्रदर्शन में भाग लिया और टीईटी अनिवार्यता का विरोध किया। बाल शिक्षा अधिकारी अधिनियम 2009 प्रभावी किया गया है। इस अधिनियम की धारा 23 के अन्तर्गत प्रभाव में आने की तिथि एवं उसके पश्चात नियुक्त शिक्षकों की भर्ती हेतु न्यूनतम अर्हताएं निर्धारित की गई है। सभी शिक्षकों ने एक साथ टीईटी अनिवार्य परीक्षा का विरोध किया और अध्यादेश को वापस लेने की मांग की। उच्चतम न्यायालय को दिये गये निर्णय पर सरकार अपना बीच का रास्ता निकाले और अध्यापक पात्रता परीक्षा आदेश को निरस्त करें। इस आदेश से लाखों शिक्षकों के परिवार संकट में है। दो साल के अंदर परीक्षा नहीं पास की तो नौकरी जाने का भय शिक्षकों में व्याप्त है। ऐसे में सभी शिक्षक चिंतित व आक्रोशित है। इस आंदोलन के माध्यम से मांग की है कि इस आदेश को निरस्त किया जाये। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अवनीश चौहान, जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ला, प्रदीप पाल, राजेश यादव, अमित मिश्रा, मुन्ना लाल यादव, अजीत यादव, विजय कनौजिया, अमन कुमार, ओम सिंह, गजेन्द्र सिंह, सत्यभामा राठौर, अनुपम मिश्रा, अर्चना सिंह, सत्यम सिंह, गीत प्रीती, जितेन्द्र सिंह, पीयूष कटियार, मधुवाला कटियार, मजहर मोहम्मद खां, इसरार, राजीव वर्मा, मुकेश आदि लोग मौजूद रहे।



नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते शिक्षक

### स्वच्छ सेवा पखवाड़ा में छात्राओं को दिलायी गई शपथ



कार्यक्रम में मौजूद छात्रायें व शिक्षिकायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मदन मोहन कनोडिया बालिका इंटर कालेज में स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के कार्यक्रम में प्रधानाचार्य सुमन त्रिपाठी व नगर पालिका की टीम ने एवं शिक्षिकाओं व छात्राओं को शपथ दिलायी। स्वच्छ भारत मिशन के प्रभारी विजय शुक्ला, प्रोजेक्ट एनालिस्ट स्वच्छ भारत मिशन पुनीत कुमार, कार्यक्रम प्रबंधक स्वच्छ भारत मिशन नगर पालिका धर्मेन्द्र शाह, शिक्षिका पारुल जैन, पूनम शुक्ला, दर्शना शुक्ला व ईको क्लब के सदस्य छात्राओं द्वारा स्वच्छता के महत्व व विशेषताओं को दर्शाया गया। विद्यालय, घर व जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छता के प्रति, जल संरक्षण के प्रति तथा पर्यावरण जैव विविधता संरक्षण हेतु जागरुकता फैलाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों व प्रोजेक्ट रिपोर्ट के माध्यम से जागरुक किया गया। सभी शिक्षिकायें एवं समस्त स्टाफ व छात्राओं ने बढ़-चढ़कर कार्यक्रम में भाग लिया।

### पीएम के जन्मदिन पर आज युवा करेंगे रक्तदान



बैठक लेते जिलाध्यक्ष मौजूद कार्यकर्ता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भाजपा कार्यालय आवास विकास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर स्वच्छता पखवाड़ा, रक्तदान शिविर के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न हुई। 17 सितम्बर बुधवार को डॉ. राममनोहर लोहिया अस्पताल में रक्तदान शिविर 11 बजे होगा। जिसमें प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह भाग लेंगे। जिलाध्यक्ष फतेहचंद्र वर्मा ने सभी युवाओं कर कार्यक्रम को सफल बनाने के निर्देश दिये। इस मौके पर जिला महामंत्री सुनील रावत, जिला उपाध्यक्ष अश्नील दिवाकर, संजीव गुप्ता, कृष्ण मुरारी राजपूत आदि उपस्थि रहे।

# पटेल पार्क में युवा महोत्सव समिति ने तिरंगा लगाने की मांग की

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** युवा महोत्सव समिति के अध्यक्ष संदीप शर्मा व प्रतिनिधि हर्ष दुबे ने देश की आन बान शान का प्रतीक तिरंगा को पटेल पार्क में लगवाये जाने की मांग रखी। संदीप शर्मा ने मंगलवार को लोहाई रोड स्थित नगर पालिका अध्यक्ष के निवास पर पहुंचकर पूर्व एमएलसी मनोज अग्रवाल व ईओ को ज्ञापन सौंपा। साथ ही स्वच्छता की ईओ विनोद कुमार ने सभी को शपथ दिलायी। ज्ञापन में मांग की गई कि पटेल पार्क व टाउनहाल पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के नाम के शिलालेख तथा स्थाई राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लगवाये जाने की मांग की। साथ ही स्टेट बैंक रोड पर नित्य जल भराव की स्थिति को लेकर भी चर्चा हुई। फर्रुखाबाद युवा महोत्सव समिति के अध्यक्ष डॉ0 संदीप शर्मा एवं प्रतिनिधि हर्ष दुबे ने कहा कि देश की शान और प्रीतक तिरंगा झंडा को सार्वजनिक जगह पर लगवाना उचित है, जिससे अपने देश के प्रति कर्तव्यों का निर्वहन और देश की आन, मान, शान को सुरक्षित रखे और गर्व करें कि हम भारतीय हैं।



शपथ दिलाते ईओ मौजूद लोग

### आज नगर में निकाली जायेगी विश्वकर्मा शोभायात्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कोकाश पांचाल ब्राह्मण विश्वकर्मा समिति द्वारा बुधवार 17 सितम्बर को शोभायात्रा का आयोजन होगा। शोभायात्रा सुबह 10:30 बजे अनन्त होटल से शुरु होकर शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए बढ़पुर स्थित विश्वकर्मा मंदिर पहुंचेगी। जहां मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जायेगा। यह जानकारी अध्यक्ष मुन्नालाल शर्मा व ओमप्रकाश शर्मा ने दी है।

# मेडिकल कॉलेज द्वारा 10वीं आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में निकाली गई रैली

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक महाविद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा आम जन में जागरूकता उत्पन्न करने के लिए जागरुकता रैली निकाली गई।

स्वास्थ्य संरक्षक संबंधित स्लोगन के द्वारा आम जन लोगों को जागरूक किया गया। रैली मेजर एसडी सिंह महाविद्यालय परिसर से निकलकर बघार तक गई और वहां उपस्थित लोगों को आयुर्वेदिक जीवन शैली अपनाने व उसके फायदे बताए गए। जागरुकता रैली पुनः महाविद्यालय परिसर वापस आने के बाद डॉ. रीता सिंह, डॉ. नीतू श्री, डॉ.मुकेश विश्वकर्मा एवं डॉक्टर जितेंद्र राय ने विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को आयुर्वेदिक जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। संचालन में डॉ. अरुण पांडे, डॉ. शीलू गुप्ता, डॉ. अरीब हुसैन, डॉ. आनंद बाजपेई ने सहयोग किया। इस मौके पर शिक्षक तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।





रैली में मौजूद चिकित्सक व विद्यार्थी

# हिन्दी पखवाड़ा: हमें अपनी मातृ भाषा से प्रेम करना चाहिए

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रभाषा हिन्दी के प्रेमी आज भी हिन्दी बोलते है। अंग्रेजी भाषा को लोगों ने इतना बढ़ावा दे दिया कि अपनी मातृ भाषा को भूलने लगे हैं, जबकि प्रारम्भिक शिक्षा के बाद उच्च शिक्षा में सभी भाषाओं को पढ़ाया जाता है। इग्लिश मीडियम पद्धति के कारण मातृ भाषा को कमजोर किया गया है। अभी भी समय है कि हम लोग अपनी मातृ भाषा को प्रयोग व उपयोग करें और जनजन तक इस भाषा को पहुंचायें।

**हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में विशेष साक्षात्कार**

संविधान सभा में भी हिन्दी भाषा को प्रथम दर्जा दिया गया है। लोगों को जागरुक होना चाहिये और अपनी मातृ भाषा के प्रति प्रेम करना चाहिये। हर वर्ष 14 सितंबर को हिन्दी दिवस मनाया जाता है। हिन्दी दिवस पर समृद्धि न्यूज समाचार पत्र द्वारा हिन्दी को बढ़ावा देने के लिए लोगों को जागरुक किया गया। लोगों ने अपने साक्षात्कार देकर हिन्दी का प्रेम दिखाया। वहीं इसको हमेशा के लिए जागरुक करने की जरुरत है।

### भारत की मुख्य भाषा हिन्दी, हमें प्रचार-प्रसार की जरुरत: डॉ. सत्येन्द्र



डॉ. सत्येन्द्र कुमार मिश्रा

डीएन डिग्री कालेज के असिस्टेंट प्रो0 हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. सत्येन्द्र कुमार मिश्रा ने बताया कि आज भी सबसे ज्यादा देशों में हिन्दी बोली जाती है। भारत की मुख्य भाषा हिन्दी है। इसे हमें प्रचार प्रसार करने की जरूरत है। हिन्दी प्रेमियों से अपील है कि वह इसका प्रचार प्रसार करें। साथ ही सरकारी व गैर सरकारी विभिन्न कार्यालय व विभागों में हिन्दी में कार्य करने के लिए निर्देशियत किया जाये।

### हम सब मिलकर हिन्दी के प्रति लोगों को करें जागरुक: प्रवेश कटियार



प्रवेश कटियार,

उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल पू0मा0शि0 संघ के जिलाध्यक्ष प्रवेश कटियार ने बताया कि आज भी हिन्दी का विश्व में डंका है। आओ हम सब मिलकर हिन्दी दिवस पर संकल्प लें कि हिन्दी के प्रति लोगों को जागरुक करेंगे और हिन्दी को बढ़ायेंगे। हम हिन्दी है, हिन्दी वतन है हिन्दोस्तां हमारा। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति में कक्षा 1 से कक्षा 5 तक हिन्दी पर जोर दिया गया है।

### मातृ भाषा हिन्दी को राजभाषा बनाने की जरुरत: डॉ. सचिन दुबे



डॉ. सचिन दुबे

स्वामी विवेकानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग स्कूल के डायरेक्टर डॉ. सचिन दुबे ने बताया कि हर साल हम 14 सितंबर को हिन्दी दिवस मनाते है। 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाने की शुरूआत वर्ष 1949 में हुई थी। 14 सितंबर 1949 को भारत की संविधान सभा ने हिंदी को राजभाषा का दर्जा प्रदान किया। आज हमें सबसे ज्यादा हिन्दी का प्रचार-प्रसार कर बढ़ावा देने की जरुरत है।

### मातृ भाषा हिन्दी की महती आवश्यकता को समझे: अनुराग प्रताप सिंह



अनुराग प्रताप सिंह

टी.एस.के.के. पब्लिक स्कूल नारायणपुर के डायरेक्टर अनुराग प्रताप सिंह राठौर ने बताया कि हिंदी भाषा का इतिहास लगभग एक हजार वर्ष पुराना है, आज हम सबको मिलकर हिंदी भाषा के महत्व पर जागरूक करने का प्रयास करना चाहिए, क्योंकि अग्रेजी बोलने वालों को अधिक समझदार माना जा रहा है। मातृभाषा की महती आवश्कता को समझते हुए हमें और अधिक कार्य की जरूरत है।

# धड़ल्ले से चल रहे बिना परमिट व ओवर लोड वाहन, वाराणसी शक्तिनगर मार्ग पर



**अहरौरा (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र वाराणसी शक्तिनगर मार्ग पर सोनभद्र से गिट्टी, बालू बिना परमिट व ओवरलोड वाहन धड़ल्ले से चल रहा है जिससे रोड व राजस्व का हो रहा है। सूत्रों के अनुसार खनन मुंशी बृजेश श्रीवास्तव स्थानांतरण के बाद से ही अवैध वाहन धड़ल्ले से चलना शुरू हो गया है। बृजेश श्रीवास्तव मुंशी के स्थान पर दूसरा मुंशी तो आए लेकिन उन्हें मिर्ज़ापुर ऑफिस में अटैच कर दिया गया। इसलिए अवैध वाहन स्वामी धड़ल्ले से बिना परमिट व ओवरलोड वाहन वाराणसी शक्ति नगर मार्ग पर दौड़ा रहे हैं। वही बीच-बीच में खनन सर्वेयर बृजेश गौतम व जितेंद्र सिंह आदि के द्वारा वाराणसी शक्ति नगर मार्ग पर दौरा किया जाता है लेकिन लोकेशन के माध्यम से वाहन को सुरक्षित जगह पर रोक दिया जाता है। जैसे ही अधिकारी दो-चार घंटे बाद जिला के लिए प्रस्थान करते हैं। पुनः निरंतर अवैध वाहन आवागवन शुरू हो जाता है। जबकि पूर्व में अवैध वाहन पर बृजेश श्रीवास्तव मुंशी के द्वारा लोकल अहरौरा थाना क्षेत्र में निवास कर 24 घंटे रहने से और लगातार मार्ग पर डटे रहने से अवैध वाहन का चलना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन हो गया था। वही क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि ओवरलोड वाहन चलने से वाराणसी शक्ति नगर मार्ग पर अहरौरा से टेंगरा मोड़ जाने पर रास्ते में गड्ढे का अंबार हो गया है जिससे आए दिन दुर्घटना होती रहती है। सूत्रों के हवाले से ज्ञात हुआ कि आरटीओ ओवरलोड वाहन का एंट्री कर धड़ल्ले से चलवा रहे है। रोड पर आरटीओ की मौजूदगी में सैकड़ो की संख्या में प्रत्येक दिन ओवरलोड वाहन गुजर रहा है लेकिन आरटीओ अनदेखा कर रहे है और जिसका एंट्री नहीं है उसे धर दबोच रहे है। जिससे राजस्व की हानि का सामना करना पड़ रहा है।

## प्रसूता ने एंबुलेंस में दिया बच्चे को जन्म गूंजी किलकारी

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय विकास खंड के धमौली गांव निवासी अंसार अली घर के बाहर मुंबई में जाकर के रोजी-रोटी कमाते हैं। घर पर पत्नी जुमरातन उम्र 28 साल गर्भवती है प्रसव पीड़ा होने पर घर वालों ने 108 एंबुलेंस को फोन किया एंबुलेंस मौके पर पहुंची और दर्द से कराह रही जुमरातन को लेकर के हलिया अस्पताल के लिए रवाना हुए। एंबुलेंस जैसे ही गुर्गी गांव के सामने पहुंची वैसे ही बहुत तेज प्रसव पीड़ा जुमरातन को हुई वैसे ही ईएमटी संतोष भारतीय नें भाँप लिया कि परसों डेलिवरी होगी ईएमटी ने तुरंत पायलट देवांश कुमार को गाड़ी किनारे खड़ी करने को कहा उसके बाद संतोष भारतीय ने बहुत सूझबूझ का परिचय देते हुए सुरक्षित प्रसव कराया कुछ ही समय में जुमरातन ने एक सुंदर पुत्री को जन्म दिया। जन्म के बाद एंबुलेंस ले जाकर के हलिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां पर जच्चा बच्चा दोनों सुरक्षित हैं। जुमरातन को पहले से ही तीन पुत्र हैं और एक पुत्री की चाह थी जो कि ईश्वर ने उसकी सारी मन की मुराद पूरी कर दी घर वालों ने भी संतोष भारतीय और देवांश कुमार को धन्यवाद ज्ञापित किया है। वहीं पर डॉक्टर निर्मल ने संतोष भारतीय को शाबाशी दी है।

## ट्रेन से गिरकर सेवानिवृत्त स्टेशन मास्टर की मौत

**चुनार (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के टम्मलगंज के पास रविवार की रात ट्रेन सेगिरकर सेवानिवृत्त स्टेशन मास्टर की मौतहो गई। वह प्रयागराज सेट्रेन मेंसवार होकर ऊंचडीह जानेके लिए निकलेथे। पुलिस नेशव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।प्रयागराज जिलेके मेजा थाना क्षेत्र के हनुमान सहाय के पुरा गांव निवासी 66 वर्षीय हरीलाल राजस्थान मेंस्टेशन मास्टर थे। दो वर्षपूर्वसेवानिवृत्त हुए थे। रविवार को प्रयागराज सेट्रेन मेंसवार होकर ऊंचडीह जानेके निकलेथे, लेकिन चुनार के टम्मलगंज गांव केपास ट्रेन सेगिरकर उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृत वृद्ध के पास मिले मोबाइल नंबर से पुलिस ने उनके घरवालों को सूचना दी। सूचना पर उनके छोटे भाई नन्हेलाल चुनार पहुंचे। उन्होंन शव की पहचान की। बताया कि ट्रेन से कैसे और किन परिस्थितियों में, उसकी गिरकर मौत हुई कोई जानकारी नहीं है। पुलिस ने बताया कि टम्मलगंज स्थित रेलवे ट्रैक किनारे खंभा नंबर 706, 7 के पास शव मिला है। प्रथम दृष्ट्या नींद लगने से वह चुनार पहुंच गए।

# सरपंच संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए ग्राम प्रधान गुर्गी



**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** जिला के हलिया विकास खंड के ग्राम पंचायत गुर्गी के ग्राम प्रधान रमेश कुमार मौर्य पंचायती राज मंत्रालय और पेयजल एवं स्वछता विभाग के तत्वाधान में आयोजित सरपंच संवाद कार्यक्रम में मिर्ज़ापुर का प्रतिनिधित्व किया दिल्ली में सोमवार को बालिका हितैषी जल संरक्षण और विकसित गांव से विकसित भारत आदि विषयो पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल मुख्य अतिथि रहे उन्होंने गाँवो के समग्र विकास पर अपने विचार प्रकट किया। भारतीय गुणवत्ता परिषद कि ओर से राष्ट के विकास में गांवो कि भूमिका को लेकर सरपंचो के हितैषी और समाज में महिलाओ के प्रतिनिधित्व और उनके आगे बढ़ने के लिए अवसर प्रदान करने पर विचार प्रकट किया। उन्होंने कहा की गाँवो के विकास से राष्ट्र का विकास सम्भव है। देश की तरक्की गाँवो पर निर्भर करती है। ऐसे में गाँवो का समग्र विकास जरूरी है उन्होंने कहा की बच्चों का सर्वगीण विकास जरूरी है। उन्होंने आवेदन आमंत्रित किये थे। इसमें उन्होंने आवेदन किया है पुरे जिले से हलिया विकास खंड के एक ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान ने प्रतिनिधित्व किया है। इस संबंध में ग्राम प्रधान रमेश कुमार मौर्य ने बताया कि दिल्ली में आयोजित सरपंच संवाद कार्यक्रम में जिले का प्रतिनिधित्व किया गया है।

## निर्माणाधीन मकान का ताला तोड़कर चोरी

**अहरौरा (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के कन्हईपुर गांव के पास निर्माणाधीन मकान के गेट का ताला तोड़कर चोरों ने हजारों का सामान पार कर दिया है। पीड़ित ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। सत्यानगंज मोहल्ला निवासी ओम प्रकाश गुप्ता ने बताया किकन्हईपुर गांव में मकान का निर्माण करा रहे हैं। मकान में उन्होंने न्हों अपना गोदाम भी बना रखा है। चोर मकान से इनवर्टर, बैट्री, सोलर समेत अन्य सामान चुरा ले गए हैं।

# जय विजय, नारदमोह विश्रवा कैकसी सुमाली संवाद कि प्रस्तुति देख दर्शक हुए भाव विभोर



**चुनार (मिर्जापुर)।** श्री राघवेंद्र रामलीला नाट्य समिति के तत्वावधान में आयोजित किए जा रहे इक्कीस दिवसीय रामलीला में दूसरे दिन सोमवार की रात जय विजय, नारद मोह सुमाली कैकसी संवाद, विश्रवा कैकसी संवाद एवं रावण जन्म लीला का मंचन किया गया। इस दौरान रामलीला प्रांगण में बड़ी संख्या उपस्थित लीला प्रेमियों ने रामलीला मंचन कि प्रस्तुति देख भाव विभोर हो गए। समिति के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत पांडेय ने बताया कि लीला प्रेमियों के समय एवं सुविधाओं का ध्यान रखते हुए समय में परिवर्तन करते हुए सायंकाल साढ़े सात बजे से रामलीला का मंचन शुभारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर अविनाश अग्रवाल, चन्द्रहास गुप्ता, अखिलेश मिश्रा, पवन पांडेय, श्यामू गुप्ता, श्यामसुंदर शाह,बृजनंदन कुशवाहा, अनिल गुप्ता, प्रतीक वैद्य आदि प्रमुख मौजूद रहे।

# ताड़ित चालक यंत्र नहीं लगने से क्षेत्र में आकाशीय बिजली से हो रही जनहानि

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायतों में ताड़ित चालक यंत्र नहीं लगने से आकाशीय बिजली से जनहानि हो रही है। लोग आकाशीय बिजली से जान गंवा रहे है। जिले में सबसे ज्यादा प्रकोप हलिया क्षेत्र में आकाशीय बिजली का है। गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने से लोग अपनी जान गंवा रहे है। स्थानीय ग्रामीणों ने क्षेत्र में आकाशीय बिजली के प्रकोप से बचने के लिए हर ग्राम पंचायत में ताड़ित चालक यंत्र लगवाने की मांग किया है। मतवार न्याय पंचायत व उमरिया न्याय पंचायत पठारी व जंगली क्षेत्र होने के कारण सबसे ज्यादा आकाशीय बिजली से जनहानि हो रही है। आकाशीय बिजली से जनहानि होने पर सरकार द्वारा पीड़ितों को चार लाख रूपये की आर्थिक मदद दैवीय आपदा राहत कोष से दिया जा रहा है। इससे कम पैसे से हर गाँवो में ताड़ित चालक यंत्र लगा दिया जाय तो आकाशीय बिजली से होने वाली जनहानि को रोका जा सकता है। स्थानीय ग्रामीणों ने आकाशीय बिजली से होने वाली जनहानि को रोकने के लिए हर ग्राम पंचायत में ताड़ित चालक यंत्र लगवाने की मांग किया है। समाजिक कार्यकर्त्ता एडवोकेट राकेश सिंह ने कहा की आकाशीय बिजली से होने वाली जनहानि को रोकने के लिए सरकार हर गांव में ताड़ित चालक यंत्र लगा दे तो जनहानि को रोका जा सकता है। बीते सोमवार की शाम आकाशीय बिजली के गिरने से उसकी चपेट में आकर पिता पुत्र की दर्दनाक मौत हो गई है। आये दिन आकाशीय बिजली की चपेट में आकर लोग अपनी जान तक गंवा रहे है।

## पीटीओ ने स्कूली वाहन व दूध वाहन को किया सीज

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** हलिया लालगंज मार्ग बड़गड़ा गांव से मंगलवार की सुबह पीटीओ ने स्कूली वाहन मैजिक व दूध वाहन को पकड़कर दोनों वाहनों को सीज कर हलिया थाना परिसर में खड़ा करा दिया है। पीटीओ महेंद्र पाण्डेय ने हलिया लालगंज मार्ग बड़गड़ा गांव से एक कान्वेंट स्कूल वाहन मैजिक को रोककर चालक से कागजात की मांग किया चालक द्वारा कोई कागजात नहीं दिखा पाने पर वाहन को चालान करते हुए कार्रवाई किया है। इसी मार्ग पर आ रहे दूध वाहन पिकअप वाहन को रोककर पिकअप चालक से कागजात कि मांग किया लेकिन पिकअप चालक से कागजात कि मांग किया लेकिन पिकअप चालक द्वारा कोई कागजात नहीं दिखा पाने पर पिकअप वाहन का चालान करते हुए दोनों वाहनों को हलिया थाना परिसर में खड़ा करते हुए पुलिस को सुपुर्द कर दिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पीटीओ ने स्कूली वाहन मैजिक व दूध वाहन पिकअप को पकड़कर कार्रवाई करते हुए दोनों वाहनों को थाना परिसर में खड़ा कराते हुए सुपुर्द कर दिया है।

## खबरें एक नजर में

### नकली ब्रांडेड सामान का भंडाफोड़

0-हार्पिक, चायपत्ती समेत कई कंपनियों के नकली उत्पाद जब्त



**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** घुघुली थाना क्षेत्र के बल्लो खास गांव में पुलिस और प्रशासन ने संयुक्त कार्रवाई की। एक गोदाम से नकली ब्रांडेड घरेलू सामान बरामद किया गया। छापेमारी में हार्पिक, चायपत्ती, फेवीक्विक और सर्फ एक्सल जैसी नामी कंपनियों के नकली उत्पाद मिले। गोदाम से प्रिंटेड रैपर और पैकिंग सामग्री भी बरामद हुई। इससे स्पष्ट है कि यह गिरोह लंबे समय से नकली सामान बना रहा था। पुलिस के अनुसार बरामद सामान की कीमत लाखों रुपये है। इन नकली उत्पादों की सप्लाई स्थानीय बाजारों के साथ पड़ोसी जिलों में की जाती थी। नेपाल तक इनकी सप्लाई की आशंका है। पुलिस ने माल को जब्त कर लिया है। गोदाम संचालक और अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन की इस कार्रवाई का स्वागत किया है। उनकी मांग है कि ऐसे गिरोहों पर कड़ी कार्रवाई हो। इससे आम उपभोक्ता ठगी का शिकार नहीं होंगे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### कार पलटने से ग्राम पंचायत अधिकारी और ग्राम विकास अधिकारी गंभीर रूप से घायल

समृद्धि न्यूज

**महराजगंज।** जिले में आए दिन हो रहे सड़क हादसों ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। ताजा मामला निचलौल क्षेत्र के ढूठीबारी मार्ग का है, जहां बीते सोमवार को रात करीब 10 बजे एक कार अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दर्दनाक हादसे में दो ग्राम पंचायत सचिव गंभीर रूप से घायल हो गए। निचलौल ब्लॉक में तैनात ग्राम सचिव धीरू यादव और अशोक पासवान सोमवार की रात ढूठीबारी से निचलौल लौट रहे थे। जैसे ही उनकी कार हनुमानगंज चौराहे के पास पहुंची, वाहन तेज रफ्तार में होने के कारण चालक नियंत्रण खो बैठा और कार पलट गई। घटना इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, हालांकि एयरबैग खुलने से दोनों की जान बच गई। सूचना मिलते ही निचलौल थाना पुलिस की पीआरबी टीम मौके पर पहुंची। पुलिस और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। घायलों को तुरंत एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निचलौल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने धीरू यादव का उपचार शुरू कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल अशोक पासवान को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। ग्रामीणों के अनुसार कार की रफ्तार काफी तेज थी। अचानक मोड़ पर नियंत्रण खो जाने के कारण वाहन पलट गया। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी का माहौल रहा। स्थानीय लोगों ने सक्रियता दिखाते हुए घायलों को बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। इस घटना को लेकर थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार वर्मा ने बताया कि हादसे की जांच की जा रही है और आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

### टेट के विरोध में शिक्षकों ने जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को सौंपा भेजा




समृद्धि न्यूज

**महराजगंज।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के आह्वान पर परिषदीय शिक्षकों के लिए टेट की अनिवार्यता के विरोध में बीते सोमवार को प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया। शिक्षक प्रदर्शन करते हुए जिला बेसिक अधिकारी कार्यालय पहुंचे। शिक्षकों का कहना है कि नौकरी करते 20–25 साल हो गए हैं। जब नौकरी दी गई तब हम सभी अर्हताएं पूरी कर रहे थे। अब टेट परीक्षा पास करने को कहा जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट में गलत तथ्य पेश किया गया। इस वजह से शिक्षकों को टेट परीक्षा पास करने का निर्णय आया है। इस निर्णय से पूरे देश के शिक्षकों पर नौकरी का संकट पैदा हो गया है। जिलाध्यक्ष ऋषिकेश गुप्ता ने कहा कि बुजुर्ग शिक्षकों के लिए टेट परीक्षा अनिवार्य करना उचित नहीं। हम लोग सरकार पर दबाव बनाएंगे कि शिक्षकों के सम्मान की रक्षा हो सके। जिला महामंत्री पवन कुमार शुक्ला ने कहा कि गलत तथ्यों के आधार पर सुप्रीम कोर्ट से फैसला आया है और सरकार की तरफ से ठीक से बात नहीं रखी गई। जिला मंत्री अभय दुबे ने कहा कि जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा जा रहा है कि कानून बनाकर शिक्षकों को न्याय दिलाएं। अटेवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष टीपी सिंह ने कहा कि पुराने शिक्षकों को टेट से मुक्त किया जाए। इस दौरान जिला कार्यकारी अध्यक्ष जेडी अंसारी, राकेश अग्रहरी, गिरीन्द्र नाथ मिश्र, अंकुर श्रीवास्तव मौजूद रहे।

# सीमा पर पूर्व की भांति लौटी रौनक

समृद्धि न्यूज

**महराजगंज।** नेपाल के बिगड़े हालात के बाद स्थितियां बहुत ज्यादा अनुकूल हो गई हैं। सीमा पर हिंसक आंदोलन के पहले वाली रौनक करीब-करीब लौट आई है। देशी-विदेशी पर्यटकों की भीड़ दिख रही है। सोनौली स्थित इमीग्रेशन कार्यालय पर जांच के लिए विदेशी नागरिकों की लाइन लगने लगी है। सीमावर्ती भारतीय बाजार नेपाली ग्राहकों से गुलजार हो रहे हैं। सोनौली में नेपाली ग्राहक पहुंच रहे हैं। रोडवेज बस स्टेशन, टेम्पों स्टैंड और बैंकों में भी? देखने को मिल रही है। वहीं बहुत से नेपाली नागरिक काम आदि के सिलसिले में अधिक संख्या में भारत के अनेक प्रांतों के लिए निकल रहे हैं। नौतनवा रेलवे स्टेशन पर भी नेपाली नागरिकों की संख्या देखने को मिल रही है। आंदोलन के दौरान बहुत से नेपाली नागिरकों का कोरियर सोनौली में पड़ा था। इन आफिसों में भी चहल-पहल देखने को मिल रही है। नेपाल में फंसे भारतीयों की संख्या में बहुत कमी देखी जा रही है। अधिकतर पर्यटक भारत लौट आए हैं। वहीं सीमा पर भारतीय और नेपाली सुरक्षा कर्मी सख्त जांच के बाद ही किसी को आने-जाने दे रहे हैं। भारतीय सीमा में पीएसी की एक टुक?ी, एसएसबी और पुलिस ने मोर्चा संभाला है। नेपाल में तेजी से सुधार हो रहा है नेपाल मे माहौल तेजी से सामान्य हो रहा है। कल-कारखाना, दुकानें, फैक्ट्रियां, सरकारी कार्यालय, स्कूल-कॉलेज, प्रतिष्ठान, बैंक सब खुल गए हैं। लंदी दूरी की बसों का संचालन शुरू हो गया है। एयरपोर्ट खुल गया है। हालांकि माहौल बेहतर होने के बाद भी भारतीय पर्यटक अभी काठमांडू और पोखरा जाने से बच रहे हैं। वहीं लुम्बनी, बुटवल, भैरहवा में भारतीय पर्यटक जा रहे हैं। नेपाल के होटल अभी भी खाली है नेपाल के भैरहवा, लुम्बनी में सभी होटल खुले हुए हैं, पर अभी भी खाली हैं। बेलहिया टूर एंड ट्रैवेल के प्रोपराइटर श्रीचंद गुप्ता नें बताया कि अभी समय लगेगा। हांलाकि नेपाल में आंदोलन शांत हो गया है और प्रसाशन सख्त कार्रवाई कर रहा है। आंदोलन के कारण बहुत से भारतीयों ने अपनी बुकिंग कैंसिल करा ली थी। इसकी वजह से अभी पर्यटकों की संख्या में कमी है। भारत के बस बुकिंग वाले अभी तक सीमा के आसपास नेपाल एरिया में बस भेज रहे हैं और काठमांडू, पोखरा सहित नेपाल की लम्बी दूरी के लिए अभी भी बस नहीं भेजी जा रही है। टैक्सी और भैरहवा के लिए सुविधा शुरू हो गया है नेपाल आंदोलन के दौरान भीड़ ने बेलहिया भंसार कार्यालय को जला दिया था। इसके कारण चार दिन काम नहीं हो सका था। अब भैरहवा कस्टम कार्यालय का सिस्टम सब ठीक हो गया है। भंसार में फंसे लगभग सभी मालवाहकों का भंसार कर भेज दिया गया है। वहीं पहले सोनौली में फंसे सैकड़ों मालवाहकों को एंट्री दी गई, फिर भारतीय पर्यटक बसों को। सोमवार से टैक्सी और सुविधा की भी सर्विस शुरू कर दी गई। सीमा पर मालवाहकों का अभी भी चार किमी लंबा जाम सोनौली सीमा पर अभी भी मालवाहकों का चार किलोमीटर लंबा जाम लगा हुआ है।

# पीड़ित परिवार से मिले सपा के वरिष्ठ नेता सुशील कुमार टिबड़ेवाल

समृद्धि न्यूज



**महराजगंज।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता,उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री रहे सुशील कुमार टिबड़ेवाल बीते सोमवार को मुजरी पहुंचे और पीड़ित मदन कुशवाहा व उनके परिवार से मिलने जा पहुंचे। पूर्व मंत्री ने शोक संतपत परिजनों से मुलाकात करके उनको ढांढस बंधाया और अपनी ओर से आर्थिक मदद की। मदन कुशवाहा के परिवार से मुलाकात के बाद मीडिया से बाचतीच में पूर्व मंत्री सुशील टिबड़ेवाल ने कहा कि पित्त की थैली का ऑपरेशन गलत तरीके से किए जाने के चलते युवक की असमय मौत बेहद कष्टकारी और दुखद है। दुख की इस घड़ी में पूरा समाजवादी परिवार पीड़ित परिजनों के साथ खड़ा है। निजी अस्पताल की लापरवाही को गंभीर बताते हुए श्री टिबड़ेवाल ने कहा कि ऑपरेशन में हुई गलती से एक युवा की जान चली गई और परिवार को लगभग 20 लाख रुपये तक वसूले गए। सरकार को इस मामले की गहन जांच कराते हुए दोषी डॉक्टरों पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए और अस्पताल द्वारा वसूली गई भारी-भरकम रकम की भरपाई भी सुनिश्चित करनी चाहिए। वरिष्ठ सपा नेता सुशील टिबड़ेवाल आकाश ने पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद सौंपी श्री टिबड़ेवाल ने कहा कि सपा सदैव गरीबों, किसानों और पीड़ितों के साथ खड़ी रही है। अगर सरकार ने इस परिवार की मदद के लिये कोई ठोस कदम नहीं उठाए तो समाजवादी पार्टी सड़क से लेकर सदन तक लड़ाई लड़ेगी। इस अवसर पर श्री टिबड़ेवाल के साथ सपा जिलाध्यक्ष विद्यासागर यादव, जिला उपाध्यक्ष प्रणव गौतम, विधानसभा अध्यक्ष कैलाश प्रजापति, लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव सतीश यादव, विजय तिवारी, राधेश्याम मौर्या, अमरनाथ यादव सहित तमाम समाजवादी पार्टी कार्यकता मौजूद रहे।

## ऑपरेशन के दौरान युवक की मौत

**समृद्धि न्यूज महराजगंज।** विधानसभा सिसवा के ग्राम सभा मुजरी निवासी मदन कुशवाहा के पुत्र की महराजगंज नगर के एक निजी हॉस्पिटल में इलाज के दौरान मौत का मामला अब भी सुर्खियों में बना हुआ है। ऑपरेशन के पश्चात अस्पताल में युवक की मौत हो गई थी। इस घटना को लेकर क्षेत्र के लोगों में आक्रोश व्याप्त है, वही पीड़ित परिवार में मातम छाया हुआ है।

# गरीब ब्राह्मण परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

0-सपा के पूर्व मंत्री सुशील टिबड़ेवाल ने दी आर्थिक मदद

समृद्धि न्यूज



**महराजगंज।** विधानसभा सिसवा क्षेत्र के ग्राम पंचायत जगदौर में एक दर्दनाक हादसे में एक ब्राह्मण परिवार में एक व्यक्ति की करंट से मौत हो गयी ।रमेश की आक्समिक मौत के बाद इस परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। परिवार के सभी सदस्य घोर निराशा और अवसाद से जूझ रहे हैं, जबकि सरकार की लापरवाही को लेकर जनता में गुस्सा है। रमेश चतुर्वेदी की दर्दनाक मौत और परिवार की माली स्थिति की जानकारी मिलने पर उत्तर प्रदेश सरकार में पूर्व मंत्री रहे सुशील कुमार टिबड़ेवाल बीते सोमवार को पीडति परिवार से मिलने जा पहुंचे। परिवार की दयनीय स्थिति को देखकर सपा के पूर्व मंत्री सुशील टिबड़ेवाल ने मदद के लिए हाथ बढ़ाया और पीडति परिवार को अपनी ओर से मौके पर ही आर्थिक सहायता दी। पीडति परिवार से मिलने पहुंचे समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री टिबड़ेवाल को जब इस बात की जानकारी हुई कि मृतक रमेश चतुर्वेदी का बेटा गंभीर बीमारी से पीडति है और उसका वाराणसी में इलाज चल रहा है। उन्होंने जीर्ण-शीर्ण घर पर मौजूद परिजनों से नंबर मांगा और वाराणसी में रमेश चतुर्वेदी के बेटे के साथ मौजूद पारिवारिक सदस्यों से बातचीत की और हालचाल जाना। उन्होंने पीडति परिवार के सदस्यों को ढांढस बंधाया और फोन पर ही ऑनलाइन 5 हजार रुपए की आर्थिक मदद की। पूर्व मंत्री ने रमेश चतुर्वेदी की करंट से हुई मौत के मामले को लेकर सरकार से किसान बीमा योजना के तहत पाँच लाख रुपये का मुआवजा दिलाने की मांग की।

इसके साथ ही उन्होंने आर्थिक तंगी से जूझ रहे इस परिवार के लिये तत्काल प्रधानमंत्री आवास, शौचालय और अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की भी सरकार से मदद की। टिबड़ेवाल ने कहा कि सपा सदैव गरीबों, किसानों और पीडतिों के साथ खड़ी रही है। अगर सरकार ने इस परिवार की मदद के लिये कोई ठोस कदम नहीं उठाए तो समाजवादी पार्टी सड़क से लेकर सदन तक लड़ाई लड़ेगी। इस अवसर पर श्री टिबड़ेवाल के साथ सपा जिलाध्यक्ष विद्यासागर यादव, जिला उपाध्यक्ष प्रणव गौतम, विधानसभा अध्यक्ष कैलाश प्रजापति, लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव सतीश यादव, विजय तिवारी, राधेश्याम मौर्या, अमरनाथ यादव सहित तमाम समाजवादी पार्टी कार्यकता मौजूद रहे।

# कमरे में फंदे से लटकता मिला युवक का शव


समृद्धि न्यूज



0-गांव में मातम पसरा
पत्नी ने खिड़की से देखा दी पुलिस को सूचना
मौके पर पहुंच पुलिस ने शव का उतरवाया,
पोस्टमार्टम के लिए भेजा,

**महराजगंज।** धानी बाजार में मंगलवार को सतीश अग्रहरी का शव उसके ही घर में फंदे से लटकता हुआ मिला। सतीश सुबह से ही अपने कमरे में था। दोपहर तक जब वह कमरे से बाहर नहीं निकला तो उसकी पत्नी ने कई बार आवाज लगाई, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। शक होने पर पत्नी ने खिड़की से झांक कर देखा तो सतीश कुण्डी से लटकता दिखाई दिया। यह दृश्य देखकर वह सदमे में आ गई घर में चीख पुकार मच। पत्नी की चीख पुकार सुनकर पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे और तुरंत घटना की सूचना पुलिस को दी। धानी चौकी इंचार्ज प्रभारी अरविन्द यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। इसके बाद फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर पूरे कमरे की बारीकी से जांच की। दरवाजा अंदर से बंद था तो पुलिस ने दरवाजे को तोड़कर अंदर घुसी शव को फंदे से उतारा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार सतीश पिछले कुछ दिनों से मानसिक तनाव में था, हालांकि तनाव का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। इस घटना के बाद परिवार और पूरे इलाके में मातम छा गया है। घर पर कोहराम मचा हुआ है और परिजन बेसुध हो गए हैं। सतीश अपने पीछे पत्नी और चार बच्चों को छोड़ गया है, जिनमें तीन बेटियां और एक बेटा शामिल हैं। परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। बृजमनगंज थानाध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की पुष्टि की जाएगी। पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है ताकि यदि किसी प्रकार की साजिश या दबाव की बात सामने आए तो उस पर कार्रवाई की जा सके।

# चारपाई पर सोए युवक की सर्पदंश से मौत



**जिगना (मिर्जापुर)।** थाना क्षेत्र के खैरा गांव के बागजोरावर मजरा में बीती रात सर्पदंश से युवक की मौत हो गई।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गांव निवासी 30 वर्षीय धीरेंद्र कुमार बिंद पुत्र विधि नरायन बीती रात अपने कमरे में गहरी नींद में सो रहा था। मध्य रात्रि में उसकी चीख निकल गई। परिवार वालों ने देखा तो चारपाई पर सांप था। झांड़-फूक के चक्कर में उसे कोलाही गांव ले जाया गया। हालत बिगड़ने पर उसे मंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान पांच बजे भोर में मौत हो गई। थाना प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम केलिए भेज दिया गया है। मृतक हरगढ़ बाजार में एक बाइक एजेंसी में मिस्त्री का काम करता था। वह पांच वर्षीय अभिनंदन चार वर्षीय आयुष,नवजात बेटी का पिता था। दो भाइयों में छोटा था। मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी अर्चना देवीव बच्चों का रोना सुनकर माहौल गमगीन हो गया। परिवार वालों ने बताया कि सांप और उसके बच्चे को डिब्बे में बंद किया गया है। वन कर्मियों को सौंप दिया गया।